

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 कृषि रोड मैप से उत्पादन, उत्पादकता एवं किसान...

सारण जिलाधिकारी ने मैट्रिक परीक्षा के दूसरे ... 07



वर्ष : 13 | अंक : 309 | पटना, गुरुवार, 19 फरवरी, 2026 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# भारतीय नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सर्तक : मुर्मू

प्रात : किरण

विशाखापत्तनम/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विशाखापत्तनम में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा के दौरान कहा कि भारतीय नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने के साथ-साथ व्यापक समुद्री वाणिज्य गतिविधियों की स्थिरता में भी योगदान दे रही है। बंगाल की खाड़ी में भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर सवार होकर विशाखापत्तनम तट पर अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा (इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू. आईएफआर) की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय नौसेना समुद्र में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों और खतरों के खिलाफ रक्षा और प्रतिरोध के एक विश्वसनीय साधन के रूप में क्षेत्र में तैनात है। मुर्मू ने कहा, ह्यभारतीय नौसेना देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पूरी



तरह सर्तक है और व्यापक समुद्री वाणिज्यिक गतिविधियों की स्थिरता में योगदान दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय नौसेना दुनिया भर की नौसेनाओं के साथ सद्भावना को बढ़ावा देने और विश्वास, भरोसे व दोस्ती का सेतु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राष्ट्रपति के अनुसार, विशाखापत्तनम का समुद्री इतिहास गौरवशाली रहा है।

उन्होंने कहा कि आज का आयोजन विशाखापत्तनम के निरंतर नौसैनिक महत्व को रेखांकित करता है। भारतीय नौसेना की पूर्वी नौसेना कमान का मुख्यालय विशाखापत्तनम में स्थित है।

भारत और उसके मित्र देशों की नौसेनाओं के युद्धपोतों के प्रभावशाली बेड़े और नौसैनिकों के प्रदर्शन को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उन्हें बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि आईएफआर समुद्री परंपराओं के प्रति राष्ट्रों के बीच एकता, विश्वास और सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों के जहाज और अलग-अलग देशों के नाविक एकजुटता की भावना का प्रदर्शन करते हैं। मुर्मू ने समुद्रों के साथ भारत के संबंधों पर कहा कि यह संबंध सदियों पुराने, गहरे और स्थायी हैं। उन्होंने महासागरों को भारत के लिए वाणिज्य, संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मार्ग बताया। राष्ट्रपति ने कटक में कार्तिक पूर्णिमा से शुरू होने वाले सप्ताह के दौरान उत्साहपूर्वक मनाए जाने वाले बाली यात्रा उत्सव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह त्योहार वर्तमान ओडिशा के प्राचीन नाविकों के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति है।

उन्होंने रेखांकित किया कि यह उत्सव प्राचीन कलिंग काल से विभिन्न उद्देश्यों के लिए दक्षिण-पूर्व एशिया की नियमित समुद्री यात्राओं की परंपरा को परिलक्षित करता है। राष्ट्रपति ने कहा, इन यात्राओं ने व्यापार और वस्तुओं, विचारों और मूल्यों के आदान-प्रदान और उनकी भावना में योगदान दिया है, जिसने पूरे क्षेत्र में एक साझा सांस्कृतिक चेतना को आकार दिया। मुर्मू ने कहा कि यह बेड़ा समीक्षा भारत के महासागर के एकीकरण की भावना को आगे बढ़ाती है, जिसका अर्थ इस क्षेत्र में सुरक्षा और विकास की पारस्परिक तथा ऐतिहासिक उन्नति है।

## मौसम

अधिकतम तापमान 15.0°C

न्यूनतम तापमान 13.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 10% |

## बाजार

सोना 1,55,550

चांदी 2,96,400

सेंसेक्स 83,734

निफ्टी 25,819

## संक्षिप्त खबरें

### एआई समिट पीआर का तमाशा बन गया: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा चीन में निर्मित रोबोटिक कुत्ते को प्रदर्शित किए जाने का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि सरकार द्वारा आयोजित यह बड़ा कार्यक्रम सिर्फ पीआर का तमाशा बन गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत की प्रतिभा और डेटा का उपयोग करने के बजाय, एआई शिखर सम्मेलन अव्यवस्थित तरीके से पीआर का तमाशा बन गया है। भारतीय डेटा बिक्री के लिए उपलब्ध है और चीनी उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस ने पोस्ट किया, मोदी सरकार ने देश की छवि को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है, उन्होंने एआई को मजाक बनाकर रख दिया है।

## पीएम मोदी ने की स्पेन के राष्ट्रपति से द्विपक्षीय वार्ता, कई मुद्दों पर हुई बातचीत

# भारत और स्पेन ने आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने पर जताई प्रतिबद्धता

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन से इतर स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज से द्विपक्षीय वार्ता की। इस वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और स्पेन के बीच सहयोग को अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने आए स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज से प्रधानमंत्री मोदी ने इस समिट से इतर यहां द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने के लिए कई मुद्दों पर व्यापक बातचीत की। उन्होंने कहा कि बैठक में दोनों नेताओं के बीच व्यापार, अर्थव्यवस्था, नवाचार, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन पर क्रियान्वयन, और शिक्षा जैसे तमाम मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने स्पेन के राष्ट्रपति सांचेज को भारत-यूरोपीय संघ के बीच संबंधों को मजबूती देने के लिए उनका लगातार सहयोग देने के लिए सराहना की।



### पीएम मोदी ने फिनलैंड के पीएम से की द्विपक्षीय बातचीत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ द्विपक्षीय मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग को अधिक प्रगाढ़ बनाने पर व्यापक चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों नेताओं के बीच हुई इस बातचीत में स्थिरता, डिजिटलीकरण, एआई अनुसंधान और नैतिक नवाचार जैसे प्रमुख विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस बैठक में इस बात पर मुख्य ध्यान रहा कि भारतीय मेधा कैसे दोनों देशों के सहयोग को और मजबूत कर सकती है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एआई क्षेत्र में उभरते नवाचार केंद्र के रूप में फिनलैंड के प्रयासों की सराहना की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने जिम्मेदार और प्रतिभा-आधारित एआई को बढ़ावा देने, साथ ही सतत भविष्य के लिए प्रौद्योगिकी-सक्षम समाधानों के उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### भारत-सर्बिया का द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट से इतर सर्बिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक के साथ बुधवार को द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने भारत और सर्बिया के बीच संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में इस द्विपक्षीय वार्ता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने यहां आए सर्बिया के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक से प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति एलेक्जेंडर ने दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को अधिक प्रगाढ़ करने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय प्रौद्योगिकी, शिक्षा, कृषि, पर्यटन और आम लोगों के बीच संबंधो को और अधिक मजबूत करने पर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने आपसी हितों के लिए क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

# राज्य सभा की 37 सीटों के चुनाव 16 मार्च को

- देश के 10 राज्यों में राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनावी बिगुल बजा,
- 16 मार्च को होगा मतदान, चुनाव आयोग ने जारी किया पूरा कार्यक्रम

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत निर्वाचन आयोग ने देश के 10 राज्यों में खाली हो रही 37 राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनावों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इन चुनावों में बिहार, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्यों की सीटें शामिल हैं, जो अप्रैल माह में रिक्त होने जा रही हैं। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के



अनुसार, इन सीटों के लिए 16 मार्च 2026 को मतदान करवाया जाएगा और उसी दिन शाम 5:00 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी। इस घोषणा के साथ ही संबंधित राज्यों के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार, राज्यसभा चुनाव की आधिकारिक अधिसूचना 26 फरवरी 2026 को जारी की जाएगी। उम्मीदवार 5 मार्च तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे, जिसके बाद 6 मार्च को पत्रों की जांच की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 9 मार्च तय की गई है। मतदान की प्रक्रिया 16 मार्च को सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चलेगी। पूरी चुनाव प्रक्रिया को 20 मार्च तक संपन्न करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे सदन में राज्यों का प्रतिनिधित्व निरंतर बना रहे। राज्यसभा को भारतीय लोकतंत्र का स्थायी सदन कहा जाता है क्योंकि यह कभी भंग नहीं होता। इसके सदस्यों का कार्यकाल छह वर्ष का होता है, लेकिन हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं, जिससे सदन में ताजगी और निरंतरता बनी रहती है। इन चुनावों के जरिए विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य अपने प्रतिनिधियों को उच्च सदन में भेजेंगे। आगामी चुनाव न केवल विभिन्न राजनीतिक दलों के संख्या बल को प्रभावित करेंगे, बल्कि संसद में महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने की उनकी क्षमता को भी नई दिशा देंगे।

# कुख्यात इनामी नक्सली सुरेश कोड़ा ने अवैध हथियार के साथ किया आत्मसमर्पण

- एसएसी का सक्रिय सदस्य नक्सली सुरेश कोड़ा पिछले 25 वर्षों से था फरार

प्रात : किरण

मुंगेर। बिहार पुलिस को बुधवार को बड़ी सफलता हाथ लगी जब तीन लाख रुपए का इनामी नक्सली सुरेश कोड़ा उर्फ मुस्तकीम अवैध हथियार एवं गोली के साथ बिहार एसटीएफ एवं मुंगेर के पुलिस उप-महानिरीक्षक राकेश कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। मुंगेर के लड़ैयाटॉड़ थाना क्षेत्र के पैसरा गांव का रहने वाला सुरेश कोड़ा के आत्मसमर्पण को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है। पुलिस को कोड़ा ने एक एके-47 राइफल, एक एके-56 राइफल, दो इंसास राइफल, विभिन्न हथियारों के प्रयोग में लाए जाने वाले 505 कारतूस के अलावा इंसास की आठ मैगजीन और एके-47 और एके-56 की एक-एक मैगजीन सुपुर्द की हैं। जानकारी के मुताबिक, बिहार एसटीएफ के द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे लगातार अभियान एवं दबीस के कारण, राज्य सरकार के उग्रवादियों के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति तथा एसटीएफ के सकारात्मक पहल से प्रभावित होकर नक्सली सुरेश कोड़ा उर्फ मुस्तकीम ने आत्मसमर्पण



किया। पुलिस के मुताबिक, नक्सली सुरेश कोड़ा एसएसी का सक्रिय सदस्य है, जो पिछले 25 वर्षों से फरार था। इसके विरुद्ध मुंगेर, लखीसराय एवं जमुई जिले के विभिन्न थानों में कुल 60 नक्सली कांड दर्ज हैं। वर्ष 2008 में मुंगेर जिले के धरहरा थाना अंतर्गत कुमरपुर गांव के चौकीदार की टॉगी से गला काटकर हत्या एवं वर्ष 2010 में जमुई जिले के चरकापत्थर थाना अंतर्गत ढ़ाकोटॉड़ के चौकीदार की हत्या कर दी गई थी, जिसमें यह आरोपी था। वर्ष 2012 में खैरा थाना अंतर्गत प्रखंड कार्यालय, खैरा को विस्फोट करने एवं कार्यालय में रखे हुए महत्वपूर्ण कागजात एवं ट्रक में आग लगाकर जला देने की घटना एवं वर्ष 2014 में जमुई थाना अंतर्गत नवीनगर बालू घाट के पास जेसीबी पोकलेन मशीन में आग लगा देने एवं मजदूरों का अपहरण कर लेने की घटना में भी इसके शामिल होने का आरोप है।

# मुख्यमंत्री ने रमजान के महीने के प्रारंभ होने पर राज्यवासियों को दी शुभकामनायें

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रमजान के पवित्र महीने के प्रारंभहोने पर राज्यवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा



कि रमजान का महीना रहमतों का महीना है। पूरे महीने खुदा की रहमतों की बारिश होती है। खुदा की नजर में रोजेदारों की दुआयें मकबूल होती हैं।

खुदा उनकी इबादत को स्वीकार करते हैं और उसके बदले तमाम इंसानों पर अपनी रहमतों की बारिश करते हैं। मुख्यमंत्री ने खुदा से दुआ करते हुये कहा कि खुदा तमाम रोजेदारों की दुआओं को कबूल करें और हम सबों के बीच मोहब्बत, एक दूसरे के प्रति आदर, सद्भाव और इज्जत की भावना को बढ़ायें ताकि हमलोग मिलकर देश एवं राज्य की तरक्की में योगदान दें।

# कॉम्फेड की दूध संग्रहण में 5 गुना और प्रसंस्करण क्षमता में 8 गुना वृद्धि



- 1-एक दिन में 30.67 लाख किलोग्राम दूध का हुआ रिकॉर्ड संग्रहण
- कॉम्फेड के विस्तार से राज्य में पशुपालकों की बढ़ रही है आय

प्रात : किरण

पटना। डेयरी एवं मत्स्य संसाधन विभाग की इकाई कॉम्फेड अपने ब्रांड सुधा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में कॉम्फेड ने अपने दूध संग्रहण और प्रसंस्करण की क्षमता बढ़ा ली है। विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार कॉम्फेड ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में पशुपालकों से रोजाना 22 लाख 52 हजार किलोग्राम दूध का संग्रहण किया है। वहीं इसने अब अपनी रोजाना दूध प्रसंस्करण की क्षमता को बढ़ाकर 48 लाख 55 हजार कर लिया है। 20 वर्षो के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2004-05 में दुग्ध संग्रहण जहां मात्र 4.88 लाख किलोग्राम प्रतिदिन था, वह वर्ष 2024-25 में बढ़कर 22.52 लाख किलोग्राम प्रतिदिन हो गया है। इस तरह से दुध संग्रहण में करीब 5 गुना की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि लगभग 8.5 प्रतिशत की यौगिक वार्षिक वृद्धि दर से हुई है, जो कि सराहनीय है। वहीं इस अवधि में कॉम्फेड ने तेजी से अपनी दूध प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाई है। वर्ष 2006-07 में राज्य में दूध प्रसंस्करण क्षमता 6.30 लाख लीटर प्रतिदिन थी, जो कि वर्ष 2023-24 में ही बढ़कर 48.55 लाख लीटर प्रतिदिन हो गई थी। इस तरह कॉम्फेड दूध प्रसंस्करण की क्षमता को बढ़ाकर करीब 8 गुना कर चुका है। आज यह रोजाना जितने दूध का संग्रहण करता है उससे करीब दोगुना अधिक दूध प्रसंस्करण करने की क्षमता रखता है।




## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण

फतुहा। पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम फतुहा पहुंचे, जहाँ उन्होंने देशरत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया और कहा कि 17 फरवरी को महामानव कपूर्री जी का निधन हुआ था, उससे पहले उन्होंने अपना पूरा जीवन वंचित और पिछड़े समाज की सेवा में समर्पित कर दिया था, हमें गर्व है कि हम उस महान नेता के अनुयायी हैं जिन्होंने देश और समाज के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया; इस अवसर पर डॉ. दयानन्द प्रसाद सिंह, सतीश कुमार, मोहन ठाकुर, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धर्मवीर कुमार, शिवेंद्र तांती, भोला सिंह, मनोज कुमार यदुवंशी, दीना यादव, नेमन सिंह सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कपूर्री ठाकुर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### अगलगी में एक थार गाड़ी जलकर राख

दानापुर नगर के अंतर्गत सगुना मोड़ के पास मंगलवार की रात अगलगी में एक थार गाड़ी जलकर राख हो गई थी। गाड़ी मालिक मनेर थाना क्षेत्र के सराय सत्तर निवासी हर्ष राज ने यातायात थाना में लिखित शिकायत किया है। बताया कि रात को राजा बजार से अपने चालक के साथ घर लौट रहे थे। सगुना मोड़ से पहले नेहरू पथ में अचानक गाड़ी के इंजन के पास से आग लग गई।आग की लपट देखकर दोनों गाड़ी रोक कर उतरें और कुछ दूर गए।इस बीच आग की लपट और बढ़ गई। सूचना पाकर अग्निशमन की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया।तब तक गाड़ी पुरी तरह जल चुकी थी। यातायात थानाध्यक्ष सुमन प्रसाद सिंह ने बताया कि गाड़ी मालिक हर्ष राज ने लिखित शिकायत किया है। जिसमें चलती गाड़ी में आग लगने की बात कही है

### बिक्रम में प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला आयोजित

बिक्रम । नगर बाजार स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटना में बुधवार को 'को प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन डायट पटना के प्राचार्य डॉ नवल ठाकुर, प्रभारी प्रखंड शिक्षा अधिकारी रविकांत शर्मा, नीरज कुमार कमल व शिक्षाविद अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें गणित, हिन्दी, अंग्रेजी व पर्यावरण विषय पर प्रखंड क्षेत्र के संकुल स्तरीय चयनित शिक्षकों ने भाग लिया। गणित में प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर की शिक्षिका रश्मि कुमारी, यूएमएस छोटकी बलियारी की शिक्षिका शालिनी सिंह व प्राथमिक विद्यालय शाहपुर की शिक्षिका कृति तिवारी, हिन्दी में प्राथमिक विद्यालय शिवगढ़ की शिक्षिका संगीता कुमारी, प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर की शिक्षिका गीता वर्मा, प्राथमिक विद्यालय अराप की शिक्षिका रुचि यादव अंग्रेजी में प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर मठिया की शिक्षिका अंशु मलिका गुप्ता, पीएस बड़की बलियारी की शिक्षिका संजू श्री, पीएस चांदनीचातर के शिक्षक आदित्य नारायण तथा पर्यावरण में उर्दू पीएस रघुनाथपुर मठिया की शिक्षिका लक्ष्मी जायसवाल, प्राथमिक विद्यालय संग्रामपुर (एससी) के सिद्धांत सौरभ एवं प्राथमिक विद्यालय आंध्राचौकी के शिक्षक रविशंकर चयनित किये गए।प्रथम स्थान पर चयनित शिक्षक ज़िला स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता में भाग लेंगे। निर्णायक मंडल में डायट पटना के व्याख्याता प्रभाकर कुमार, नाजिया खान व शिक्षाविद अजय कुमार शामिल थे। मौके पर शिक्षक नीतीश कुमार, अमित कुमार व नवीन कुमार आदि मौजूद थे।

### इंतजार करते रहे नहीं मिले सिओ

पालीगंज। के परियों गांव की महिलाओं ने सीओ महेश प्रसाद से मिलने के लिए इंतजार किया, लेकिन वे नहीं मिले। महिलाओं ने शिकायत की कि एक माह पूर्व परियों में पर्चा के जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच गौली चली थी और पुलिस ने दोनों पक्षों पर मुकदमा कर जेल भेजा।महिलाओं का आरोप है कि सीओ के मिलीभगत से पर्चा के विवादित जमीन पर दबंगों द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है और उन्होंने कानून का पालन करते हुए दबंगों की कार्रवाई को शिकायत करने पालीगंज अंचल कार्यालय आयी थी, लेकिन सीओ ने बताने से इंकार किया।

### प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को सिखाता है विचार और व्यवहार

बिहटा। भाजपा पटना जिला ग्रामीण द्वारा स्थानीय होटल अतुल इन में बुधवार को पार्टी के प्रत्येक मंडल में होने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला हुई। इस दौरान महाभियान को लेकर रणनीति बनाई गई।

## बिवि अध्यक्ष ने शून्यकाल को ऑनलाइन करने को ले वरीय पदाधिकारियों एवं नेवा टीम के साथ की समीक्षा बैठक



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने 5 बजे अप. में अपने कार्यालय कक्ष में शून्यकाल को ऑनलाइन करने हेतु सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों एवं नेवा टीम के साथ एक समीक्षा बैठक की।
शून्यकाल में ल सदस्य बिना पूर्व सूचना के तात्कालिक महत्वपूर्ण जनहित और लोक महत्व के मुद्दे उठा सकते हैं। विधान सभा अध्यक्ष यह तय करते हैं कि किसी मुद्दे को शून्यकाल के तहत उठाने की अनुमति दी जाए या नहीं। माननीय सदस्यों को शून्यकाल की सूचना सुबह 9 से 10 के बीच देनी होती है, जिसके कारण उन्हें सत्र प्रारंभ होने से पहले भी विधान सभा आना पड़ता है। इस प्रक्रिया से माननीय सदस्यों को असुविधा होती है।
सदस्यों के कठिनाई को दूर करने के लिए अध्यक्ष ने इस बैठक में नेवा की टीम को शून्यकाल की प्रक्रिया सोमवार दिनांक 23 फरवरी 2026 से पूर्ण रूप से से डिजिटल करने का निदेश दिया । इसके अंतर्गत माननीय सदस्य शून्यकाल के तहत उठाए जाने वाले मुद्दे को अधिकतम 50 शब्दों में यूनिकोड फॉन्ट में पोर्टल पर रखेंगे। सुबह 9 बजे से 10 बजे तक माननीय सदस्यों के लिए नेवा पोर्टल पर सेंड बटन को सक्रिय किया जाएगा ,जिससे सदस्यों के शून्यकाल की सूचना ऑनलाइन नोटिस के रूप में विधान सभा के पोर्टल पर दिखने लगेगा। यह नोटिस अध्यक्ष के समक्ष अनुमोदन हेतु आएगा। माननीय अध्यक्ष ने इस नई ऑनलाइन प्रक्रिया से माननीय सदस्यों को अवगत कराने के लिए कल से विभिन्न बैच में सदस्यों के निजी सहायकों हेतु ट्रेनिंग आयोजित करने का निर्देश नेवा की टीम को दिया ।इस बैठक में बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह के साथ नेवा की टीम एवं विधान सभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### छत्रपति शिवाजी की जयंती पर डॉ. प्रेम कुमार ने भावभीनी भावांजलि दी

पटना । माँ भारती के अमर सपूत, हिन्दवी स्वराज के संस्थापक, राष्ट्रनायक, अतुल्य पराक्रमी, कुशल शासक एवं महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी भावांजलि अर्पित की है। उन्होंने मुगलों और अन्य बाहरी आक्रमणकारियों से संघर्ष कर एक स्वतंत्र मराठा साम्राज्य स्थापित किया।

## पुणे, मुंबई, अहमदाबाद एवं श्रीगंगानगर के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

प्रातः किरण संवाददाता



हाजीपुर। होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है ।इसी कड़ी में पुणे, मुंबई, अहमदाबाद, श्रीगंगानगर हेतु स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी संख्या 01481/01482 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01481 पुणे-दानापुर स्पेशल 23 फरवरी से 06 मार्च, 2026 तक प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को पुणे से 19.55 बजे खुलकर तीसरे दिन 04.20 बजे डीडीयू, 05.40 बजे बक्सर, 06.38 बजे आरा रूकते हुए 08.00 बजे दानापुर पहुंचेगी ।गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल 25 फरवरी से 08 मार्च, 2026 तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को दानापुर से 10.00 बजे खुलकर 10.30 बजे आरा, 11.30 बजे बक्सर एवं 13.30 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 18.15 बजे पुणे पहुंचेगी ।

2.गाड़ी संख्या 01449/01450 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01449 पुणे-दानापुर स्पेशल 21 फरवरी से 08 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन पुणे से 15.30 बजे खुलकर दूसरे दिन 23.00 बजे डीडीयू, तीसरे दिन 00.16 बजे बक्सर, 01.00 बजे आरा रूकते हुए 02.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 01450 दानापुर-पुणे स्पेशल 23 फरवरी से 10 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन दानापुर से 05.00 बजे खुलकर 05.30 बजे आरा, 06.43 बजे बक्सर एवं 08.55 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 18.15 बजे पुणे पहुंचेगी ।

3.गाड़ी संख्या 01143/01144 लोकमान्य तिलक-दानापुर-लोकमान्य तिलक स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01143 लोकमान्य तिलक-दानापुर स्पेशल 21 फरवरी से 08 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन लोकमान्य तिलक से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 15.25 बजे डीडीयू, 16.40 बजे बक्सर, 17.40 बजे आरा रूकते हुए 18.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 01144 दानापुर-लोकमान्य तिलक स्पेशल 22 फरवरी से 09 मार्च, 2026 तक प्रतिदिन दानापुर से 21.30 बजे खुलकर 22.10 बजे आरा, 22.50 बजे बक्सर, दूसरे दिन 02.05 बजे डीडीयू रूकते हुए तीसरे दिन 07.45 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी । 4.गाड़ी संख्या 01043/01044 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक स्पेशल (मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर स्पेशल 24 फरवरी एवं 03 मार्च, 2026 मंगलवार को लोकमान्य तिलक से 12.15 बजे खुलकर अगले दिन 15.25 बजे डीडीयू, 18.55 बजे पाटलिपुत्र, 19.55 बजे हाजीपुर रूकते हुए 23.45 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी ।

## समय प्रबंधन से तनाव मुक्त जीवनः अंकित

प्रातः किरण संवाददाता



समय प्रबंधन से तनाव मुक्त जीवन संभव होता है क्योंकि जब हम अपने समय का सही उपयोग करना सीख जाते हैं तो जीवन में अव्यवस्था और घबराहट अपने आप कम हो जाती है। आज के तेज रफ्तार जीवन में विद्यार्थी, नौकरीपेशा लोग और गृहिणियाँ सभी समय की कमी और काम के दबाव के कारण तनाव महसूस करते हैं। जब काम समय पर पूरे नहीं होते, तो मन में चिंता, डर और आत्मविश्वास की कमी आने लगती है। लेकिन यदि हम अपने दिन की सही योजना बना लें, तो यह तनाव काफी हद तक कम हो सकता है। समय प्रबंधन का अर्थ यह नहीं है कि हम हर पल काम ही करें, बल्कि इसका सही मतलब है—काम, आराम और मनोरंजन के बीच संतुलन बनाना। यदि हम दिन की शुरूआत एक सरल समय-सारणी से करें और यह तय कर लें कि किस समय कौन-सा काम करना है, तो मन शांत रहता है और काम बोझ नहीं लगता। जरूरी कामों को पहले करना और अनावश्यक कार्यों को बाद के लिए छोड़ देना तनाव को कम करने में बहुत मदद करता है। समय पर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी परीक्षा के समय घबराते नहीं हैं, क्योंकि उन्हें भरोसा होता है कि उन्होंने तैयारी पहले ही कर ली है। इसी तरह, जो लोग अपने कार्यालय या घर के कामों को समय पर निपटा लेते हैं, वे मानसिक दबाव से बचे रहते हैं। समय प्रबंधन हमें टालमटोल की आदत से दूर रखता है, जो तनाव का सबसे बड़ा कारण होती है। जब हम काम को टालते हैं, तो वह मन में बोझ बन जाता है और नींद, भूख तथा स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। सही समय प्रबंधन से आत्मविश्वास बढ़ता है, निर्णय लेने की क्षमता सुधरती है और जीवन में सकारात्मक सोच आती है। इसके साथ ही, जब हमारे पास अपने लिए थोड़ा समय होता है—जैसे टहलना, योग करना, संगीत सुनना या परिवार के साथ समय बिताना—तो मन प्रसन्न रहता है और तनाव दूर होता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि समय प्रबंधन केवल काम को पूरा करने का तरीका नहीं है।

### श्रीमद् विद्याधीश तीर्थ स्वामीजी ने दी सनातन संस्था के रामनाथी आश्रम को सदिच्छा भेंट

प्रातः किरण संवाददाता

पटना/गोवा । सनातन संस्था रामराज्य के निर्माण के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत है, यह अत्यंत सराहनीय है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर में रामराज्य का निर्माण करे, तो पूरे देश में रामराज्य आने में अधिक समय नहीं लगेगा। ये गौरवपूर्ण उद्गार श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगाली जीवोत्तम मठ के 24वें पीठाधीश्वर श्रीमद् विद्याधीश तीर्थ स्वामीजी ने व्यक्त किए। उन्होंने फोंडा, गोवा स्थित सनातन संस्था के रामनाथी आश्रम की सदिच्छा भेंट के अवसर पर साधकों को संबोधित किया।इस मंगल अवसर पर सनातन संस्था के संत पू. पृथ्वीराज हजारे ने स्वामीजी का भावपूर्ण स्वागत किया।

## कर्पूरी ठाकुर पुण्यतिथि समारोह धूमधाम से संपन्न तेजस्वी यादव सहित हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

प्रातः किरण संवाददाता



फतुहा। बापू सभागार, गाँधी मैदान, पटना में भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव सहित विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद, राज्यसभा सदस्य और हजारों की संख्या में राजद नेता व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।
समारोह को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कपूर्री ठाकुर के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन वंचित और पिछड़े समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया और उनके विचार आज भी मार्गदर्शक हैं, साथ ही वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर सवाल उठाए।
कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार प्रदेश राजद अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल ने की तथा संचालन विधायक मो. इजहारुल हक मंसूरी ने किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. रामानंद यादव सहित महेंद्र यादव, राम प्रसाद, मनोज चंद्रवंशी, जुग्गर प्रसाद, रंजीत राम, शंकर यादव, सुनील यादव, ओम प्रकाश मंडल, विकास कुमार, नितिन कुमार समेत बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रखंड अध्यक्ष राजद अरविन्द यादव के नेतृत्व में फतुहा से भी सैकड़ों कार्यकर्ता समारोह में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन के इंटर्न को मिला प्रमाण पत्र



प्रातः किरण संवाददाता

पटना- पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एसकेएमवी कॉलेज के प्रेम यूथ फाउंडेशन में इंटरशिप कर रहे इंटर्न को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने इंटर्न को संबोधित करते हुये कहा कि आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे तथा परिश्रम करें । शॉटकट के चक्कर मे कदापि न पड़े अपराधी एवं अराजक तत्वों से सतर्क रहें । शिक्षा हमारी सबसे बड़ी ताकत है ।
एनजीओ हेल्पलाइन के निदेशक सीए संजय कुमार झा ने कहा कि नई शिक्षानिति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए इन्टरशिप अनिवार्य किया गया ।यह छात्रों के सर्वानिंग विकाश के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है ।अब समय आ गया है कि मैकॉले शिक्षा पद्दित को जड़ से समाप्त किया जाए। उन्होंने ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। शिक्षा का मतलब सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं है। इंटरशिप कार्यक्रम में इंटर्न को जीवन कौशल युवा नेता नेतृत्व एवम वयक्तित्व विकाश जलवायु परिवर्तन साइबर सुरक्षा आपदप्रबन्धन की जानकारी दी जा रही है ।उन्होंने बताया की इंटर्न को श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र गांधी संग्रहालय प्राणी सर्वक्षण विभाग साइबर थाना का एक्सपसेर विजिट कराया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि विकशित भारत 2047 को साकार करने में युवायों का महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रोग्राम ऑफिसर सुरजीत कुमार ने इन्टरशिप कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे साथ इन्टरशिप करना एक महत्वपूर्ण अवसर है । युवाओं के प्रतिभा को पहचान कर हम उन्हें राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने का अवसर देते है । हमारे इंटर्न अमृतसर एवं वर्धा तक का एक्सपोजर विजिट किया है ।
प्रोग्राम ऑफिसर एन के सिंह ने बताया कि देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के हजारों छात्र छात्राओं इंटर्नशिप कर रहे है उन्हें रोजगार का भी अवसर प्राप्त हो रहा है । इंटर्न ममता ने बताया कि हमें इंटर्नशिप में बहुत सीखने का अवसर मिला साथ ही एक्सपोजर विजिट कर सामाजिक मुद्दे मौके पर अंजली कुमारी ,सुरभि कुमारी, संध्या कुमारी, गुनगुन कुमारी, पवन कुमार, रवि कुमार समेत सैंकड़ों इंटर्न को प्रमाण पत्र एवं किट प्रदान किया गया ।

## को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड उपभोक्ताओं के लिए किया गया लांच



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक और इंडिगो एयरलाइन ने भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लांच करने के लिए साझेदारी की है। ये कार्ड दो वेरिएंट्स इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और इंडिगो एक्सिस बैंक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड में उपलब्ध हैं। दोनों कार्ड को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ग्राहक इंडिगो के लॉयल्टी प्रोग्राम इंडिगोब्लूचिप के माध्यम से अपने खर्च पर रिवॉर्ड कमा सकें। इस साझेदारी का उद्देश्य रोजमर्रा की खरीदारी और यात्रा संबंधी खर्चों पर आसानी और बिना किसी परेशानी के रिवॉर्ड कमाने की सुविधा देना है। एक्सिस बैंक में प्रेसिडेंट और हेड-कार्ड्स, पेमेंट्स एंड वेल्थ मैनेजमेंट, अर्निका दीक्षित ने कहा कि इन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के जरिए हम साधारण यात्रियों से लेकर नियमित उड़ान भरने वाले यात्रियों तक सभी को बेहतरीन मूल्य देना चाहते हैं। ये कार्ड विशेष यात्रा लाभ, तेज रिवॉर्ड कमाई और कई सुविधाओं तक आसान पहुंच प्रदान करेंगे।
बता दें इंडिगो एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड की कीमत 799 प्लस जीएसटी है और यह रिटेल ग्राहकों के लिए है। जबकि इंडिगो एक्सिस बैंक प्रीमियम क्रेडिट कार्ड की कीमत 5,000 प्लस जीएसटी है और यह उच्च आय वर्ग के ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है।

### महेन्द्रूघाट एवं करबिगहिया में बनेगा रेलकर्मियों के लिए आवास



हाजीपुरः पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों को पटना में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रेल आवास की सुविधा मुहैया कराने की योजना बनाई गयी है। इस संबंध में आज मुख्यालय हाजीपुर में महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी जिसमें प्रस्तावित योजना के सभी पहलुओं पर गहन विचार विमर्श किया गया ।प्रस्तावित योजना के तहत महेन्द्रूघाट, पटना में निर्माण विभाग हेतु अतिरिक्त कार्यालय भवन एवं निर्माण विभाग तथा दानापुर मंडल के कर्मचारियों हेतु टाईप-4 के 12 यूनिट तथा टाईप-3 के 88 यूनिट रेल आवासों का निर्माण किया जाएगा । इसके तहत टाईप-4 हेतु बनाये जाने वाले टावर में 06 फ्लोर होंगे जिसमें प्रत्येक फ्लोर पर 02 रेल आवास होंगे ।इसी तरह टाईप-3 हेतु 02 टावर बनाये जाएंगे जिनमें प्रत्येक टावर में 11 फ्लोर होंगे तथा प्रत्येक फ्लोर पर 04 रेल आवास होंगे । साथ ही इन टावरों में 200 गाड़ियों के पार्किंग का प्रावधान भी किया जाएगा । यहां पर पंप रूम के साथ फायर फाइटिंग टैंक, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, डीजल जेनरेटर तथा केन्द्रीयकृत पैनल रूम आदि का निर्माण भी किया जाएगा ।इसी तरह करबिगहिया, पटना में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय के अधिकारियों हेतु 56 यूनिट रेल आवासों का निर्माण किया जाएगा । इसके तहत टाईप-5 हेतु बनाये जाने वाले टावर में 07 फ्लोर होंगे जिसमें प्रत्येक फ्लोर पर 04 रेल आवास होंगे ।इसी तरह टाईप-6 हेतु 02 टावर बनाये जाएंगे जिनमें प्रत्येक टावर में 07 फ्लोर होंगे तथा प्रत्येक फ्लोर पर 02 रेल आवास होंगे । साथ ही इन टावरों में 196 गाड़ियों के पार्किंग का प्रावधान भी किया जाएगा । अन्य सुविधाओं के साथ ही यहां 08 दुकान एवं 01 रेस्टारेंट का भी निर्माण किया जाएगा ।

### डीएम ने फुलवारीशरीफ-जानीपुर रोड का किया निरीक्षण

पटना। जिलाधिकारी द्वारा फुलवारीशरीफ-जानीपुर रोड का निरीक्षण किया गया तथा अभियंताओं एवं पदाधिकारियों को तेजी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 21 फरवरी को पटना जिला में प्रगति यात्रा के दौरान एम्स गोलम्बर-जानीपुर-पईनापुर-नेवापथ का चौड़ीकरण करने की घोषणा की गई थी। पथ निर्माण विभाग द्वारा इन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। एम्स गोलम्बर-जानीपुर-पईनापुर-नेवा (पटना रिंग रोड तक) लगभग 10.5 किलोमीटर लंबाई में पथ का 2-लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पटना पश्चिम को तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निदेशित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप नौबतपुर लख के पास नए फ्लाइओवर का निर्माण भी बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा कराया जा रहा है। अधिकारियों को तेजी से निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि पटना रिंग रोड से सम्पर्कता हो जाने के कारण फुलवारीशरीफ, एम्स,दानापुर, नौबतपुर सहित पटना पश्चिमी क्षेत्र के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। ट्रैफिक जाम की समस्या भी समाप्त हो जाएगी।

## श्री चैतन्या अकेडमी ने जेईई मेन सेशन 1, 2026 में पटना से सिटी टॉपर दिया

प्रातः किरण संवाददाता



पटना । श्री चैतन्या अकेडमी - इन्फिनिटी लर्न की पहल, जो बड़े पैमाने पर उत्तम परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है, ने गर्व से अपने पटना टेस्ट प्रेप सेंटर से जेईई मेन सेशन 1 के परिणामों की घोषणा की। इस सेंटर ने अमन आनंद और रिशु कुमार झा को पटना टॉपर घोषित किया, जिन्होंने प्रभावशाली 99.58 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। अमन और रिशु, पटना में श्री चैतन्या अकेडमी में रेगुलर क्लासरूम के छात्र है। सफल छात्रों को बधाई देते हुए, सुषमा बोप्पना, सीईओ एंड डायरेक्टर ऑफ श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और इन्फिनिटी लर्न की को-फाउंडर , ने कहा, श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एवं को-फाउंडर, इन्फिनिटी लर्न, ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। जेईई मेन 2026 सेशन 1 में अमन और रिशु जैसे छात्रों को शानदार प्रदर्शन करते देखना बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को सेशन 2 के लिए शुभकामनाएँ दीं।
उज्ज्वल सिंह, फाउंडिंग सीईओ ऑफ इन्फिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या ने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हर शहर के छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। अमन और रिशु की सफलता और अन्य कई छात्रों की उपलब्धियाँ हमें बेहद गर्व और खुशी से भर देती हैं। अपनी सफलता पर अमन आनंद और रिशु कुमार झा ने शिक्षकों और परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान की मॉक टेस्ट श्रृंखला और अध्ययन सामग्री ने उनकी तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में एक अद्भुत, भव्य और सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण संध्या का आयोजन हुआ। रढक्ळ टअउअ के तत्वावधान में तथा विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य डंइॅ' की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। घुँघरुओं की झंकार, तबले की थाप और हारमोनियम की मधुर लहरियों ने वातावरण को आध्यात्मिक एवं कलात्मक आभा से भर दिया।
इस अलौकिक प्रस्तुति का नेतृत्व ने किया, जो के प्रतिष्ठित कलाकार हैं। उनके सटीक पदचाप, आकर्षक चक्कर और भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। तबले पर वॉ८ रॅंल्ल'१ द्र२१ की ऊर्जस्वित संगति तथा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हारमोनियम वादक फॅंील्लशि की सुरमयी प्रस्तुति ने कार्यक्रम को अद्वितीय ऊँचाई प्रदान की। तीनों कलाकारों का सामंजस्य सचमुच अनुपम और प्रेरणादायी था।
कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने हेतु माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) फैजान मुस्तफा, कुलसचिव प्रो. (डॉ.) एस.पी. सिंह, सांस्कृतिक समिति की संकाय संयोजिका डॉ. प्रिया दर्शिनी, डॉ. प्रत्युष कौशिक, अपूर्व प्रज्ञा, तन्नुश्री एवं आकांक्षा सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन शैलिया और उत्सव द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया। विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता और सांस्कृतिक समिति के उत्कृष्ट समन्वय से यह आयोजन विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक इतिहास में एक प्रेरणादायी एवं स्मरणीय अध्याय के रूप में अंकित हो गया।

## जिलाधिकारी ने की शिक्षा विभाग की जिला-स्तरीय समीक्षा बैठक , अद्यतन प्रगति का लिया जायजा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने कहा है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। वे समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की जिला-स्तरीय मासिक समीक्षात्मक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार के गंभीर एवं सतत प्रयासों से विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण में आमूल-चूल सुधार आया है। सात निश्चय-3 कार्यक्रम के चौथे निश्चय ह्यह्यउन्नत शिक्षा-उज्जवल भविष्य के तहत छात्रों विशेषकर लड़कियों की उच्च शिक्षा तथा युवाओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निदेश दिया कि विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें। विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों से संवाद स्थापित करें। उनसे फीडबैक लें। सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु विशेष प्रयास करें।
उन्होंने कहा कि विद्यालयों का सफल संचालन तथा योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करना सभी पदाधिकारियों का दायित्व है। शिक्षा विभाग के जिला में पदस्थापित सभी पदाधिकारी सरकार के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।
विद्यालयों के संचालन में उत्तरोत्तर गुणात्मक परिवर्तन लाएँ। आधुनिक एवं नई-नई तकनीकों का इस्तेमाल करें ताकि बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त हो। विद्यालयों में साफ-सफाई, शौचालय एवं शुद्ध पेयजल की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कर्मियों एवं शिक्षकों के साथ-साथ सभी अधिकारी समय से कार्यालय आएँ तथा कर्तव्य पर मुस्तैद रहें। जिलाधिकारी द्वारा इस पर प्रसन्नता व्यक्त की गई कि पीएम पोषण योजना से आच्छादित 3,017 विद्यालयों में योजना का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। विद्यालयों में लाईब्रेरी तथा लेबोरेट्री फंक्शनल है तथा विद्यार्थियों के लिए खेल-कूद की सामग्री उपलब्ध है।

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–ऑक्शन सूचना**
सं:–कॉम/लीज/एसएलआर/ई–ऑक्शन/डीएनआर/26/2
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल द्वारा निम्न कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है:–
**1. कार्य का नाम :** 03 सालों के लिए दानापुर मंडल से आरम्भ होने वाली विभिन्न गाड़ियों में पार्सल लोडिग के लिए एक मुश्त दरों के भुगतानपर एकल ट्रिप के आधार पर एस.एल.आर/एल.एच.बी को पट्टेदारी पर देने के लिए खुली ई–ऑक्शन।, **2. अनुबंध की अवधि:** 03(तीन) वर्ष, **3. केटलॉग संख्या :** DNR-PARCEL-26-02, **4. लॉट संख्या :** 22361-SLR-F1-RJPB-NDLS-25-1, 12391-SLR-F1-RGD-NDLS-25-1, 13237-SLR-F1-PNBE-KOTA-25-2, 13257-SLR-F1-DNR-ANVT-23-1, **5. ई–ऑक्शन की तिथि व समयः** दिनांक 25.02.2026 को 12:00 बजे से 13:00 बजे तक। (प्रारंभिक कूलिंग ऑफ की अवधि 30 मिनट एवं लगातार लॉट का समापन अंतराल 10 मिनट है।)
**6. वेबसाईट जहाँ ई–ऑक्शन का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in.**
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/1801/डीएनआर/सीओएमएल/ईएन/25–26/36

# संक्षिप्त खबरें

## छत्रपति यादव और आनंद माधव पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण कांग्रेस से निष्कासित

पटना। कांग्रेस पार्टी के मूल सिद्धांतों, अनुशासन और संगठनात्मक मयार्दा के खिलाफ लगातार बयानबाजी और अवांछित व भ्रामक बयान जारी करने के आरोप में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने पूर्व विधायक छत्रपति यादव और रिसर्च विभाग के पूर्व चेयरमैन व पूर्व प्रवक्ता आनंद माधव के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें छह वर्षों के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है।

अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आनंद माधव, पूर्व चेयरमैन रिसर्च विभाग एवं छत्रपति यादव, पूर्व विधायक का पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता बढ़ती जा रही है। अतः विषय की गंभीरता को देखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के माननीय बिहार प्रभारी एवं प्रदेश कांग्रेस के माननीय प्रदेश अध्यक्ष से विमर्श के उपरांत इन दोनों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है।

## सीएम नीतीश के लिए समाजहित सर्वोपरि : नवल शर्मा



पटना। जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि शराबबंदी के लिए बिहार सदैव सीएम नीतीश का ऋणी रहेगा। इसके जरिए नीतीश कुमार ने यह सिखाया कि सत्ता का सही अर्थ है समाज की बुराइयों पर प्रहार और मूल्यों की पुनर्स्थापना। उन्होंने यह उदाहरण स्थापित किया कि जनादेश का सर्वोत्तम उपयोग समाज के चरित्र निर्माण में होता है। राजस्व की परवाह किए बिना समाज को प्राथमिकता देने और लाखों माताओं-बहनों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और खुशहाली का दीप जलाने के लिए नीतीश कुमार सदैव याद किए जायेंगे ।

## नीतीश कुमार के सात निश्चय से बदली बिहार की तस्वीर : निषाद



पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने सोशल संवाद करते हुए कहा कि बिहार के गांव आज परिवर्तन की नई कहानी लिख रहे हैं। एक समय था जब गांवों को पिछड़ेपन, अंधेरे, कच्ची सड़कों, गंदगी और पलायन के प्रतीक के रूप में देखा जाता था, लेकिन आज वही गांव विकास, स्वच्छता, रोशनी और आत्मनिर्भरता के प्रतीक बन चुके हैं।

यह बदलाव किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और सात निश्चय के प्रभावी क्रियान्वयन का सशक्त प्रमाण है। सात निश्चय योजना के अंतर्गत हर गली को पक्की सड़क से जोड़ा गया, नालियों का निर्माण कराया गया और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। आज बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या में काफी कमी आई है। यह केवल आधारभूत सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा का संकल्प है। ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट की स्थापना ने गांवों की तस्वीर बदल दी है। जो गांव कभी अंधेरे में डूबे रहते थे, आज वहां चैक-चैराहे और सार्वजनिक स्थल रोशनी से जगमगाते हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में भी राज्य सरकार ने ऐतिहासिक पहल की है। पंचायत स्तर पर ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था लागू की गई है, कचरा संग्रहण प्रणाली विकसित की गई है और शौचालय निर्माण के माध्यम से खुले में शौच की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। इससे ग्रामीण जीवन में स्वच्छता और आधुनिकता का नया अध्याय जुड़ा है।

# सभी 537 अंचल कार्यालय में लगेगा सीसीटीवी, 6.71 करोड़ रुपये हुआ आवंटित

- राज्य सरकार प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाने के लिए प्रतिबद्ध : उपमुख्यमंत्री
- वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही पूरा होगा कार्य, प्रति अंचल 1.25 लाख रुपये जारी



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने प्रशासनिक पारदर्शिता और सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे आम नागरिकों को बेहतर वातावरण में सेवाएं मिलेंगी और कार्यालयों में कार्यप्रणाली की सतत निगरानी सुनिश्चित होगी। हमने इसी वित्तीय वर्ष में इस कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है तथा इसके लिए आवश्यक राशि का आवंटन भी कर दिया गया है। इसका कंट्रोल एंड कमांड सेन्टर पटना मुख्यालय में स्थापित किया जाएगा। इससे निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे इसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराएं। सरकार सुशासन, पारदर्शिता और जनविश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, और यह पहल उसी संकल्प का हिस्सा है। मैंने कार्यभार संभालते ही इसकी घोषणा की थी जिसे प्राथमिकता देकर पूरा किया है। विभाग के सचिव गोपाल मीणा द्वारा सभी समाहताओं को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जारी पत्र के अनुसार, सभी 537 अंचल कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु प्रति अंचल 1,25,000 रुपये की दर से कुल 6,71,25,000 रुपये की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आवंटित की गई है। यह राशि डीबीटी के माध्यम से निर्गत की गई है। धनराशि संबंधित कार्यालयों को उपलब्ध करा दी गई है। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि आवंटित राशि का उपयोग केवल सीसीटीवी कैमरों के क्रय एवं अधिष्ठापन के लिए ही किया जाएगा। किसी अन्य कार्य में राशि का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही यह भी कहा गया है कि राशि की निकासी इसी वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित की जाए। यदि किसी कारणवश निकासी नहीं होती है और देयता अगले वित्तीय वर्ष में चली जाती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित पदाधिकारी की होगी। सचिव ने सभी जिला समाहर्ता से अनुरोध किया है कि वे अपने जिलों के अंतर्गत आने वाले सभी अंचल कार्यालयों में यथाशीघ्र सीसीटीवी कैमरों का अधिष्ठापन सुनिश्चित कर विभाग को अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। पत्र में इस कार्य को अत्यावश्यक मानते हुए प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग के इस निर्णय से अंचल कार्यालयों में कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सुरक्षित होगी।

# सरकारी अस्पतालों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी पर दिया जा रहा बल: मंगल

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार सरकारी अस्पतालों में गुणवत्ता सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में आगे बढ़ा रही है। बेहतर आधारभूत संरचना, मानक आधारित सेवा प्रणाली और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि आम नागरिकों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ही विश्वसनीय, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हों। इसी दिशा में राज्य के 91 नए स्वास्थ्य केंद्रों को राज्य स्तरीय एनक्यूएएस एवं लक्ष्य से प्रमाणित किया गया है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राज्य के मधुबनी एवं अरवल जिला अस्पताल सहित समस्तीपुर के दलसिंहसराय अनुमंडलीय अस्पताल एनक्यूएएस एवं लक्ष्य दोनों से प्रमाणित हुए हैं, जबकि शेष स्वास्थ्य संस्थानों को एनक्यूएएस प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है। श्री पांडेय ने कहा कि एनक्यूएएस एवं लक्ष्य से प्रमाणित होने पर अस्पतालों में संक्रमण नियंत्रण, प्रसूति सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छता, दवा उपलब्धता और सेवा मानकों का नियमित आकलन सुनिश्चित होता है। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी, मरीजों के विश्वास में वृद्धि और सेवा की पारदर्शिता मजबूत होती है। 91 प्रमाणित स्वास्थ्य केंद्रों में 84 स्वास्थ्य केंद्र समुदाय स्तर पर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर-स्वास्थ्य उपकेंद्र हैं। सरकार की पूरी कोशिश है कि ग्रामीण स्तर पर रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उनके नजदीक ही उपलब्ध हो। इससे प्राथमिक स्तर पर ही रोगों की पहचान और उपचार संभव हो पा रहा है। गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं एवं बुजुर्गों को समय पर देखभाल मिल रही है। रेफरल की आवश्यकता में कमी आई है और जिला अस्पतालों पर अनावश्यक दबाव भी घटा है। ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और विश्वास दोनों को सुदृढ़ किया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से सभी स्वास्थ्य संस्थानों को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत प्रशिक्षण, संसाधनों की उपलब्धता, नियमित निरीक्षण एवं डिजिटल मॉनिटरिंग की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। आने वाले समय में और अधिक स्वास्थ्य संस्थानों को एनक्यूएएस एवं लक्ष्य से प्रमाणित कर बिहार को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन एवं कृषि आधारित उद्यमिता को नई गति : राम कृपाल

# कृषि रोड मैप से उत्पादन, उत्पादकता एवं किसान के आय में उल्लेखनीय वृद्धि

- डिजिटल कृषि, डीबीटी और पारदर्शी व्यवस्था से सशक्त हो रहे किसान



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सूचना एवं जन-संपर्क विभाग, सूचना भवन स्थित संवाद कक्ष में कृषि विभाग के मंत्री राम कृपाल यादव ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, नवाचार आधारित पहलों तथा किसानों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की विस्तृत जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र को सशक्त, आधुनिक एवं लाभकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रेस वार्ता का उद्देश्य कृषि विभाग की उपलब्धियों, नीतिगत पहलों एवं भविष्य की दिशा को स्पष्ट रूप से जनता के समक्ष रखना है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में सरकार का स्पष्ट संकल्प है–कृषि को लाभकारी, आधुनिक और सम्मानजनक पेशा बनाना। छोटे एवं सीमांत किसानों को विकास की मुख्यधारा में लाना तथा उनकी आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में कृषि रोड मैप के माध्यम से राज्य में उत्पादन, उत्पादकता एवं किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बीज, उर्वरक, सिंचाई सुविधाएँ, आधुनिक कृषि यंत्र, डिजिटल सेवाएँ एवं विभिन्न सहायता योजनाओं को प्रभावी ढंग से किसानों तक पहुँचाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानती है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए टिकाऊ एवं स्मार्ट खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, बेहतर बाजार व्यवस्था एवं कृषि आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुँचे, इसके लिए डीबीटी एवं डिजिटल प्रणाली को मजबूत किया गया है तथा पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है। भ्रष्टाचार एवं बिचौलिया व्यवस्था पर सख्त नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे सरकार और किसानों के बीच सशक्त सेतु की भूमिका निभाएँ तथा योजनाओं की सही जानकारी गाँव-गाँव तक पहुँचाएँ।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है और उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने अपने संबोधन में राज्य के कृषि रोड मैप की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सुनियोजित रणनीति और समन्वित प्रयासों से बिहार कृषि विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कृषि कर्मण पुरस्कार के माध्यम से राज्य को प्राप्त राष्ट्रीय पहचान, फसल उत्पादन एवं उत्पादकता में हुई उल्लेखनीय वृद्धि तथा डिजिटल कृषि पहलों के विस्तार की जानकारी दी। कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव ने राज्य में कृषि क्षेत्र की प्रगति एवं विभागीय पहलों की विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार ने बताया कि छोटे एवं सीमांत किसानों की आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए क्लस्टर आधारित खेती की रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। विपणन निदेशालय के निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा राज्य के बाजार प्रांगणों के जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण एवं नए बाजार परिसरों के निर्माण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इन पहलों से किसानों को अपने कृषि उत्पादों के सुरक्षित भंडारण, सुव्यवस्थित प्रदर्शन एवं सुगम विक्रय की बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो रही हैं, जिससे उन्हें उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिल रही है। उल्लेखनीय है कि भारत-विस्तार का आधिकारिक लोगो अपनाने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। साथ ही, इसकी अत्याधुनिक चैटबॉट सुविधा को व्यवहार में लाने वाला भी बिहार अग्रणी राज्य बन गया है। यह उपलब्धि राज्य की डिजिटल कृषि नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और किसानों को तकनीक-संचालित, त्वरित एवं वैज्ञानिक सेवाएँ प्रदान करने की दूरदर्शी पहल को दशार्ती है।


भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–03, पटना
बिहार सरकार

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–120 वर्ष–2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 27.02.2026 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 28.02.2026 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 28.02.2026 (3:30 बजे अपराहन्)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, भ0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत भवन अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल,पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लाख में | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Provision of E/W and E/I along with networking for newly constructed workstation and bathroom wiring of central building div -02 in the campus of central building division, mangals road, Patna. | 5,00,145.00 | 10,100.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 2. | S/R with addition & alteration to E/I in Palna Ghar at 2nd floor of Vidhan Parishad annexy Building Patna. | 4,11,968.00 | 4,200.00 | 750.00 | 15 Days |

PR. No. 024362 (BCD) 2025-26

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।


# गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत राज्य के 324 किसानों को मिली यंत्र खरीदने की परमिट

- तीन सौ से अधिक गन्ना किसानों ने क्रय किए यंत्र
- यंत्रों की खरीद के लिए राज्य के कई चीनी मिलों में लगाए गए थे कैंप



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। गन्ना उद्योग विभाग द्वारा संचालित गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत राज्य के 324 किसानों को यंत्र खरीदने के लिए परमिट जारी किया गया है। जिसमें अभी तक 300 से अधिक गन्ना किसानों ने खेत की तैयारी से लेकर फसल की कटाई में उपयोग होने वाले यंत्रों की खरीद की है। इन यंत्रों पर राज्य सरकार द्वारा किसानों को 50 से 60 फीसदी तक अनुदान दिया जा रहा है। विदित हो कि राज्य सरकार के आदेश पर गन्ना उद्योग विभाग ने गन्ना की खेती करने वाले किसानों के लिए गन्ना यंत्रीकरण योजना शुरू की है। इस योजना के तहत राज्य सरकार गन्ना की खेती में लगने वाले 11 प्रकार के यंत्रों को खरीदने के लिए किसानों को अनुदान देती है।

विभाग के अनुसार गन्ना की खेती करने के लिए खेत की तैयारी से लेकर गन्ने की कटाई के दौरान तक विभिन्न यंत्रों जैसे - डिस्क हैरो, पावर वीडर, पावर टीलर, लैंड लेवलर, लेजर लेवलर, रैटून मैनेजमेंट डिवाइस, रोटावेटर, मिनी ट्रैक्टर (4डब्लूडी), ट्रैक्टर माउंटेड हाइड्रॉलिक स्प्रेयर, शुगरकेन कटर प्लांटर एवं हाइड्रॉलिक डिस्क हैरो आदि यंत्रों की जरूरत पड़ती है। गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने इस योजना को लागू किया है। ताकि किसान अनुदानित दर पर इन आधुनिक यंत्रों की खरीद कर गन्ने की खेती बेहतर तरीके से कर सकें। बताया जाता है कि इस योजना के तहत गन्ना उद्योग विभाग ने चतुर्थ रैंडमाइजेशन में राज्य के कुल 324 किसानों को परमिट जारी किया है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ रैंडमाइजेशन में चयनीत किसानों ने अब तक 300 से अधिक यंत्रों की खरीद की है। इसके लिए 5 और 6 फरवरी को बगहा चीनी मिल, लौरिया, मझौलिया, नरकटियागंज तथा हरिनगर चीनी मिल में यंत्रीकरण कैंप लगाए गए थे। जिसमें माननीय गन्ना उद्योग मंत्री श्री संजय कुमार ने चयनित किसानों को यंत्र वितरित किए। इसके बाद 9 और 10 फरवरी को सुगौली चीनी मिल, सिधवलिया, विष्णु एवं प्रतापपुर चीनी मिल, 11 और 12 फरवरी को समस्तीपुर जिले के हसनपुर चीनी मिल तथा 13 और 14 फरवरी को सीतामढ़ी जिले के रीगा चीनी मिल में यंत्रीकरण कैंप आयोजित किए गए थे, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने विभिन्न यंत्रों की अग्रिम बुकिंग एवं क्रय किया। इसके लिए आगे भी यंत्रीकरण कैंप आयोजित किए जाएंगे। बिहार में गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार कई योजनाएं शुरू की है। गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत चयनित किसानों को परमिट जारी किया गया है, जिससे कि किसान अनुदानित दर पर आधुनिक यंत्रों की खरीद कर सकें।

# लालू प्रसाद, राबड़ी देवी सहित राजद नेताओं ने माहे रमजान की मुबारकबाद दी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पुर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, संजय यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बिनु यादव,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय कुमार सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, पूर्व मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता,इसराइल मंसूरी, शिवचंद्र राम,प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधान पार्षद मो कारी शोएेब, डॉ उर्मिला ठाकुर,प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित अन्य नेताओं ने मुस्लिम भाइयों को माहे रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह मुस्लिम भाइयों के लिए इबादत का एक पवित्र महीना है। इस महीने में लोग रोजा रखते हैं, इबादत और विशेष नमाज (तरावीह) अदा करके अल्लाह से दुआ मांगते हैं । माहे रमजान में मांगी गई दुआएं अल्लाह ताला कबूल करते हैं । इस मुबारक महीना में हम सभी मिलकर अल्लाह ताला से दुआ करे कि हम सभी प्रेम, मोहब्बत, इंसानियत और भाईचारा की मजबूती के लिए तथा सुबा बिहार और मूल्क की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगे।


गन्ना उद्योग विभाग
बिहार सरकार

गन्ना किसान भाईयों एवं बहनों के लिए आवश्यक सूचना

मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना अंतर्गत वसंतकालीन गन्ना रोपण हेतु प्रमाणित बीज क्रय अनुदान तथा बड चिप/सिंगल बड पद्धति से गन्ना रोपाई के प्रत्यक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं।

इच्छुक किसान केन केयर पोर्टल – ccs.bihar.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि: 25 फरवरी 2026

योजना का विवरण:

- प्रमाणित गन्ना बीज क्रय पर **₹210/₹240** प्रति क्विंटल की दर से अनुदान देय है।
- बड चिप/सिंगल बड पद्धति से गन्ना रोपाई के प्रत्यक्षण पर अधिकतम **₹15,000/- तक** का अनुदान देय है।
- योजना का लाभ अधिकतम **01 (एक) एकड़** क्षेत्रफल के लिए देय है।
- आवेदन हेतु कृषि विभाग का **13 अंकों वाला डीबीटी आईडी** सहित **गन्ना किसान पंजीकरण आईडी** अनिवार्य है।
- अनुदान राशि का भुगतान सीधे लाभुक किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा।
- प्रमाणित गन्ना बीज क्रय अनुदान अंतर्गत **16 गन्ना प्रभेदों** में से चयन की सुविधा उपलब्ध है।
- प्रथम चरण के सत्यापन उपरांत बीज क्रय हेतु स्वीकृति आदेश निर्गत किया जाएगा।
- स्वीकृति पत्र के आलोक में वसंतकालीन गन्ना बुआई हेतु बीज का उठाव एवं रोपण किया जाएगा।
- इसके उपरांत विभाग द्वारा द्वितीय चरण में खेत का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।
- सत्यापन के उपरांत लाभुक किसानों को अनुमान्य अनुदान राशि का भुगतान किया जाएगा।

नोटः-आवेदक किसान इनमें से किसी एक ही योजना का लाभ लेने के पात्र होंगे।



PR No.- 024478 (Sugarcane)D. 2025-26

नोटः विशेष जानकारी हेतु संबंधित सहायक निदेशक, ईख विकास / ईख पदाधिकारी कार्यालय अथवा चीनी मिल से संपर्क किया जा सकता है।

0612- 2215788 | 09:30AM - 06:00PM (सभी कार्य दिवस)

## संक्षिप्त खबरें

### लड़की की गोली मारकर हत्या आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। एक बॉयफ्रेंड ने अपनी गर्लफ्रेंड के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। प्रेमी को शक था कि उसकी गर्लफ्रेंड दूसरे लड़के से बात करती है। दोनों नाबालिग बताए गये हैं। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है। मर्डर के बाद प्रेमी खुद पुलिस के पास जाकर जुर्म कबूल करना चाहता था, लेकिन रास्ते में पुलिस की गाड़ी देखकर भागने लगा। पुलिस ने जब उसे पकड़ा तो उसने सारी कहानी बता दी। घटना सकरा थाना इलाके की है नाबालिग लड़की 9वीं का छात्र थी और प्रेमी भी नाबालिग है डीएसपी पूर्वी -2 मनोज कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने प्रेम-प्रसंग में शक होने पर हत्या की है। तलाशी लेने पर उसके पास पिस्टल बरामद किया गया है। मौके से एक खोखा मिला है। लड़के को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर एसएफआई ने किया चर्चा

विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत भुसवर पंचायत के शाहपुर गांव स्थित श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर में एसएफआई की बैठक छात्र नेता केशव झा की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिक्षा की वर्तमान स्थिति और छात्रों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गयी छात्र नेता ने कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या यह है कि बच्चे कॉलेज पढ़ाई के लिए नहीं जाते है उन्होंने डीबीकेएन कालेज नरहन की शैक्षणिक सुविधाओं को रेखांकित करते हुए बताया कि कॉलेज में सेंट्रल लाइब्रेरी की व्यवस्था है, नियमित कक्षाएं संचालित करने के लिए योग्य एवं क्वालिफाइड प्रोफेसर उपलब्ध हैं, खेलकूद से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मौजूद हैं तथा प्रैक्टिकल विषयों के लिए सुसज्जित लैब की सुविधा भी है। उन्होंने कहा कि जब संसाधन उपलब्ध हैं, तब छात्रों का कर्तव्य है कि वे उनका लाभ उठाएं उन्होंने कालेज में एसएफआई की उपलब्धि को विस्तार से बताया बैठक में उपस्थित लोगों ने शिक्षा के प्रति गंभीरता बढ़ाने और छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

### 21 फरवरी को होगा जितवारपुर क्राफ्ट टूरिज्म विलेज कार्यारंभ समारोह

मधुबनी। वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से मधुबनी जिले के प्रसिद्ध जितवारपुर गांव को क्राफ्ट टूरिज्म विलेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत 21 फरवरी 2026 को कार्यारंभ समारोह का आयोजन किया जाएगा।यह परियोजना बिहार संग्रहालय द्वारा स्वीकृति मिलने के पश्चात प्रारंभ की जा रही है, जिससे क्षेत्रीय कला, संस्कृति और हस्तशिल्प को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी।यह परियोजना न केवल स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी, बल्कि मधुबनी की समृद्ध कला परंपरा को पर्यटन से जोड़कर जिले के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### पुलिस सब-इंस्पेक्टर घूस लेते हुए गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिले के सदर थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर भास्कर कुमार मिश्रा को निगरानी विभाग की टीम ने 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई उस समय की गई जब वे एक मामले की डायरी कमजोर करने के नाम पर रिश्वत की राशि ले रहे थे।जिला में लगातार दूसरे दिन विजिलेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई की है।कल प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए थे ।बुधवार की सुबह सदर थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर भास्कर कुमार मिश्रा को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। अनुसंधान भास्कर मिश्रा ने एक मुकदमे में मदद करने के नाम पर पीड़ित से 50 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने इसकी सूचना निगरानी विभाग को दी ,सत्यापन के बाद निगरानी टीम ने जाल बिछाया और 15 हजार रुपये की पहली किस्त लेते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया निगरानी डीएसपी संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी की कार्रवाई सदर थाना परिसर में ही की गई, जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। निगरानी टीम आरोपी अधिकारी को अपने साथ ले गई, जहां आगे की पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।वादी अमन कुमार ने बताया कि एक अपहरण के मामले में उनके भाई का नाम आया थी , केस आईओ भास्कर मिश्रा ने नाम हटाने के लिये 50 हजार रुपये की मांग की थी । मामला 30 हजार में फाइनल हुआ ,आज पहली किस्त दी जा रही थी, जिसकी सूचना हमने निगरानी को दे रखी थी । थाना परिसर से ही दरोगा की गिरफ्तारी हुई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वाईब्रेन्ट विलेज प्रोग्राम के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। जिलाधिकारी, आनंद शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में वाईब्रेन्ट विलेज प्रोग्राम के तहत आधारभूत संरचना की स्थापना एवं विकास को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सभी सीमावर्ती 7 प्रखंडों के 36 गांवों में अभी आधारभूत संरचना की स्थापना एवं विकास के लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को प्रस्ताव देने हेतु निदेश दिया गया।उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को उक्त गांवों में विवाह भवन,लाइब्रेरी, सड़क, सामुदायिक भवन, छठ घाट, खेल मैदान, स्वास्थ्य उप केंद्र, आदर्श विद्यालय, इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट आदि से संबंधित आधारभूत संरचना से संबंधित प्रस्ताव हेतु अग्रेत्तर कारवाई करने का निदेश दिया।विदित हो कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड के खौना, जोंकी, लौठवा, मझौरा हरलाखी प्रखंड के गंगौर, गोपालपुर, हरलाखी, कमतौल, करुणा, मनोहरपुर, नहरनिया, फुलहर, पिपरौन, उमगाव, जयनगर प्रखंड के बेलही, शिलानाथ दुल्लीपट्टी, उसराही देवधा, मधवापुर प्रखंड के बसबरिया, दुर्गापट्टी, हनुमान नगर, लोमा, महुआ, परसा, राम नगर कजरा, सहार, लदनियां प्रखंड के जोगिया, लौकहा(खुटौना) प्रखंड के अनहरबन, बंदरझूली, पिपराही, लछमीपुर तथा लौकही प्रखंड के नारी, थरवाहि, हरभंगा, महदेवा, अन्धरामठ एवं भरफोरी सहित कुल 36 गांवों को वाईब्रेन्ट विलेज प्रोग्राम के तहत चयनिय किया गया है।जिसका उद्देश्य सीमावर्ती गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास यथा-सड़क, बिजली, पानी, मोबाइल नेटवर्क की सुविधा स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं में सुधार रोजगार के अवसर बढ़ाना,पलायन रोकना और गांवों को आत्मनिर्भर बनाना है।जिला स्तरीय समिति के जिलाधिकारी अध्यक्ष एवं जिला योजना पदाधिकारी सह-सहायक नोडल पदाधिकारी को संयोजक सहित विभिन्न संबंधित विभागों के कुल 26 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त सुमन प्रसाद साह,सिविल सर्जन डॉ हरेंद्र कुमार,जिला योजना पदाधिकारी समादेष्टा सीमा सुरक्षा बल,डीपीआरओ परिमल कुमार,डीपीओ आईसीडीएस सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

# आयुक्त ने पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु अधिकारियों के साथ किये समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा। आयुक्त प्रमंडल दरभंगा हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में प्रमण्डलीय सभागार में दरभंगा प्रमण्डल के अंतर्गत आने वाले तीनों जिलों दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर के अधिकारियों के साथ पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर पंचायती राज विभाग से संबंधित प्रमण्डल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक हुई। आयुक्त ने पंचायत सरकार भवन निर्माण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत सरकार भवनों के लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। आयुक्त महोदय ने कन्या विवाह मंडप एवं मुक्ति धाम निर्माण कार्यों की भी बारी-बारी से समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि इन योजनाओं के तहत स्वीकृत सभी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए, ताकि ग्रामीण जनता को आवश्यक सामाजिक एवं सामुदायिक सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें।बैठक में 15वीं वित्त योजना एवं 6वीं वित्त योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि के व्यय, प्रगति एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। आयुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को ससमय पर प्राप्त करने के लिए समन्वय और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। बैठक में क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी आकाश ऐश्वर्य,तीनों जिलों के कार्यपालक अभियंता (भवन), कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राजस्व महाअभियान एवं फार्मर रजिस्ट्री की सख्त समीक्षाः पांच अंचलाधिकारियों से शो-कॉज

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से चलाए गये राजस्व महाअभियान की प्रगति की जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने विस्तृत समीक्षा की। समाहरणालय में आयोजित बैठक में अंचलवार कार्यों की गहन जांच की गई, जिसमें पांच अंचलों का प्रदर्शन अत्यंत असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित अंचलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में राजस्व महाअभियान के अंतर्गत कुल 1,22,939 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 73.67 प्रतिशत मामलों की ऑनलाइन प्रविष्टि की गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि डिजिटल इंट्री ही अभियान की सफलता की कुंजी है, क्योंकि इससे पारदर्शिता बढ़ती है, निगरानी आसान होती है और आम जनता को समयबद्ध सेवा सुनिश्चित की जा सकती है। हालांकि समीक्षा में पाया गया कि कांटी, कुढ़नी, सरैया, कटरा और मुसहरी अंचल में ऑनलाइन इंट्री का प्रतिशत अत्यंत कम है। आंकड़ों के अनुसार कांटी में मात्र 30 प्रतिशत, कुढ़नी में 49 प्रतिशत, सरैया में 56 प्रतिशत, कटरा में 60 प्रतिशत तथा मुसहरी में 64 प्रतिशत ही आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए हैं। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जिलाधिकारी ने इन पांचों अंचलों के अंचलाधिकारियों से कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों में शिथिलता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की भी गहन समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि किसान पंजीकरण की गति अपेक्षित स्तर पर नहीं है। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने 22 किसान सलाहकार और 22 कृषि समन्वयकों का वेतन तत्काल प्रभाव से बंद करते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं 106 किसान सलाहकार एवं कृषि समन्वयकों से भी केवल स्पष्टीकरण पूछा गया है।

# प्रमंडल स्तरीय 3 दिवसीय बागवानी महोत्सव का आयुक्त ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। प्रमंडल स्तरीय बागवानी महोत्सव का भव्य आयोजन लीची अनुसंधान केंद्र, मुसहरी में किया गया है। तीन दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को तिरहुत प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, गार्डनर एवं पुष्प प्रेमी शामिल हुए।उद्घाटन के उपरांत प्रमंडलीय आयुक्त ने कृषि विभाग द्वारा लगाए गए 10 स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर प्रदर्शित उत्पादों एवं तकनीकों की जानकारी ली तथा उपस्थित किसानों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से अपील की कि वे महोत्सव में उपलब्ध तकनीकी जानकारी और योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें।महोत्सव में सामान्य रूप से उत्पादित फल, फूल एवं सब्जियों के साथ-साथ पॉली हाउस में उत्पादित शिमला मिर्च, मशरूम, शहद, पान के पत्ते तथा जाड़े के मौसमी फूलों के पौधों को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। आधुनिक तकनीक से तैयार इन उत्पादों ने आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। पॉली हाउस में उगाई गई सब्जियों की गुणवत्ता और आकर्षक पैकेजिंग को देखकर किसान उत्साहित नजर आए।कार्यक्रम के दौरान फल, फूल, सब्जी, पान, मखाना एवं शहद जैसी फसलों की वैज्ञानिक खेती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जा रही है। तीन दिवसीय इस बागवानी महोत्सव का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना, उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा उत्पादों के बेहतर विपणन की संभावनाओं से अवगत कराना है।

## लीची उत्पादकों की गोष्ठी में आधुनिक तकनीक की दी गई जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बन्दरा प्रखंड के हरपुर मध्य विद्यालय प्रांगण स्थित भोला बाबा मंदिर परिसर में लीची उत्पादकों के लिए सुपरप्लम कंपनी द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लीची किसानों ने भाग लेकर आधुनिक खेती, गुणवत्ता सुधार और निर्यात के अवसरों पर विस्तार से जानकारी हासिल की। कंपनी के सीनियर डायरेक्टर प्रोक्योरमेंट डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि कंपनी पिछले छह वर्षों से क्षेत्र में कार्य कर रही है और अब तकनीकी सहयोग के जरिए बागानों की नियमित देखरेख, फ्लोरिंग समस्या समाधान, पेड़ों की कटाई-छंटाई और जड़ों तक सूर्य की रोशनी पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों के सामने बेहतर दाम, कम लागत और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन बड़ी चुनौती है, जिसे कंपनी फसल पूर्व आवंटन, पारदर्शी मूल्य निर्धारण और स्थानीय संग्रहण सुविधा से दूर कर रही है। किसान प्रतिनिधि बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि मुजफ्फरपुर सहित छह जिलों की शाही लीची को जीआई टैग मिला है। किसान अपने बगीचे का भी जीआई पंजीकरण कराकर उत्पाद का मूल्य बढ़ा सकते हैं। बैठक में आधुनिक एग्रोनॉमी तकनीक, पोस्ट-हार्वेस्ट मैनेजमेंट, कोल्ड चेन, डिजिटल सप्लाई चेन और एक्सपोर्ट मानकों की जानकारी साझा की गई। कंपनी ने ग्लोबल गैप सर्टिफिकेट के लिए निवेश कर यूरोपीय देशों में निर्यात की तैयारी भी तेज की है। किसानों को सुरक्षित कीटनाशकों और इको-फ्रेंडली तरीकों के उपयोग की सलाह दी गई। कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि सुपरप्लम बिहार, पश्चिम बंगाल और पंजाब सहित लीची उत्पादक राज्यों में कार्य कर रही है और लीची को देश के विभिन्न राज्यों के साथ कनाडा, यूरोप और यूएई तक पहुंचा रही है। डिजिटल भुगतान, कटाई से पहले मूल्य की जानकारी और खेत पर खरीद की सुविधा से किसानों को बाजार से बेहतर दाम मिल रहे हैं। पिछले वर्ष समुद्री मार्ग से दुबई निर्यात सफल रहा और इस साल निर्यात मात्रा तीन गुना करने का लक्ष्य रखा गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, से भारत एवं अन्य देशों की टेलीडेन्सीटी बढ़ेगा : प्रधानाचार्य

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अंगीभूत इकाई एमएलएसएम कॉलेज दरभंगा में भौतिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 13-14 मार्च को होगा। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का विषय एटॉमिक प्रोसेस, लेजर, नेनोमेटेरियल, एवं टेराहर्टज टेक्नोलॉली फॉर ऑप्टिकल फाईबर काम्यूनिकेशन है।इस कॉन्फ्रेंस का मूल उदेश्य ऑप्टिकल फाईबर काम्यूनिकेशन के क्षेत्र में होने वाली महत्वपूर्ण आधुनिकता व इसके परिपेक्षय में होने वाली समस्या पर विचार किया जाएगा। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शंभु कुमार यादव ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, से भारत एवं अन्य देशों की टेलीडेन्सीटी बढ़ेगा एवं अन्तर्राष्ट्रीय समाज में उच्च गुणवता पूर्ण बैंड विड्थ की उपलब्धता से संचार संर्किणता की समाप्ति होगी तथा ग्लोबलाईजेशन हेतु यह कॉन्फ्रेंस सहायक सिद्ध होगा। ऑप्टिकल फाईबर काम्यूनिकेशन के क्षेत्र में अधिकतम विकास हेतु अन्य विज्ञान विषयों जैसे लेजर भौतिकी, नेनो सांईस, व टेराहर्टज टेक्नॉलॉजी को भी सम्मिलत किया गया है। संयोजक डॉ वेदनाथ झा भौतिकी विभाग एम.एल. एस.एम.कॉलेज दरभंगा ने बताया कि डॉ मुकेश जेवारिया, सांइटिस्ट, नेशनल फिजिकल लेबोरेट्री, सी एसआईआर, नई दिल्ली को मुख्या बकता के रूप में आमंत्रित किया गया है। विदेशो से आने वाले वकताओं में डॉ. जमिल अंसारी, डॉ. रजि अहमद, डॉ अजय कुमार झा, शामिल है। भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एसएमएएच नोमानी ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस की शुभकामना पत्र देश-विदेशों के वैज्ञानिक, कुलपतियों व नोबेल प्राईज विजेता के द्वारा दी गई है। भौतिकी विभाग में उपस्थित प्राचार्य डॉ भारतेन्दु कुमार, डॉ0 गोपाल चन्द्र प्रकाश, डॉ सुधिर कुमार से इस कॉन्फ्रेंस से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिसमें कहा गया है कि 13-14 मार्च 26 को इंडियन सांईस कांग्रेस से सहभागिता की अनुमति मिली है। साथ साथ ए एन आर एफ, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली ऑप्टिकल सोसाईटी ऑफ इंडिया ने आर्थिक सहयोग देकर प्रायोजकता की जिम्मेवारी ली है। मिथिलाचंल के क्षेत्र में इस स्तर की सम्मेलन को लेकर सभी बुद्धीजिवी वर्ग उत्साहित है। डॉ मनोज कुमार वर्मा एवं डॉ रंजन कुमार आई क्यू ए सी विभाग, एमएलएस,एम,कॉलेज दरभंगा की तरफ से प्रसन्नता व्यक्त की, कि डॉ आलोक कुमार सिंह झा व डॉ शिल्पी अग्रवाल, भौतिकी विभाग, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय न्यू दिल्ली ने भी वकता के रूप में भाग लेंगे। पुनः संयुक्त संयोजक डॉ आंनद मोहन झा, रसायनशास्त्र विभाग एमएलएसएमकॉलेज दरभंगा ने बताया कि ऑप्टिकल फाईबर वैज्ञानिक प्रो नवीन निश्चल, आईआईटी पटना, डॉ राकेश रौशन, एनआईटी पटना और प्रो राजन झा, आईआईटी भुवनेश्वर, भी इस सेमिनार में शामिल होंगे। पुनः संयोजक डॉ वेदनाथ झा, ने बताया कि इस सेमिनार में सम्मिलत होने हेतु 28 फरबरी 2026 तक रजिस्टेशन होगी। रजिस्टेशन हेतु विवरणीका एवं कॉन्फ्रेंस के बेबसाईट पर सभी जानकारी उपलब्ध है। कॉलेज के मिडिया प्रभारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस की सफलता के लिए कॉन्फ्रेंस से संबंधित जानकारी का प्रचार प्रसार भी आवश्यक है।

# बेनीपुर विधायक के मांग पर सड़कों की गुणवत्ता की होगी निगरानी जांच

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों की गुणवत्ता को लेकर अब निगरानी जांच कराई जाएगी। ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने बिहार विधानसभा में यह घोषणा बेनीपुर विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी के तारांकित प्रश्न के उत्तर में की। विधायक प्रो. चौधरी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत स्वीकृत बेनीपुरझमनीगाछी तथा जगन्नाथपुरझ पटनिया पथ के निर्माण में देरी और गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। मंत्री ने बताया कि बेनीपुरझमनीगाछी पथ पर अत्यधिक ट्रैफिक दबाव के कारण प्राक्कलन का पुनरीक्षण कर पुनः स्वीकृति दी गई है और कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं, जगन्नाथपुरझ पटनिया पथ में कार्य की धीमी प्रगति के कारण संवेदक की निविदा रद्द कर नई निविदा जारी कर जल्द काम शुरू करने की बात कही गई है। इसके अलावा मधुबन रजवाड़ा पथ सहित नव-निर्मित और निमार्णाधीन सड़कों की गुणवत्ता की जांच निगरानी विभाग से कराने की घोषणा के बाद संबंधित संवेदकों में हड़कंप मच गया है। विधायक ने उम्मीद जताई है कि जांच के बाद क्षेत्र में सड़कों की गुणवत्ता और कार्य में सुधार होगा।

# दामोदर बाबू की 112 वीं जयंती मनाई गई

मुजफ्फरपुर । स्थानीय थियोसॉफिकल लॉज,नयाटोला के सभागार में जागृति संस्था सरैया एवं सिया -दामोदर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी ,प्रसिद्ध समाजसेवी एवं किसान नेता स्वर्गीय दामोदर प्रसाद सिंह की 112वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता चितरंजन सिन्हा कनक एवं संचालन उमेश राज.ने किया ।कार्यक्रम के शुभारंभ में स्व.दामोदर प्रसाद सिंह की तैलचित्र पर अतिथियों ने पुष्प अर्पित किया एवं उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए संस्मरण प्रस्तुत किया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्व में से प्रमुख डॉक्टर मोनालिसा,डॉक्टर भगवानलाल सहनी,समाजसेवी राजेश शाही,डॉक्टर नागेंद्र नाथ ओझा (मरणोपरांत),डॉक्टर पुष्पा गुप्ता,डॉक्टर विनोद कुमार सिन्हा को सम्मानित भी किया गया ।समारोह में उपस्थित अन्य अतिथियों में प्रमुख रूप से कुढ़नी विधायक केदार प्रसाद गुप्ता,अरुण कुमार शुक्ला,सतेंद्र कुमार सत्येन,रणवीर अभिमन्यु,ओम प्रकाश गुप्ता,रघुनाथ मोहब्बतपुरिया,डॉक्टर पुष्पा गुप्ता,डॉक्टर शैल केजरीवाल,मुन्नी चौधरी,मधुमंगल ठाकुर,चितरंजन कुमार शर्मा,दिलीप सत्यार्थी,राजेश कुमार शाही,डॉक्टर विनोद कुमार सिन्हा,के.आर. पी.वर्मा,डॉक्टर एच.एल.गुप्ता, डॉक्टर जगदीश शर्मा,रंजीत कुमार यादव,दीनबंधु आजाद, अंजनी कुमार पाठक,अरुण कुमार तुलसी,रामबृक्ष राम चकपुरी,देवेंद्र राकेश अध्यक्ष बज्जिकांचल विकास पार्टी,चिराग पोद्दार,अजय कुमार,सुनील ओझा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा महासचिव ने झड़प में घायलों को देखने डीएमसीएच पहुंच ,हालचाल जाना



प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा)।बीते सोमवार को पाली में आयोजित क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मुकाबले के दौरान हुई हिंसक झड़प की घटना को लेकर भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने गहरी चिंता व्यक्त की है।बुधवार को वे डीएमएच पहुँचे, जहाँ इस घटना में घायल रसियारी निवासी दुगार्नंद झा एवं पाली ग्राम निवासी आदित्य मिश्र से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने दोनों घायलों से घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा चिकित्सकों से भी उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएँ खेल की भावना एवं सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुँचाती हैं। खेल मैदान आपसी भाईचारे और प्रतिभा प्रदर्शन का मंच होता है, न कि हिंसा का। उन्होंने प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित दो आरोपितों की गिरफ्तारी किए जाने पर संतोष व्यक्त किया तथा आशा जताई कि इस घटना में शामिल सभी दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी और पीड़ितों को न्याय मिलेगा।श्री संजय सिंह ने समाज के सभी वर्गों से शांति, सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की और कहा कि सामाजिक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

# जिलाधिकारी व सिविल सर्जन ने सराहा आयाची नगर युवा फाउंडेशन का जनसेवा अभियान



मधुबनी। सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल प्रस्तुत करते हुए आयाची नगर युवा फाउंडेशन ने वर्ष 2024झ25 में मधुबनी जिले में सर्वाधिक रक्तदान शिविर आयोजित कर तथा सर्वाधिक रक्त संग्रह कर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संस्था द्वारा पूरे वर्ष में 18 वृहद रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन कर लगभग 400 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जिले के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है।इस उत्कृष्ट एवं जीवनदायी कार्य के लिए जिलाधिकारी, मधुबनी आनंद शर्मा द्वारा संस्था के संस्थापक विक्की मंडल को औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सदर अस्पताल स्थित पीकू भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन, मधुबनी डॉ. हरेंद्र कुमार ने भी संस्था को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. कुणाल कौशल, डॉ. राजीव रंजन सहित अनेक चिकित्सक,पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने संस्था के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।ग्रामीण अंचलों तक पहुंची रक्तदान की अलखआयाची नगर युवा फाउंडेशन ने केवल शहरी क्षेत्र तक ही सीमित न रहकर सुदूर ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में भी रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। संस्था के संस्थापक विक्की मंडल के नेतृत्व में टीम के प्रत्येक सदस्य ने घर-घर संपर्क कर युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक किया और मानव सेवा के इस महाअभियान से जोड़ा।संस्था की ओर से अब तक लगभग 1000 यूनिट रक्त जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क उपलब्ध कराया जा चुका है। गंभीर बीमारी, दुर्घटना अथवा आपातकालीन परिस्थितियों में संस्था की तत्परता से अनेक परिवारों को संबल मिला है और कई लोगों को जीवनदान प्राप्त हुआ है। प्रशासन ने की सराहना, निरंतरता का दिया संदेशजिलाधिकारी आनंद शर्मा ने संस्था के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान जैसा पुनीत कार्य समाज में परस्पर सहयोग एवं मानवीय एकता की भावना को सुदृढ़ करता है। उन्होंने संस्था को भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्यों को निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया।सिविल सर्जन डॉ. हरेंद्र कुमार ने विक्की मंडल एवं उनकी टीम को सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में उनका योगदानअनुकरणीय है। ऐसे प्रयासों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा अधिक से अधिक लोग स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आते हैं।टीम भावना से मिली सफलताइस पुनीत अभियान में संस्था के सदस्य—धीरज लाभ, मनोज कंठ, प्रवीण कुमार झा, विकास साहू, दीपक कुमार, हरखु झा, रमेश ठाकुर, नंदू ठाकुर, सतीश मंडल एवं कौशल मंडल—का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम की समर्पित भावना और सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि संभव हो सकी है। आयाची नगर युवा फाउंडेशन का यह कार्य न केवल मधुबनी जिले के लिए गौरव की बात है, बल्कि सामाजिक दायित्व एवं मानवीय संवेदनशीलता का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है। संस्था की यह उपलब्धि आने वाले समय में अन्य सामाजिक संगठनों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

## डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाएंगे केनव्यू के दो नए उत्पाद




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से बचने और रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों के पास अब और विकल्प होंगे। देश की जानी-मानी हेल्थकेयर कंपनी केनव्यू ने इन जरूरतों को देखते हुए दो नए उत्पाद पेश कर दिए हैं। भारत में अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए केनव्यू ने ओआरएसएल (डफ्रछ) और ईआरजेडएल (फ्फ्छि) नाम के दो अलग-अलग ब्रांड पेश किए हैं। कंपनी का कहना है कि देश में डिहाइड्रेशन एक अहम स्वास्थ्य समस्या है और इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। कंपनी के मुताबिक, ओआरएसएलल डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक फॉमूर्ले पर आधारित है और रेडी-टू-ड्रिंक व पाउडर दोनों रूपों में उपलब्ध होगा। वहीं ईआरजेडएल को रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लॉन्च किया गया है। यह नया ब्रांड थकान, कमजोरी, गर्मी से होने वाली परेशानी या हल्के-मध्यम डिहाइड्रेशन में मदद करेगा। कंपनी के अनुसार, ईआरजेडएल में पहले की तुलना में 1.4 गुना ज्यादा इलेक्ट्रोलाइट्स और 8 गुना कम शुगर है, जिससे यह पानी की तुलना में तेजी से हाइड्रेशन देने में सक्षम है। ईआरजेडएल ड्रिंक में सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड, विटामिन सी और असली फलों का रस शामिल है, जिससे यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहतमंद भी रहे। केनव्यू इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष आनंदानी ने कहा कि कंपनी लंबे समय से हाइड्रेशन के क्षेत्र में काम कर रही है और अब दो-ब्रांड रणनीति के जरिए बीमारी के दौरान और रोजमर्रा की देखभाल-दोनों जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि भारत में इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी इस क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा कुशेश्वरस्थान में चार दिवसीय शिव-पार्वती विवाह उत्सव सम्पन्न

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। मिथिला की देवघर के नाम से विख्यात बाबा कुशेश्वरनाथ मंदिर में चार दिवसीय शिव-पार्वती विवाह उत्सव का बुधवार को पारंपरिक चौठारी रस्म के साथ सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस अवसर पर मिथिला की परंपरा अनुसार विशेष पूजा, हवन और भव्य आरती उतार कर भोलेनाथ और मैया पार्वती का चौठारी पगड़ी बंधन कार्य सम्पन्न हुआ। वहीं सभी मंदिरों में नया ध्वज लगाए गए। पंडित आचार्य राज नारायण झा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ न्यास समिति के सचिव गोपाल नारायण चौधरी न्यास सदस्य मणिकांय6झा, संतोष पोद्दार सहित न्यास के सदस्य इस अनुष्ठान को पूरा कर समस्त लोक के कल्याण की कामना किया गया। इसके बाद कुशेश्वर नाथ महादेव का भव्य श्रृंगार पूजा कर लोगों के बीच प्रसाद वितरण किए गए। चौठारी अनुष्ठान के समस्त कार्यक्रम न्यास सदस्य मणिकांत झा, संतोष पौदार, शंकर चौपाल और सत्या नन्द प्रसाद की उपस्थिति में राष्ट्रीय हित का संकल्प लेते हुए सम्पन्न हुआ। मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के पर्यवेक्षक ने सभी से बात कर उनकी राय व समस्याओं को सुना

दरभंगा। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत बुधवार को बलभद्रपुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के जिला, प्रखंड एवं अन्य प्रकोष्ठों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की पर्यवेक्षक संगीता बेनीवाल ने वन टू वन बात कर उनकी राय और समस्याओं को सुना और पूरे सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने निभाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्षों को जमीनी स्तर के कार्यकताओं को जोड़ने और बूथ स्तर पर कमिटी बनाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन बैठकों से प्राप्त फीडबैक को सीधे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुचाया जाएगा।उन्होंने जिलाध्यक्ष को निष्क्रिय ब्लॉक अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दयानंद पासवान और संचालन पूर्वसीताराम चौधरी ने किया।जिसमें नलिनी रंजन झा, मिथिलेश चौधरी, मो. असलम, रतिकांत झा, गणेश चौधरी, रामपुकार चौधरी,सुशील कुमार सिंह,प्रिंस परवेज, धनंजय सिंह, सुधीर यादव, उदितनारायण चौधरी, वसीम अहमद, नसीम हैदर, मो.चांद, रीता मिश्रा सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी का जागरूकता अभियान

मधुबनी। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात 18वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मुख्यालय राजनगर के कमांडेंट दामोदर प्रसाद मीणा के निर्देशानुसार बुधवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ह्लईह्व समवाय अराही द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलही के सभागार में किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व समवाय प्रभारी सहायक कमांडेंट अजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर उप निरीक्षक (सामान्य) प्रेम सिंह नेगी की उपस्थिति में ह्लबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व विषय पर छात्राओं एवं शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गिरते बाल लिंग अनुपात की समस्या पर गंभीर चर्चा करते हुए उसके समाधान के उपायों को समाज तक पहुंचाना था।वक्ताओं ने कहा कि लिंग अनुपात में गिरावट केवल एक सांख्यिकीय विषय नहीं, बल्कि सामाजिक असंतुलन का संकेत है। समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही इस समस्या का समाधान संभव है।सहायक कमांडेंट अजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बेटियां समाज और राष्ट्र की शक्ति हैं। यदि उन्हें समान अवसर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, तो वे परिवार ही नहीं बल्कि देश का भी नाम रोशन कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। साथ ही अभिभावकों एवं शिक्षकों से बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की।उप निरीक्षक प्रेम सिंह नेगी ने बालिकाओं को शोषण से बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए सही और गलत की पहचान करने, अनुचित व्यवहार का विरोध करने तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन और सुरक्षा बलों से संपर्क करने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एसएसबी सीमा सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण के लिए भी प्रतिबद्ध है।कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया गया। छात्राओं को पढ़ाई के साथ कौशल विकास एवं डिजिटल साक्षरता की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी गई।

# अग्निपीड़ितों की समस्याओं को लेकर डीएम से मिले पूर्व विधायक

## महबूब आलम ने राहत और ऋण माफी की मांग

प्रात: किरण संवाददाता



कटिहार । कुसेर्ला में हाल ही में हुई भीषण अगलगी की घटना से प्रभावित दुकानदारों की समस्याओं को लेकर बलरामपुर के पूर्व विधायक सह भाकपा माले नेता महबूब आलम ने जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अग्निपीड़ितों की दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए उन्हें तत्काल सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। विधायक ने कहा कि अगलगी की इस घटना ने कई दुकानदारों और परिवारों की कमर तोड़ दी है। उनकी जमा-पूंजी और आजीविका के साधन पूरी तरह खाक हो चुके हैं। महबूब आलम ने डीएम से आग्रह किया कि प्रभावित परिवारों को अविलंब राहत सामग्री, और आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ताकि वे इस संकट की घड़ी से उभर सकें।उन्होने दुकानदारों की बदहाली का जिक्र करते हुए पूर्व विधायक ने मांग की कि जिन दुकानदारों ने व्यवसाय के लिए बैंकों से ऋण ले रखा था, उनका कर्ज माफ करने की दिशा में सरकार और प्रशासन उचित कदम उठाए। उन्होंने तर्क दिया कि सब कुछ जलकर राख हो जाने के बाद ये दुकानदार ऋण चुकाने की स्थिति में नहीं हैं, ऐसे में मानवीय आधार पर उनके ऋणों की माफी बेहद जरूरी है। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व विधायक को आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा नुकसान का उचित आकलन कराया जा रहा है और नियमानुसार पीड़ितों को हर संभव सहायता पहुंचाई जाएगी।

# ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का डीएम ने किया मासिक निरीक्षण, सुरक्षा मानकों के पालन का निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा। मधेपुरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने बुधवार को समाहरणालय परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक (बाहरी) निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, डबल लॉक प्रणाली, सुरक्षा बलों की तैनाती तथा प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग सिस्टम एवं अभिलेख संधारण की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और उनकी वैधता की जांच करते हुए उन्हें हमेशा क्रियाशील रखने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने तथा नियमित मॉनिटरिंग एवं अभिलेखों को अद्यतन रखने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# अग्निकांड की राख में दबी आजीविका, पीड़ित दुकानदारों ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

प्रात: किरण संवाददाता

कटिहार। कुसेर्ला मुख्य बाजार में बीते दिनों हुई भीषण अगलगी की घटना ने न केवल दुकानों को जलाकर राख किया, बल्कि कई परिवारों के भविष्य पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। इसी त्रासदी का दंश झेल रहे पीड़ित दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचा। यहाँ उन्होंने जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी से मुलाकात कर अपनी आपबीती सुनाई और एक ज्ञापन सौंपकर अविलंब उचित मुआवजा व बैंक ऋण माफी की मांग की। डीएम से मुलाकात के दौरान दुकानदारों ने बताया कि आग की लपटों ने उनकी जीवन भर की कमाई को चंद घंटों में स्वाहा कर दिया। पीड़ित व्यवसायियों ने बताया कि दुकान ही उनकी आय का एकमात्र जरिया थी। आगजनी के बाद अब स्थिति यह है कि उनके पास दोबारा व्यवसाय शुरू करने के लिए पूंजी तो दूर, रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भी कठिनाई आ रही है। मुलाकात के दौरान दुकानदारों ने मुख्य रूप से ऋण माफी का मुद्दा उठाया। पीड़ित दुकानदारो ने बताया कि अधिकांश दुकानदारों ने बैंकों से व्यावसायिक ऋण लेकर अपनी दुकानों को सजाया था और माल भरा था। दुकान जल जाने के बाद अब बैंक की किश्तें चुकाना उनके लिए असंभव हो गया है। दुकानदारों ने डीएम से आग्रह किया कि विशेष परिस्थिति को देखते हुए बैंकों को ऋण माफ करने का निर्देश दिया जाए। साथ ही, आपदा प्रबंधन विभाग के तहत मिलने वाले अधिकतम मुआवजे की राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जिला पदाधिकारी ने उनकी बातों को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना। डीएम ने अग्निपीड़ितों को आश्वस्त किया कि प्रशासन इस आपदा की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को क्षति का सटीक आकलन करने और जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है, ताकि मुआवजे की प्रक्रिया को गति दी जा सके। दुकानदारों ने इस दौरान बाजार की सुरक्षा व्यवस्था और अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता पर भी चर्चा की। उन्होंने मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कुसेर्ला जैसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों में पुख्ता इंतजाम होने चाहिए।मौके पर सन्नी कुमार जायसवाल, पप्पू सिंह, चंदन जायसवाल, अमन यादव ,आशुतोष कुमार, दीपक कुमार, मुन्ना गुप्ता ,राजीव चौधरी सहित अन्य दुकानदार मौजूद रहे है।


# अगलगी पीड़ितो से मिले सांसद तारिक अनवर

प्रात: किरण संवाददाता



कटिहार । जिले के कुसेर्ला स्टेट हाट में बीते दिन देर शाम लगी भीषण आग की घटना ने सैकड़ों परिवारों को झकझोर कर रख दिया है। इस भयावह अग्निकांड में सैकड़ों दुकानें जलकर राख हो गईं, जिससे करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। मंगलवार को स्थानीय सांसद तारिक अनवर कुसेर्ला पहुंचकर अग्नि पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की और घटनास्थल का जायजा लिया। सांसद ने पीड़ित दुकानदारों से मिलकर उनकी पीड़ा सुनी और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। इस कठिन समय में हम सभी पीड़ित दुकानदार भाइयों के साथ खड़े हैं। जिन लोगों की वर्षों की मेहनत कुछ ही घंटों में राख हो गई, उनके दर्द को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, उन्होंने कहा। सांसद ने राज्य सरकार से मांग की कि सभी अग्नि पीड़ितों को शीघ्र और उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे दोबारा अपने व्यवसाय को खड़ा कर सकें। उन्होंने प्रशासन से क्षति का त्वरित आकलन कर राहत राशि उपलब्ध कराने की अपील की। इस दौरान सांसद ने क्षेत्र में दमकल व्यवस्था की कमी पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आग लगने की स्थिति में यदि समय पर दमकल पहुंचती तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। उन्होंने आश्वस्त किया कि कुसेर्ला सहित क जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दमकल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग से बात की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर तुरंत काबू पाया जा सके। मौके पर मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने भी घटना को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि इस अग्निकांड ने सैकड़ों परिवारों की आजीविका छीन ली है। इस संकट की घड़ी में पूरी कांग्रेस पार्टी पीड़ितों के साथ है और उन्हें हर स्तर पर सहयोग दिया जाएगा, उन्होंने कहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि दुकानदारों को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। फिलहाल प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है और राहत कार्य जारी है। कुसेर्ला हाट का यह अग्निकांड जिले के सबसे बड़े हादसों में से एक माना जा रहा है। अब पीड़ितों की निगाहें सरकार और प्रशासन की ओर टिकी हैं कि उन्हें कब तक राहत और मुआवजा मिल पाता है। मौके पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास, शहनवाज खान, कुरसेला प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार,बरारी प्रखंड अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह,संजय सुमन,अकबर अंसारी,सत्यनारायण चौधरी, शमशाद आलम, अशोक मंडल सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थें।

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के खेल का खुलासा, 25 बच्चों का आधार फंसा



● कोलासी में अवैध वसूली और धोखाधड़ी का आरोप, ग्रामीणों ने कैंप में किया हंगामा

प्रात: किरण संवाददाता

कोढ़ा/कटिहार। प्रखंड के उत्तरी सिमरिया पंचायत अंतर्गत कोलासी में आयोजित आधार कैंप में एक बड़े फजीवाड़े का पदार्फाश हुआ है। कैंप में पहुंचे करीब 20 से 25 बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए, जिसके कारण उनका आधार कार्ड नहीं बन सका। इससे आक्रोशित अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया और केंद्र संचालक पर अवैध वसूली का आरोप लगाया।शनिवार को प्राथमिक विद्यालय करमु टोला में फिनो पेमेंट्स बैंक द्वारा आधार नामांकन कैंप लगाया गया था। आधार ऑपरेटर अजय कुमार मेहता ने बताया कि जब दस्तावेजों के बारकोड स्कैन किए गए, तो वे सिस्टम में ह्यइनवैलिडह्व (अमान्य) दिखाने लगे। नियमों के विरुद्ध होने के कारण इन आवेदनों को तत्काल रद्द कर दिया गया।ग्रामीणों ने बताया कि कोलासी स्थित एक आधार सेंटर के संचालक मोहम्मद हसन ने जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर प्रति बच्चा 700 से 2000 रुपये वसूले थे। इन प्रमाण पत्रों पर सदर अस्पताल, पीएचसी कोढ़ा और पंचायत सचिव के फर्जी मोहर-हस्ताक्षर का संदेह है। पीड़ित अभिभावक मो. एहसान, सबीना खातून आदि ने कहा कि उन्हें असली बताकर नकली कागज थमा दिए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीडीओ राजकुमार पंडित ने कहा कि फजीर्वाड़े की जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा गोरखनाथ धाम में दान व मेले से आए 11.74 लाख, विकास कार्यों पर होगा खर्च

प्रात: किरण संवाददाता



प्रातः किरण संवाददाता

आजमनगर कटिहार। क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा गोरखनाथ धाम में महाशिवरात्रि मेले के सफल समापन के बाद मंदिर की आय का लेखा-जोखा सार्वजनिक किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा नियुक्त दंडाधिकारी और मंदिर न्यास समिति के सदस्यों की देखरेख में हुई गणना के अनुसार, इस वर्ष विभिन्न स्त्रोतों से कुल 11,74,095 रुपये की राशि प्राप्त हुई है।पूरी गणना प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इसे प्रशासनिक निगरानी में संपन्न कराया गया। आय के मुख्य स्त्रोतों में मंदिर की दानपेटी, मेला परिसर, शीघ्र दर्शन कूपन, पंडित व नाई द्वारा संग्रहित रसीदें और मीणा बाजार से प्राप्त चंदा शामिल है। नकद राशि के अतिरिक्त, बाबा के दरबार में विदेशी मुद्रा सहित सोने-चांदी के त्रिशूल और अन्य कीमती आभूषण भी दान स्वरूप अर्पित किए गए हैं। न्यास समिति ने जानकारी दी कि प्राप्त राशि का सदुपयोग मंदिर परिसर के चहुंमुखी विकास के लिए किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से प्रकाश व्यवस्था, परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा पुख्ता करने और भविष्य में होने वाले धार्मिक आयोजनों को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।इस अवसर पर मंदिर न्यास समिति के सचिव पिंटू यादव, उपाध्यक्ष अक्षय सिंह और कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। साथ ही प्रदीप शर्मा, श्यामनाथ यादव, निताय यादव, चंदन यादव, पंचानंद यादव, पिंटू सहा, बजरंग चौधरी, देवनारायण नुनिया, फनी सिंह, सनी यादव, अंकित यादव, श्याम अग्रवाल, अमित अग्रवाल, गणेश बोसक, निरंजन यादव, सुरेश दास, राधा कांत घोष, मिथुन यादव एवं मामू महादेव सहित समिति के अन्य सदस्य व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# घर के दरवाजे पर सोए बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या, बेटे पर लगा आरोप

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा। मधेपुरा जिले के भराही थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरहो गांव में बुधवार सुबह एक बुजुर्ग की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। घर के दरवाजे पर बने कमरे में सोए वृद्ध का खून से लथपथ शव मिलने के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। मृतक की पहचान मुरहो वार्ड संख्याझ09 निवासी अनमोल यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वे मंगलवार रात घर के दरवाजे के पास बने कमरे में सोए हुए थे। बुधवार सुबह जब उनका बेटा अजय यादव उन्हें जगाने पहुंचा, तो खून से सना शव देखकर उसके होश उड़ गए। बताया जा रहा है कि मृतक के सिर पर गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि किसी धारदार अथवा भारी हथियार से वार कर हत्या की गई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर भराही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। इधर, ग्रामीणों ने मृतक के पुत्र अजय यादव पर ही हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि अजय यादव ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनका अपने पिता से कोई विवाद नहीं था। उन्होंने दावा किया कि गांव के कुछ लोगों से पिछले दो वर्षों से जमीन विवाद चल रहा है और उसी रंजिश में उनके पिता की हत्या कर उन्हें बदनाम करने की साजिश रची गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और लोग इस निर्मम हत्या से स्तब्ध हैं।

# मॉडल परीक्षा केंद्र बना उत्क्रमित वर्मा रिफ्यूजी कॉलोनी विद्यालय

## नोडल पदाधिकारी ने व्यवस्थाओं को सराहा



प्रात: किरण संवाददाता

कटिहार। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन तिनगछिया स्थित केंद्र संख्या 1408, उत्क्रमित वर्मा रिफ्यूजी कॉलोनी में व्यवस्थाओं का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान नोडल पदाधिकारी डॉ. सूरज कांत गौतम ने केंद्र का सघन निरीक्षण किया और वहां की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।निरीक्षण के दौरान डॉ. गौतम ने प्रत्येक वर्ग कक्ष का भ्रमण कर परीक्षार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों को निश्चित समयावधि के भीतर ओ.एम.आर. शीट भरने और उपस्थिति पत्रक से जुड़ी तकनीकी बारीकियों के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही, उन्होंने वीक्षकों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि परीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न हो।नोडल पदाधिकारी ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता और सजावट की प्रशंसा करते हुए वहां उपलब्ध जनरेटर, लाइट, शुद्ध पेयजल, फर्स्ट एड बॉक्स और फ्रीस्किंग कक्ष जैसी बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। विशेष रूप से छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को देखते हुए केंद्र पर सेनेटरी पैड की उपलब्धता और इसके प्रति जागरूकता हेतु लगाए गए पोस्टरों को उन्होंने काबिल-ए-तारीफ कदम बताया। केंद्राधीक्षक दिनेश दुबे ने जानकारी दी कि छात्राएं बिना किसी संकोच के महिला वीक्षकों के माध्यम से इन सुविधाओं का लाभ उठा रही हैं।केंद्राधीक्षक दिनेश दुबे ने बताया कि इस केंद्र पर कुल सात विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं परीक्षा दे रही हैं। द्वितीय पाली की परीक्षा में कुल 285 परीक्षार्थियों में से 279 छात्राएं उपस्थित रहीं। नोडल पदाधिकारी ने परीक्षा को पूरी तरह सुव्यवस्थित, कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए केंद्राधीक्षक और उनकी पूरी टीम की सराहना की।

# मधेपुरा में मद्यनिषेध टीम की कार्रवाई, 28 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा। मद्यनिषेध विभाग मधेपुरा द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चलाते हुए अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 28 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई तथा तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र के ग्वालपाड़ा वार्ड संख्याझ08 में छापेमारी कर दो पहिया वाहन सहित 4 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। मामले में वाहन स्वामी के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। वहीं बिहारीगंज थाना क्षेत्र के जोतैली नहर के पास छापेमारी के दौरान 3 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद करते हुए उपेंद्र ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त बिहारीगंज थाना क्षेत्र के कुस्थन वार्ड संख्याझ01 में कार्रवाई करते हुए 21 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई तथा संजीत कुमार चौधरी एवं सिंटु ऋषिदेव को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही मधेपुरा जिले के विभिन्न स्थानों पर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच अभियान चलाया गया, जिसमें शराब सेवन के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मद्यनिषेध विभाग ने बताया कि जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने हेतु आगे भी नियमित छापेमारी अभियान जारी रहेगी।

# अनियंत्रित टोटो ने ली मजदूर की जान, लोहे के चदरे से कटा गला

प्रात: किरण संवाददाता

कुरसेला (कटिहार)। नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित टोटो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल मजदूर जोको मंडल (40 वर्ष) की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगने के बाद मजदूर के कंधे पर रखा लोहे का चदरा उसके गले में धंस गया, जिससे उसकी गर्दन बुरी तरह कट गई। मृतक की पहचान उत्तरी मुरादपुर पंचायत के वार्ड संख्या-1 निवासी जोको मंडल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जोको मंडल अपने पुत्र धर्मेंद्र कुमार के साथ सुबह करीब आठ बजे कुरसेला बस्ती में एक निर्माण कार्य के लिए मजदूरी करने आए थे। मकान मालकिन छवो देवी के साथ वे बाजार से निर्माण सामग्री खरीदने गए थे। बस स्टैंड स्थित एक दुकान से लोहे का चदरा खरीदकर जब जोको उसे कंधे पर रखकर सड़क पार कर रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित टोटो ने दूसरे टोटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस भिड़ंत की चपेट में जोको मंडल भी आ गए। टक्कर लगते ही संतुलन बिगड़ा और कंधे पर रखा धारदार चदरा उनके गले में गहराई तक धंस गया। अत्यधिक रक्तस्त्राव होने के कारण वे वहीं सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कुरसेला पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी टोटो चालक वाहन सहित मौके से फरार होने में सफल रहा। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलते ही जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि पर ठरवकने दी श्रद्धांजलि विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। हजारों वर्षों से पीड़ित, प्रताड़ित और मुख्यधारा से वंचित आबादी के मसीहा रहे भारतरत्न कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय परिसर में ठरवकद्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा समतामूलक समाज और राज्य निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठरवकप्रदेश उपाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर देश के बहुसंख्यक गरीब, कमजोर, शोषित-पीड़ित और मुख्यधारा से वंचित समाज के सच्चे मसीहा थे। उनका संपूर्ण जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि आज के राजनेताओं को कपूर्री ठाकुर के जीवन और विचारों को पढ़ने तथा आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने अपने जीवन में विचार और व्यवहार की एकरूपता बनाए रखी तथा सत्ता को स्वार्थसिद्धि नहीं बल्कि जनकल्याण का माध्यम माना। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त कर ग्रामीण एवं गरीब छात्रों के लिए नई राह खोली। साथ ही सामाजिक न्याय को मजबूत करने के उद्देश्य से बिहार में 26 प्रतिशत आरक्षण लागू कर वंचित वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने का साहसिक कदम उठाया, जिसका उस समय काफी विरोध भी हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ठरवकजिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार मंडल, अंशु कुमार पासवान, संजीत कुमार, मनीष कुमार, राजीव कुमार, राजेश कुमार, कुमार सानू, रणधीर कुमार, आशीष कुमार, साजन कुमार, विभाष कुमार विमल, निरंजन कुमार, कुंदन कुमार, नीतीश कुमार, मिथुन कुमार सहित दर्जनों छात्र उपस्थित रहे।

# अग्निकांड पीड़ितों के बीच पहुंचे सांसद पप्पू यादव, आर्थिक मदद दे बंधाया ढांढस

कुरसेला कटिहार। कुरसेला हाट में हुए भीषण अग्निकांड के बाद बुधवार को पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ,अपने प्रतिनिधि नैयर मसूद खान के साथ प्रभावित दुकानदारों का हालचाल जानने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अग्नि पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और निजी स्तर पर आर्थिक सहायता प्रदान की।सांसद ने मौके पर ही जड़ी-बूटी और चूड़ी पट्टी के प्रभावित दुकानदारों की सूची तैयार करवाई और उन्हें बंद लिफाफे में सहायता राशि सौंपी। सांसद द्वारा अचानक मिली इस मदद से दुकानदारों को बड़ी राहत मिली। आर्थिक सहयोग पाकर कई महिला दुकानदारों की आंखें नम हो गईं और उन्होंने इस संकट की घड़ी में सांसद का आभार जताया।राहत वितरण के दौरान सांसद पप्पू यादव ने मसाला पट्टी और कपड़ा पट्टी के प्रभावित दुकानदारों को भी आश्वस्त किया कि वे घबराएं नहीं, अगले चरण में उन्हें भी आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया

# मीठे पानी का संकटः कमी नहीं, कुप्रबंधन

डॉ. प्रियंका सौरभ

आज विश्व जिस सबसे गंभीर संसाधन संकट का सामना कर रहा है, उनमें मीठे जल का संकट अत्यंत गहन और बहुआयामी है। पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का लगभग 97 प्रतिशत खारा है और केवल लगभग 3 प्रतिशत मीठा जल है, जिसमें से भी बहुत छोटा भाग ही मानव उपयोग के लिए सुलभ है। इसके बावजूद, आज विश्व की 2-3 अरब आबादी वर्ष के किसी न किसी समय जल संकट से जूझती है। यह संकट केवल जल की भौतिक कमी का नहीं, बल्कि जल की घटती उपलब्धता और समान व सुरक्षित पहुँच-दोनों का संयुक्त संकट है, जो पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आयामों को एक साथ प्रभावित करता है। पिछले कुछ दशकों में मीठे जल की उपलब्धता में निरंतर गिरावट देखी गई है। इसका एक प्रमुख कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। कृषि, उद्योग और घरेलू उपयोग की बढ़ती माँग ने जलभृतों पर असहनीय दबाव डाला है। हरित क्रांति के बाद सिंचाई के लिए ट्यूबवेल और बोरवेल पर बढ़ती निर्भरता ने प्राकृतिक पुनर्भरण की क्षमता को पीछे छोड़ दिया है। भारत, चीन और अमेरिका जैसे देशों में भूजल स्तर का तीव्र पतन भविष्य की जल सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। कई क्षेत्रों में जलभृत स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए जल उपलब्धता और भी अनिश्चित हो गई है। जल स्रोतों का प्रदूषण मीठे जल संकट का दूसरा बड़ा कारण है। नदियों, झीलों और भूजल में बिना शोधन के छोड़ा गया घरेलू सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, भारी धातुएँ और कृषि रसायन जल को अनुपयोगी बना रहे हैं। विकासशील देशों में यह समस्या और भी गंभीर है, जहाँ शोधन अवसंरचना का अभाव है। परिणामस्वरूप, कई स्थानों पर जल उपलब्ध होते हुए भी पीने योग्य नहीं रह जाता, जिससे स्वास्थ्य संकट उत्पन्न होता है और जल की प्रभावी उपलब्धता घट जाती है। जलवायु परिवर्तन ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण हिमनदों का तीव्र पिघलना, वर्षा के पैटर्न में अनिश्चितता और सूखे-बाढ़ की बढ़ती आवृत्ति देखी जा रही है। हिमालय, आल्प्स और एंडीज जैसे क्षेत्रों में हिमनदों का सिकुड़ना दीर्घकाल में नदियों के प्रवाह को अस्थिर कर रहा है। अल्पकाल में यह बाढ़ का कारण बनता है, जबकि दीर्घकाल में स्थायी जल संकट को जन्म देता है। मानसूनी क्षेत्रों में अनियमित वर्षा ने जल भंडारण और कृषि योजना को भी चुनौतीपूर्ण बना दिया है। इसके साथ ही, आर्द्रभूमियों और प्राकृतिक पुनर्भरण क्षेत्रों का तेजी से क्षरण हुआ है। शहरीकरण, अवैज्ञानिक भूमि उपयोग और रियल एस्टेट विकास ने झीलों, तालाबों, बाढ़ मैदानों और दलदलों को नष्ट कर दिया है। ये पारिस्थितिक तंत्र न केवल जल संग्रह और भूजल पुनर्भरण में सहायक होते हैं, बल्कि बाढ़ और सूखे के प्रभावों को भी संतुलित करते हैं। इनके विनाश से जल चक्र का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है। जनसंख्या वृद्धि और उपभोग के बदलते पैटर्न ने भी मीठे जल पर दबाव बढ़ाया है। शहरी जीवनशैली, जल-गहन उद्योग और भोजन की बदलती आदतें-विशेषकर मांसाहारी आहार-ने प्रति व्यक्ति जल पदचिह्न को बढ़ाया है। परिणामस्वरूप, जल की माँग प्राकृतिक पुनर्भरण क्षमता से कहीं अधिक हो गई है। जहाँ एक ओर जल की उपलब्धता घट रही है, वहीं दूसरी ओर कई क्षेत्रों में जल उपलब्ध होते हुए भी लोगों की पहुँच उससे वंचित है। इसका प्रमुख कारण अपर्याप्त अवसंरचना है। कई देशों में जल संग्रहण, शोधन और वितरण की व्यवस्थाएँ कमजोर हैं। पुराने पाइपलाइन नेटवर्क, उच्च लीकेज और अपर्याप्त भंडारण के कारण बड़ी मात्रा में जल उपभोक्ताओं तक पहुँचने से पहले ही नष्ट हो जाता है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार विकासशील देशों में शहरी जल का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा वितरण के दौरान ही नष्ट हो जाता है। इसके अतिरिक्त, जल गुणवत्ता की समस्या भी पहुँच को सीमित करती है। जहाँ जल भौतिक रूप से उपलब्ध है, वहाँ भी प्रदूषण के कारण वह पीने योग्य नहीं रहता। दूषित जल से होने वाली बीमारियाँ आज भी कई देशों में सार्वजनिक स्वास्थ्य की बड़ी चुनौती हैं, जिससे गरीब और हाशियाकृत समुदाय सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। राजनीतिक और कानूनी बाधाएँ भी जल तक पहुँच को सीमित करती हैं। जल एक साझा संसाधन है, जिसके कारण अंतर-राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय विवाद उत्पन्न होते हैं। नदियों के बँटवारे, संघीय ढाँचे में अधिकारों के टकराव और अंतरराष्ट्रीय नदी समझौतों की जटिलताओं के कारण कई बार जल-समृद्ध क्षेत्रों में भी समान पहुँच संभव नहीं हो पाती। सामाजिक असमानता इस संकट का एक और महत्वपूर्ण पहलू है। जल संकट का सबसे बड़ा बोझ समाज के कमजोर वर्गों-ग्रामीण गरीबों, शहरी झुग्गी बस्तियों, महिलाओं और बच्चों-पर पड़ता है।


# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 नवाचार से राष्ट्र निर्माण तक


सुनील कुमार महला

आज का समय तकनीक का समय है, या यूँ कहें कि हम तकनीक के युग में सांस ले रहे हैं। यह तकनीक ही है, जो मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक बना रही है, लेकिन इसके साथ-साथ हमारी सोच, कार्यशैली और आदतें भी आज बदल रही है। कहना गलत नहीं होगा कि वर्तमान दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इस परिवर्तन का सबसे प्रमुख उदाहरण बनकर उभरी है। तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच दुनिया भर में आधुनिक तकनीकों के विकास और नवाचार पर विशेष जोर बढ़ा है। आज दुनिया के विभिन्न देश अपनी नीतियों में नई-नई तकनीकों व नवाचारों को शामिल कर अपने देश की विभिन्न पारंपरिक कार्यप्रणालियों को लगातार बदल रहे हैं। विशेष रूप से एआई ने वैश्विक स्तर पर कार्य प्रणाली और मानव भूमिका को गहराई से प्रभावित किया है, इसलिए आज इसे विकास के लिए अनिवार्य और बहुत ही अहम माना जा रहा है। इसी संदर्भ में, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण एआई शिखर सम्मेलन (इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026; 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक) आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एआई की संभावनाओं, इसकी चुनौतियों, रोजगार पर इसका प्रभाव और आम जीवन में इसके उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। कहना गलत नहीं होगा कि आज एआई का दायरा स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, कारोबार और रक्षा जैसे क्षेत्रों तक फैल चुका है, जिससे नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन यह भी कटु सत्य है कि रोजगार पर प्रभाव, जोखिम, डेटा सुरक्षा और पर्यावरणीय असर जैसी चिंताएँ भी इसके कारण सामने आई हैं। विशेष रूप से डेटा केंद्रों में ऊर्जा और पानी की बढ़ती खपत को लेकर प्रश्न उठ रहे हैं। इसलिए एआई आधारित विकास को सफल बनाने के लिए इसके लाभों के साथ-साथ संभावित खतरों के समाधान पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी 2026 तक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के आयोजन का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। यह पाँच दिवसीय कार्यक्रम ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला प्रमुख एआई शिखर सम्मेलन माना जा रहा है, जिसमें 300 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं और एआई नीति तथा नवाचार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। गौरतलब है कि यह समिट भारत मंडपम सहित नई दिल्ली के विभिन्न स्थलों पर आयोजित हो रही है तथा इसमें 100 से अधिक देशों की भागीदारी है, साथ ही शीर्ष तकनीकी कंपनियों जैसे गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी(सीईओ), शोधकर्ता, नीति-निमार्ता और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हो रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि 800 से अधिक प्रदर्शक, स्टार्टअप, शोध संस्थान और राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल इसमें भाग ले रहे हैं। 16-20 फरवरी तक आयोजित यह एआई शिखर सम्मेलन भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआइ) के क्षेत्र में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है, जबकि उससे आगे केवल संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन हैं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार भारत का स्कोर 21.59 है, जबकि अमेरिका का 78.6 और चीन का 36.95 है। इस सूचकांक में भारत कई विकसित देशों जैसे दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस से आगे है।

# एप्सटीन फाइल्स : यही है शक्तिशाली पुरुष भेड़ियों की हकीकत

**इस आदेश के तहत अमेरिकी न्याय विभाग को एपस्टीन से जुड़े सभी अनक्लासिफाइड रिकॉर्ड्स, दस्तावेज, कम्युनिकेशन्स और जांच सामग्री सार्वजनिक करने का निर्देश प्राप्त है। हालाँकि यह कानून 2025 में कांग्रेस के दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) से लगभग सर्वसम्मति से पास हुआ था, और राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 नवंबर 2025 को इस पर हस्ताक्षर किए थे। इसी कानून के तहत अमेरिकी न्याय विभाग ने समय-समय पर फाइल्स जारी की। परन्तु इन फाइल्स का बड़ा हिस्सा गत 30 जनवरी 2026 को जारी किया गया, जिसमें 3.5 मिलियन से ज्यादा पृष्ठ, 2, 000 से अधिक वीडियो और लगभग 1, 80, 000 फोटो शामिल थे। एप्सटीन फाइल्स के इसी खुलासे के बाद पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। दुनिया के जाने माने लोगों के चेहरे से नकाब हटने लगी। इन फाइल्स के सार्वजनिक होने के बाद एप्सटीन के यौन अपराधों, ट्रैफिकिंग नेटवर्क और शक्तिशाली व्यक्तियों के साथ उनके संबंधों की गहराई उजागर हुई। गौरतलब है कि जेफरी एप्सटीन, एक अमीर फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी है। इसने अनेक नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शोषण किया, और इन फाइल्स में राजनीतिक, व्यापारिक और सामाजिक हस्तियों के कई नाम सामने आए।**





**निर्मल रानी**

**(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

इन दिनों एप्सटीन फाइल्स का भूत अमेरिका से लेकर भारत तक सड़कों पर नाच रहा है। अमेरिकी कांग्रेस के कानून के अन्तर्गत और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर हस्ताक्षर के बाद ही अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा यह फाइल्स जारी की गई हैं। इस आदेश के तहत अमेरिकी न्याय विभाग को एपस्टीन से जुड़े सभी अनक्लासिफाइड रिकॉर्ड्स, दस्तावेज, कम्युनिकेशन्स और जांच सामग्री सार्वजनिक करने का निर्देश प्राप्त है। हालाँकि यह कानून 2025 में कांग्रेस के दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) से लगभग सर्वसम्मति से पास हुआ था, और राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 नवंबर 2025 को इस पर हस्ताक्षर किए थे। इसी कानून के तहत अमेरिकी न्याय विभाग ने समय-समय पर फाइल्स जारी की। परन्तु इन फाइल्स का बड़ा हिस्सा गत 30 जनवरी 2026 को जारी किया गया, जिसमें 3.5 मिलियन से ज्यादा पृष्ठ, 2, 000 से अधिक वीडियो और लगभग 1, 80, 000 फोटो शामिल थे। एप्सटीन फाइल्स के इसी खुलासे के बाद पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। दुनिया के जाने माने लोगों के चेहरे से नकाब हटने लगी। इन फाइल्स के सार्वजनिक होने के बाद एप्सटीन के यौन अपराधों, ट्रैफिकिंग नेटवर्क और शक्तिशाली व्यक्तियों के साथ उनके संबंधों की गहराई उजागर हुई। गौरतलब है कि जेफरी एप्सटीन, एक अमीर फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी है। इसने अनेक नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शोषण किया, और इन फाइल्स में राजनीतिक, व्यापारिक और सामाजिक हस्तियों के कई नाम सामने आए। इन खुलासों के बाद कई प्रमुख व्यक्तियों का भविष्य व जीवन प्रभावित हुआ। कई लोगों को इस्तीफे देने पड़े तो कई के विरुद्ध जांच बिठाई गयी। आपना नाम आने पर कई लोग शर्मिंदगी से जहाँ मुंह छुपाते घूम रहे हैं यहाँ तक कि इस नेटवर्क में नाम आने के बाद कई लोग भूमिगत हो चुके हैं और मीडिया से मुंह छुपाते फिर रहे हैं। वहीं भारत में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी जैसे ह्यविशिष्ट ह्य भी हैं जो एप्सटीन फाइल्स के खुलासे के अनुसार तो जेफरी एपस्टीन से 14 बार मिले परन्तु वे स्वयं एपस्टीन से 8 सालों में केवल 3-4 बार की मुलाकात को ही स्वीकार करते हैं। इसके बावजूद वह इस सवाल से बच नहीं पा रहे कि 13-14 बार या 3-4 बार नहीं बल्कि यदि एक सजायाफ़्ता बदनाम यौन अपराधी से हरदीप पुरी एक बार भी मिले तो उस मुलाकात की वजह क्या थी? जो व्यक्ति खुद स्वीकार कर चुका है कि वह कम उम्र की बच्चियों से सैक्स करने का आदी था ऐसे ह्यभेड़िया मानसिकता ह्य वाले व्यक्ति से मुलाकात क्यों की गयी? किसके कहने पर या किसके लिये की गयी? बहरहाल उम्मीद की जा रही है कि अभी दुनिया के और भी अनेकानेक ह्यसफेदपोश भेड़ियोंह्न के नाम सामने आएंगे और इस्तीफों की भी झड़ी लग सकती है। दुनिया में आये दिन घटित होने वाली तमाम घटनाएं ऐसी हैं जो पितृ सत्ता या पुरुष प्रधान समाज का बार बार एहसास कराती हैं। परन्तु इस घटना में तो जेफरी एप्सटीन पर 2019 में न्यूयॉर्क में संघीय अदालत ने उसपर सेक्स ट्रैफिकिंग ऑफ माइनर्स के आरोप लगाए, जिसमें दर्जनों नाबालिग लड़कियों यहाँ तक कि 14 साल से भी कम उम्र की कुछ बच्चियों का यौन शोषण शामिल था। यह उसकी स्वीकारोक्ति थी कि उसने नाबालिग लड़कियों से यौन संबंध बनाये व अवैध काम किए। इसलिये इस विश्वव्यापी नेटवर्क से पर्दा उठने के बाद अब यह सवाल भी उठने लगा है कि दुनिया के धनाढ्य और शक्तिशाली लोगों की नजर में महिलाओं, खासकर छोटी बच्चियों का क्या स्थान है? महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का ढोंग रचने वाला सफेद पोश पुरुष प्रधान समाज जो कभी महिलाओं को आधी आबादी कहकर खुश करता है तो कभी बच्चियों को ह्यकंजक ह्य व देवी के रूप में पूजता भी है उन्हीं बच्चियों को अपने पैसे व सत्ता के बल पर अपनी हवस का निशाना बनाने वाले लोग नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शारीरिक शोषण भी करते हैं? निश्चित रूप से एपस्टीन फाइल्स पितृसत्ता की एक गहरी तस्वीर पेश करती हैं, जहां धनाढ्य पुरुष विश्वव्यापी नेटवर्क बनाते हैं और एक दूसरे से जानकारी साझा करते हैं और महिलाओं को परिधि पर रखते हैं। वास्तव में ह्यआधी आबादी ह्य को प्रायः सहयोगी, या यौन सुख प्रदान करने वाली के रूप में ही देखा जाता है न कि समान भागीदार के रूप में। खासकर गरीब परिवारों की छोटी बच्चियों को तो कमजोर और आसानी से नियंत्रित करने योग्य माना जाता था। एप्सटीन के नेटवर्क में शामिल कुछ पुरुषों ने कथित तौर पर इन लड़कियों को उपहार के रूप में इस्तेमाल किया, जिससे व्यापारिक या राजनीतिक लाभ मिलते थे। यह दशार्ता है कि शक्तिशाली लोगों की नजर में, महिलाएं और लड़कियां अक्सर सत्ता और प्रभाव बनाए रखने का साधन बन जाती है न कि कोई सम्मानजनक मानव। महिलाओं को केवल प्रजनन उपकरण के रूप में देखना भी पितृसत्ता की ही एक गहरी साजिश है। इसलिये एप्सटीन फाइल्स से प्राप्त हो रहे ब्यौरों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि एप्सटीन जैसे मामलों में जहाँ कुछ शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा छोटी मासूम बच्चियों को मात्र अपनी यौन संतुष्टि के लिये या अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सौदेबाजी के साधन के रूप में अथवा किसी विशिष्ट व्यक्ति को ब्लैकमेल करने की गरज से इस्तेमाल किया गया। यह एक ऐसी व्यवस्थित समस्या है जहां धन, सत्ता के बल पर और जवाबदेही की कमी से ऐसी संस्कृति पनपती है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह वैश्विक अपराध नेटवर्क का हिस्सा है, जहां महिलाओं और लड़कियों का वस्तुकरण नस्लवाद और भ्रष्टाचार से जुड़ा है। हालांकि, एफबीआई की जांच में ट्रैफिकिंग रिंग के लिए पर्याप्त सबूत भले ही नहीं मिले परन्तु पीड़ितों की गवाहियां बताती हैं कि यह शोषण अत्यंत व्यापक था। ये फाइल्स यह भी दिखाती है

# एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन - वैश्विक भविष्य की तैयारी और पटना में राजनीतिक भविष्य की रेखा

**अपने भीतर केवल वर्तमान की प्रतिक्रिया नहीं समेटे होती, बल्कि वह भविष्य की नींव गढ़ने का प्रयास भी होती है। मनुष्य की चेतना, समाज की संरचना और राष्ट्र की दिशा, इन गतिविधियों के माध्यम से निरंतर आकार लेती रहती है। इतिहास साक्षी है कि जिन क्षणों को ह्यआजह्न कहकर देखा है, वह आगे चलकर युग-निर्माण के पत्थर बना है। कभी किसी शिखर सम्मेलन में लिया गया निर्णय, तो कभी किसी राजनीतिक कार्यालय में खींची गई रणनीतिक रेखा। दोनों ने ही दशकों तक समाज को प्रभावित किया है। एक ओर नई दिल्ली में तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर विश्व स्तर का मंथन, और दूसरी ओर पटना में राजनीतिक भविष्य की ऐसी बुनियाद, जिसका प्रभाव केवल वर्तमान सत्ता-संतुलन तक सीमित नहीं रहने वाला है। यह संयोग नहीं, बल्कि समय की भाषा है। राजधानी नई दिल्ली में आयोजित पाँच दिवसीय एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन केवल एक तकनीकी आयोजन नहीं है। यह मानव सभ्यता के अगले चरण को समझने और दिशा देने का वैश्विक प्रयास है। दुनिया के अनेक राष्ट्राध्यक्ष, नीति-निमार्ता, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्योग जगत के दिग्गज और शोधकर्ता इस मंच पर एकत्र हुए हैं।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**

**लेखक**

हर संगठित गतिविधि, चाहे वह सामाजिक हो, सांस्कृतिक आयोजन हो, धार्मिक अनुष्ठान हो, किसी संस्थान का शुभारंभ हो, वैश्विक सम्मेलन हो, राजनीतिक बैठक हो या जन-प्रदर्शन। अपने भीतर केवल वर्तमान की प्रतिक्रिया नहीं समेटे होती, बल्कि वह भविष्य की नींव गढ़ने का प्रयास भी होती है। मनुष्य की चेतना, समाज की संरचना और राष्ट्र की दिशा, इन गतिविधियों के माध्यम से निरंतर आकार लेती रहती है। इतिहास साक्षी है कि जिन क्षणों को ह्यआजह्न कहकर देखा है, वह आगे चलकर युग-निर्माण के पत्थर बना है। कभी किसी शिखर सम्मेलन में लिया गया निर्णय, तो कभी किसी राजनीतिक कार्यालय में खींची गई रणनीतिक रेखा। दोनों ने ही दशकों तक समाज को प्रभावित किया है। एक ओर नई दिल्ली में तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर विश्व स्तर का मंथन, और दूसरी ओर पटना में राजनीतिक भविष्य की ऐसी बुनियाद, जिसका प्रभाव केवल वर्तमान सत्ता-संतुलन तक सीमित नहीं रहने वाला है। यह संयोग नहीं, बल्कि समय की भाषा है। राजधानी नई दिल्ली में आयोजित पाँच दिवसीय एआई इंपैक्ट शिखर सम्मेलन केवल एक तकनीकी आयोजन नहीं है। यह मानव सभ्यता के अगले चरण को समझने और दिशा देने का वैश्विक प्रयास है। दुनिया के अनेक राष्ट्राध्यक्ष, नीति-निमार्ता, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्योग जगत के दिग्गज और शोधकर्ता इस मंच पर एकत्र हुए हैं। यह उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब केवल प्रयोगशालाओं या कॉर्पोरेट बोर्डरूम तक सीमित विषय नहीं रही, बल्कि यह शासन, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा, संस्कृति और मानवीय मूल्यों तक को प्रभावित करने वाली शक्ति बन चुकी है। शुरूआत में एआई को मानव श्रम की सहायक तकनीक माना गया था। लेकिन आज यह निर्णय-निर्माण, निगरानी, पूवार्नुमान और रणनीति निर्माण का प्रमुख उपकरण बन चुकी है। स्वास्थ्य में एआई बीमारियों की पहचान बदल रहा है। शिक्षा में यह सीखने के तरीकों को वैयक्तिक बना रहा है। रक्षा और सुरक्षा में यह युद्ध की प्रकृति को ही पुनर्परिभाषित कर रहा है। इसी कारण यह शिखर सम्मेलन केवल तकनीक पर नहीं, बल्कि नैतिकता, नियमन और मानव नियंत्रण पर भी केंद्रित है। आज के अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एआई एक नया शक्ति-संतुलन बना रही है। जिन देशों के पास उन्नत डेटा, कंप्यूटिंग क्षमता और एल्गोरिदमिक श्रेष्ठता है, वे वैश्विक मंच पर बढ़त बना रहे हैं। इस सम्मेलन में यह चर्चा विशेष महत्व रखती है कि क्या एआई को नियंत्रित किया जाना चाहिए?, क्या यह नियंत्रण वैश्विक होगा या राष्ट्रीय? और क्या तकनीकी महाशक्तियाँ इसे हथियार की तरह प्रयोग करेंगी? नई दिल्ली में हो रहा यह मंथन आने वाले वर्षों की वैश्विक राजनीति की दिशा तय करेगा। भारत लंबे समय तक तकनीक का उपभोक्ता रहा है, लेकिन अब यह मानसिकता बदल रही है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इकोसिस्टम के बाद एआई भारत की अगली छलांग है। ह्यइस सम्मेलन में भारत का संदेश स्पष्ट है कि ह्लहम तकनीक अपनाएंगे भी और उसे मानवता के हित में ढालेंगे भी।ह्व यह रुख भारत को केवल आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक नेतृत्व की भूमिका में भी स्थापित करने की कोशिश है। जहाँ नई दिल्ली में भविष्य की तकनीकी संरचना पर चर्चा हो रही है, तो वहीं पटना में भविष्य की राजनीतिक संरचना पर। बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार का आवास 1 अणे मार्ग केवल एक सरकारी निवास नहीं है, बल्कि सत्ता-संतुलन का केंद्र रहा है। यहाँ खींची गई लकीरें अक्सर दिल्ली तक असर दिखाती हैं। ३नीतीश कुमार को केवल एक मुख्यमंत्री के रूप में देखना उनके राजनीतिक कद को कम करके आंकना होगा। वे गठबंधन राजनीति के कुशल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने समय-समय पर अपनी दिशा बदली, लेकिन प्रासंगिकता बनाए रखी। उनकी राजनीति में भविष्य की गणना हमेशा वर्तमान से बड़ी रही है। आज एक बार फिर पटना से ऐसी राजनीतिक रेखा खिंचने की चर्चा है, जो केवल बीते चुनावी परिणामों की प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि आने वाले राष्ट्रीय परिदृश्य की तैयारी मानी जा रही है। बिहार केवल एक राज्य नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की प्रयोगशाला रहा है। सामाजिक न्याय की राजनीति। जाति आधारित समीकरण और गठबंधन सरकारों का प्रयोग, इन सबका राष्ट्रीय राजनीति पर गहरा प्रभाव पड़ा है। नीतीश कुमार की हर राजनीतिक चाल को इसलिए गंभीरता से देखा जाता है, क्योंकि वह अक्सर ट्रेंडसेटर साबित होती है। पहली दृष्टि में नई दिल्ली का एआई सम्मेलन और पटना की राजनीतिक बैठक दो अलग-अलग घटनाएँ लग सकती हैं। लेकिन गहराई से देखें तो दोनों का लक्ष्य एक ही है ह्लभविष्य पर नियंत्रणह्व। तकनीक भविष्य को संचालित करना चाहती है। राजनीति भविष्य को निर्देशित करना चाहती है। जब दोनों शक्तियाँ एक-दूसरे से टकराती या मिलती हैं, तब इतिहास बनता है। इन वैश्विक और राजनीतिक हलचलों के बीच आम नागरिक का प्रश्न स्वाभाविक है कि ह्लइस सबका हमारे जीवन से क्या संबंध?ह्व उत्तर सरल नहीं है, लेकिन स्पष्ट है। एआई आपके रोजगार को बदलेगी। राजनीतिक निर्णय अधिकारों और अवसरों को। इसलिए यह केवल नेताओं और विशेषज्ञों का नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग का भविष्य तय कर रहा है। भारत जैसे देश में कोई भी परिवर्तन केवल तकनीकी या राजनीतिक नहीं रहता है, वह सांस्कृतिक भी बन जाता है। एआई पर धार्मिक दृष्टिकोण, राजनीति में नैतिकता का प्रश्न और परंपरा बनाम आधुनिकता की बहस।

# गांव तक क्यों नहीं पहुंचती है बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था?

मोना खलझूनिया

हमारे ग्रामीण क्षेत्रों को वैसे तो कई बुनियादी आवश्यकताओं की जरूरत है। लेकिन सबसे अधिक जिस मुद्दे पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है स्वास्थ्य का मुद्दा। जो आज भी इससे वंचित रह जाता है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी की रिपोर्ट के अनुसार देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, लेकिन डॉक्टरों का बड़ा हिस्सा शहरों तक ही केंद्रित होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भारी कमी है। डॉक्टरों, नर्सों और लैब-टेक्नीशियनों के हजारों पद खाली पड़े हैं। कई जगह अस्पताल भवन बने हुए हैं, पर नियमित डॉक्टर नहीं हैं, उपकरण अधूरे हैं और रात की आपात सेवा लगभग नहीं के बराबर है। इसका सीधा असर उन लोगों पर पड़ता है जिनके पास निजी अस्पताल या शहर तक पहुँचने के साधन नहीं होते हैं। मैदानी क्षेत्रों की अपेक्षा पहाड़ी राज्यों के दूर दराज गांवों की स्थिति इससे भी अधिक कठिन है, क्योंकि यहाँ अस्पताल तक पहुँचना ही अपने-आप में एक चुनौती है। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश गांवों से नजदीकी बड़े अस्पताल की दूरी कम से कम 20 से 50 किमी तक होना आम बात है। जहां पहुँचने के लिए न केवल जर्जर सड़क बल्कि मौसम और अक्सर परिवहन की कमी के कारण समय पर इलाज मिल पाना मुश्किल हो जाता है। वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लगभग 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया, जिसमें आयुष्मान भारत, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ और अस्पताल ढांचे को मजबूत करने की बात कही गई। राज्य स्तर पर भी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की घोषणाएँ होती रहती हैं, पर पहाड़ के छोटे गांवों तक इनका असर बहुत धीमी गति से पहुंचता है। इसका एक उदाहरण उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का जखेड़ा गांव है। जहां संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुविधाओं के अभाव में चल रहा है। यह अस्पताल केवल जखेड़ा गांव ही नहीं बल्कि आसपास के कई गांव जैसे गनीगांव, सैलानी, और लमचूला के लोगों का भी सहारा है। जखेड़ा की आबादी लगभग 1500, गनीगांव की 1600, सैलानी की 1200 और लमचूला की लगभग 1500 है। यानी करीब 5, 800 लोग इस एक प्राथमिक अस्पताल पर निर्भर हैं। इतनी आबादी होने के बावजूद अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं का अभाव यहां के निवासियों के जीवन को खतरे में डालता हैं। इस संबंध में जखेड़ा गांव के 55 वर्षीय रघुवीर सिंह परिहार बताते हैं, अस्पताल तो और भी हैं, लेकिन जरूरत पूरी नहीं होती। डॉक्टर भी केवल एक है, साथ में एक वार्ड बॉय और फार्मासिस्ट हैं। एक आयुर्वेदिक अस्पताल करीब 30 साल पहले (1991-92) बना था, लेकिन सुविधा कोई खास नहीं है। आशा कार्यकर्ता कांता परिहार कहती हैं, यहाँ सिर्फ बुखार या जुकाम जैसी मामूली बीमारियों से जुड़ी दवाइयाँ ही मिलती हैं और सामान्य जाँच तक ही इलाज सीमित है। वह बताती हैं कि अस्पताल में स्टाफ सुबह 10 बजे आते हैं और दोपहर 2 बजे तक चले जाते हैं। ऐसे में रात में जरूरत पड़ने पर ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है। एंबुलेंस तक समय पर नहीं पहुंच पाती है। मरीज को निजी परिवहन की व्यवस्था कर 33 किमी दूर गरुड़ या बैजनाथ के सदर अस्पताल ले जाना पड़ता है पहुँचते-पहुँचते कई बार मरीज की हालत गंभीर हो जाती है। स्वास्थ्य सेवा का एक पहलू ऐसा भी है जिसके बारे में अक्सर कोई नहीं बोलता है। सैलानी की 20 वर्षीय प्रीति बताती है, माहवारी के दौरान पेट दर्द जैसी समस्या होने पर अस्पताल में खुलकर बात नहीं कर पाती, क्योंकि डॉक्टर पुरुष हैं। अगर महिला डॉक्टर होती तो हम खुलकर अपनी बात कह पाते। स्थानीय पोस्ट ऑफिस कर्मचारी उम्मेद सिंह कहते हैं, यहाँ की जनसंख्या के हिसाब से अस्पताल तो है, लेकिन सुविधाएँ नहीं हैं। एएनएम का पद है, पर वे अक्सर मौजूद नहीं रहतीं और रात में डॉक्टर भी नहीं होते हैं। ह्व 66 वर्षीय गोविंद परिहार की चिंता दवाइयों को लेकर है, कहते हैं कि दवाइयाँ कम हैं और कई बार पुरानी हो जाती हैं। प्राथमिक उपचार भी पूरा नहीं मिल पाता। गंभीर मरीज को तुरंत रेफर कर दिया जाता है, लेकिन यह निश्चित नहीं होता कि वह रास्ते में बच पाएगा या नहीं। लमचूला की रहने वाली माया कहती है, अगर अस्पताल में सुविधाएं होती तो हमें दूर नहीं जाना पड़ता। खासकर महिलाओं के लिए महिला डॉक्टर होती तो बात करना आसान होता और जीवन थोड़ा आसान लगने लगता। ह्व गनीगांव के 33 वर्षीय धीरज बिष्ट बच्चों और गर्भवती महिलाओं की कठिनाई बताते हुए कहते हैं, यहाँ मेडिकल स्टोर भी नहीं है और अस्पताल में जरूरी दवाइयां नहीं मिलती हैं, यहां तक कि एंबुलेंस जैसी जरूरी सुविधा की व्यवस्था तक नहीं है। रात में स्टाफ की जरूरत है, जो नहीं है। कई बार बच्चों को गंभीर बीमारी में अस्पताल पहुँचाने तक जान चली जाती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 19 फरवरी, 2026



## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर के रामपुर अटौली में आज लगेगा मेगा स्वास्थ्य शिविर

इसुआपुर । प्रखंड के रामपुर अटौली गांव में गुरुवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति यह शिविर सामाजिक कार्यकर्ता लब्ध प्रतिष्ठित लोकप्रिय शिक्षक स्वर्गीय भगराशन राम की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित की गई है। यह मानवीय नेक कार्य उनके पुत्र राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय, सारण के जिलाध्यक्ष तथा जिले के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमरेश कुमार द्वारा अपने पिता की स्मृति में प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। शिविर में हड्डी रोग, शिशु रोग, सामान्य चिकित्सा, नेत्र रोग, दंत रोग, सर्जरी तथा फिजियोथेरेपी से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच कर फ्री में दवा भी उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही बीएमडी, यूरिक एसिड, विटामिन डी 3, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी, केएफटी, तथा एलएफटी जैसी महत्वपूर्ण जांच की सुविधा भी निःशुल्क दी जाएगी। टेनस, आईएफटी और अल्ट्रासोनिक थेरेपी की भी व्यवस्था की गई है।

### युवती के अपहरण मामले में पिता पुत्र गिरफ्तार

पानापुर (सारण) करीब डेढ़ माह पहले थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के अपहरण मामले में नामजद पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त उभवा सारंगपुर गांव निवासी कुंवर साह और उसका पुत्र हरिकिशोर साह बताये जाते है। बताते चलेंकि गत माह अभियुक्तों ने मारपीट कर युवती का अपहरण कर लिया था। इस मामले में अपहिता के भाई ने आधे दर्जन लोगों को नामजद किया था। वही पुलिस ने सारंगपुर गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे धंधेबाज राजेश सहनी को भी गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष राजा राम ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

### वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियो की फरियाद

छपरा ग्रामीण। सारण जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय छपरा में जसुनवाई की गई। जनसुनवाई में आए आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्या बताई, सबके निराकरण के लिए आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने आवेदकों को अस्वस्थ किया कि किसी भी मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी मामले में जो दोषी पाए जाते है उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। विदित हो कि पुलिस कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस पर भौतिक रूप से सुबह 10:00 से शाम 02:00 तक जनसुनवाई की जाती है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत दो दिवसीय समीक्षात्मक बैठक संपन्न

छपरा । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सारण प्रमंडल के तीनों जिले यथा - सारण, सिवान एवं गोपालगंज के प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरकों (बीसीएम) की दो दिवसीय (17 एवं 18 फरवरी) समीक्षात्मक बैठक छपरा शहर स्थित निजी होटल में आयोजित की गई। यह बैठक वित्तीय वर्ष 2025- 26 को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का आयोजन क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (आरपीएमयू), सारण प्रमंडल द्वारा किया गया। इस संबंध में क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक (आरपीएम) प्रशांत कुमार ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना के निदेशानुसार इस बैठक का उद्देश्य जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन को और सुदृढ़ बनाना है। इसमें तीनों जिलों के जिला सामुदायिक उत्प्रेरक (डीसीएम), प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य उत्प्रेरक (बीसीएम) एवं डीडीए को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अपर निदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी रोग नियंत्रण तथा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रखंडों में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग प्रणाली को और मजबूत बनाया जाए। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं की उपलब्धियों, चुनौतियों और सुधार के उपायों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# सारण जिलाधिकारी ने मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित मैट्रिक के सैद्धांतिक परीक्षा के दूसरे दिन की परीक्षा के दोनों पालियों में गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई।पहली पाली की परीक्षा 12:45 में खत्म हुई तथा 1:00 से 1:30 के बीच में द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश ले लिया गया।



प्रवेश के दौरान केंद्राधीक्षक,विक्षक एवं दंडाधिकारी के द्वारा प्रवेश के दौरान ही परीक्षार्थियों की गहन जांच पड़ताल की गई ताकि प्रवेश पत्र पेन के अलावा अन्य किसी प्रकार के नकल करने के लिए चिट को लेकर परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं कर पाए। वहीं परीक्षा के दूसरे दिन सारण जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के द्वारा छपरा नगर निगम स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा किया गया तथा केंद्राधीक्षकों को शांतिपूर्ण एवं कदाचार रहित परीक्षा लेने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बताते चले कि जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव द्वारा 18 फरवरी को वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा, 2026 के अवसर पर छपरा नगर निगम अंतर्गत जिला स्कूल, एस डी एस कॉलेज, आर एन सिंह इवनिंग कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

परीक्षा के कदाचारमुक्त एवं स्वच्छ वातावरण तथा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने हेतु सभी केंद्राधीक्षकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को परीक्षा की अवधि में विद्यालय परिसर के सभी प्रवेश एवं निकासी द्वारों को पूर्ण रूप से बंद रखने, परीक्षा हॉल में समुचित प्रकाश की व्यवस्था करने तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित करने का निदेश दिया गया।

## सारण में बोर्ड परीक्षा का 'कवच' तैयारः डीएम वैभव श्रीवास्तव खुद उतरे मैदान में

- केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्था का लिया जायजा दिए सख्त निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। वार्षिक माध्यमिक सैद्धांतिक परीक्षा 2026 को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सारण जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने स्वयं छपरा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जिला स्कूल, एस डी एस कॉलेज और आर एन सिंह इवनिंग कॉलेज सहित कई परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर धरातलीय स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षार्थियों की सुविधा और सुरक्षा मानकों का बारीकी से अवलोकन किया।

अधिकारियों को सख्त हिदायत कि हर हाल में हाल में परीक्षा को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए। जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशः कि परीक्षा की पूरी अवधि के दौरान विद्यालय परिसर के सभी प्रवेश और निकासी द्वारों को अनिवार्य रूप से बंद रखा जाए। वहीं उन्होंने कहा कि नकल रोकने के लिए केंद्रों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे तुरंत अधिष्ठापित किए जाएं।

परीक्षा हॉल में रोशनी (लाइटिंग) की समुचित व्यवस्था हो ताकि छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। हमारा लक्ष्य है कि जिले में परीक्षा का वातावरण पूरी तरह स्वच्छ और तनावमुक्त रहे। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# देखा गया रमजान का चांद, आज से पवित्र माह रमजान शुरू

- जरूरतमंदों में वितरित किया गया रमजान किट

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। इबादतों, रहमतों व बरकतों का पवित्र महीना रमजान-उल-मुबारक का चांद बुधवार को देखा गया। शिया और सुन्नी चांद कमेटियों ने चांद दिखने की घोषणा कर दी हैं। इसकी तस्दीक होते ही लोग गुरुवार से रमजान के रोजे रखने की तैयारी में मशगूल हो गये। सेहरी के इन्तेजाम में लोगों की भीड़ से बाजार गुलजार हो गए। शीरमाल, नान, बाकरखानी और दूध व मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ देखी गयी। वहीं यह नियम है कि चांद देखे जाते ही रमजान की विशेष नमाज तरावीह की शुरूआत हो जाती है। लोग इसके लिए मस्जिद और चिन्हित जगहों पर पहुंचने की जल्दी में दिखे।

सज गईं खजूर की दुकानें, दाम 120 से 2000 तकः रमजान में खजूर की बड़ी अहमियत होती है। हर रोजेदार चाहता है कि वह बेहतर खजूर से इफ्तार करे और दूसरों को भी कराए। ऐसे खजूर की मांग है जो स्वादिष्ट व पौष्टिक हो। रोजेदारों की पसंद को देखते हुए बाजार में बड़े चमचमाते काले कलमी खजूर आ गए हैं। इसके कई प्रकार हैं। जो 120 से लेकर 2000 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं। ईरानी 130, कीमिया 270, रब्बी 300, फर्द 400, अम्बर 500, कूबा 1100, अजवा 2000 से 3000 रुपये और चटाई खजूर 100 रुपये किलो है।


जरूरतमंदों को प्रदान किया गया रमजान किट : शहर के करीमचक स्थित फरहत कदा में जरूरतमंद लोगों को रमजान किट वितरण किया गया। मौके पर आयोजक समाजसेवी सैयद मेराज हुसैन ने कहा कि रमजान दया, त्याग और आपसी सहयोग का संदेश देता है। जरूरतमंदों का ख्याल रखना ही असली इबादत है। सक्षम लोगों को अपने आस-पास के जरूरतमंद लोगों का खास ख्याल रखना चाहिए। उनके साथ अपनी खुशियां बांटनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की भलाई की कोशिशें समाज में प्यार, भाईचारा और एकजुटता को बढ़ावा देती हैं। सामाजिक रिश्ते मजबूत करती हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों से रमजान आने से पहले जरूरतमंद परिवारों में रमजान किट बांटने का काम चल रहा है। रोजेदारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इन किट में बुनियादी जरूरतें शामिल की जाती हैं। ताकि वे गरिमापूर्ण तरीके से सेहरी और इफ्तार का आयोजन कर सकें। मौके पर डॉ शहजाद आलम, अब्दुल कय्यूम अंसारी, मो समी-उज-जमां अरशद, हसन इमाम खान, शाहिद अख्तर, राशिद, दस्तगीर, अरमान, अमन और मुहम्मद हुसैन आदि उपस्थित थे। सभी उपस्थित लोगों ने इस कल्याणकारी पहल की सराहना की। इसे एक अनुकरणीय कदम बताया। समारोह के अंत में देश एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।

इबादत के लिए मस्जिदों में खास व्यवस्था : मस्जिदों की मरम्मत के साथ रंगाई-पुताई पहले से ही कर ली गयी है। तराहवी और नमाज-ए-जमात के लिए शहर व आसपास के विभिन्न मौलवियों को आमंत्रित किया गया है। शहर की तमाम मस्जिदों में रोजेदारों की सुविधा के लिए जरूरत की चीजें भी खरीदी गयी हैं। पुरुषों व बच्चों की इबादत से मस्जिदों में रौनक रहती है वहीं महिलाएं इबादत से घरों को रौशन करती हैं. प्रतिदिन तरह-तरह के पकवान मस्जिदों में भेजे जाते है जिससे लोग रोजा खोलते हैं। रमजान में शहर में काफी चहल-पहल रहती है।

# नगरा में आग लगने से लाखों मूल्य की संपत्ति जलकर हुआ राख

- घंटों तक जलता रहा समान, पानी के लिए इधर उधर भटकते रहे लोग

प्रात : किरण संवाददाता



नगरा। नगरा चौक स्थित हनुमान मंदिर परिसर के नीचे बने एक कमरे में चल रही काश्मीरी उलेन मेला नामक की दुकान में मंगलवार देर रात्रि अचानक आग लगने से लाखों मूल्य का सामान नुकसान हो गया। बताया जा रहा है कि मंदिर के नीचे स्थित दुकान में अचानक से आग लगी, हालांकि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। नगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कादीपुर बन्नी गांव निवासी रामजी प्रसाद के पुत्र राजेश कुमार ने बताया कि आग में करीब एक से डेढ़ लाख रुपये नकद जल गया,जबकि दुकान में रखे कपड़ों सहित अन्य सामान जलने से लगभग छह से सात लाख मूल्य का कपड़ा का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि आग काफी तेजी से फैली, जिससे सामान बचाने का मौका नहीं मिल सका। वहीं आग बुझाने के लिए लोग पानी के लिए घंटी इधर उधर भटकते दिखे।

घटना के दौरान मंदिर से उठती आग की लपटों को देखकर नगरा थाना की पुलिस एवं स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इधर अंचल अधिकारी अभिषेक कुमार के निर्देश पर सीआई उमेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल कर रहे हैं।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत खैरा पुलिस ने दो मोबाइल धारक को सौंपी





प्रात : किरण संवाददाता

नगरा। सारण जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए मोबाइल और सामान की बरामदगी का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में खैरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुम हुए दो मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिया है। बरामद मोबाइल डुमरी गांव की निवासी निशु कुमारी तथा छितरौली गांव की निवासी मोनिका सिंह को सौंपा गया। मोबाइल वापस मिलने पर दोनों परिवारों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। यहां बताते चले कि सारण जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत तकनीकी मदद से लगातार गुम मोबाइल खोजकर लोगों को लौटाया जा रहा है, जिससे आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो रहा है।

इस संबंध में खैरा के अपर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने मोबाइल धारकों को फोन सौंपा। वहीं खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि मोबाइल करीब एक वर्ष पहले गुम हुआ था। प्राथमिकी दर्ज कर टीम लगातार जांच में लगी थी,जिसके बाद मोबाइल बरामद कर वास्तविक धारकों को सौंप दिया गया।

# बेखौफ चोरो ने एसबीआई का एटीएम मशीन ले उड़े

- डेरनी थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ग्रामीण। सारण जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के सुतिहार बाजार स्थित एसबीआई एटीएम मशीन को बेखौफ चोरो ने दिनदहाड़े ले उड़े। बताते चले कि बुधवार की दोपहर करीब 02:30 बजे के आसपास डेरनी थाना अंतर्गत सुतिहार बाजार में स्थित एसबीआई के एटीएम मशीन को अज्ञात चोरों द्वारा काटकर चोरी कर ले उड़े है। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने डेरनी थाना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही डेरनी थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। संबंध में डेरनी थाना पुलिस ने बताया कि विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा अज्ञात अभियुक्तों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। सारण पुलिस आमजनों से अपील करती है कि यदि किसी व्यक्ति को इस घटना से संबंधित कोई भी सूचना प्राप्त हो, तो निकटतम थाना अथवा पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# सारण ! पैसे लेन-देन का वीडियो वायरल, दो पुलिसकर्मी निलंबित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ग्रामीण। सारण जिले नगर थाना पुलिस की पैसे लेन-देन का वीडियो वायरल में एसएसपी विनीत कुमार ने दो पुलिसकर्मी को निलंबित किया है। जानकारी के अनुसार 17 फरवरी 2026 को समय 21:45 बजे नगर थाना के सरकारी मोबाइल पर एक वायरल वीडियो प्राप्त हुआ। वायरल वीडियो के अवलोकन में पाया गया कि नगर थाना की ईआरभी एक 112 पर प्रतिनियुक्त महिला सिपाही 722 इंदु कुमारी एक व्यक्ति से कथित रूप से पैसों के लेन-देन संबंधी बातचीत करती हुई प्रतीत हो रही हैं। इस संबंध में पूछताछ करने पर संबंधित महिला सिपाही द्वारा बताया गया कि उक्त वीडियो लगभग दो माह पूर्व का है। उस तिथि को ड्यूटी पर पु०अ०नि० जगदीश शर्मा एवं चालक सैफ सिपाही उमेश सिंह उपस्थित थे। प्रथम दृष्टया उक्त कृत्य से पुलिस की छवि धूमिल होना प्रतीत हुआ है। जिसके तहत आरोपों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पु०अ०नि० जगदीश शर्मा एवं महिला सिपाही 722 इंदु कुमारी नगर थाना को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन-यापन भत्ता पर निलंबित किया गया है। वहीं एसएसपी विनीत कुमार ने आपजनो से अपील किया है कि सारण पुलिस स्पष्ट करती है कि विभागीय अनुशासन के विरुद्ध किसी भी प्रकार की गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# इसुआपुर पुलिस की निष्क्रियता से आजिज पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरसौली पांडेय टोला के योगेंद्र पांडेय के बंद घर से लगभग एक महीने पूर्व हुई चोरी की घटना की जांच में पुलिस द्वारा बरती जा रही निष्क्रियता से आजिज पीड़िता पिंकी कुमारी ने एसपी सारण, डीआईजी सारण तथा डीजीपी पटना बिहार को लिखित आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि 22 जनवरी से 27 जनवरी के बीच उनके घर में चोरी की बड़ी वारदात हुई। जिसमें लगभग 20 लाख रुपए के आभूषण, 50 लाख रुपए नगद, टीवी तथा घर के समस्त कीमती सामानों की चोरी हो गई थी। घटना की एफआईआर इसुआपुर थाने में दर्ज कराई गई थी। लेकिन घटना के लगभग एक महीने होने को हैं, बावजूद आज तक पुलिस प्रशासन द्वारा ना तो कोई प्रभावी खोज बीन की गई है और ना ही किसी प्रकार की छापेमारी या ठोस कार्रवाई की गई है। मामले में अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। पीड़िता का यह भी कहना है कि चोरों द्वारा घर के बगल के झाड़ी में कुछ कपड़े एवं सामान फेंक दिए गए थे। जिसके सहारे पुलिस मामले का उद्वेदन कर सकती थी। पुलिस द्वारा खोजी कुत्ता बुलाने का भी आश्वासन दिया गया था। प्राथमिकी दर्ज करने के दो-तीन दिन बाद तक चोरों द्वारा फेंके गए सामान घर के सामने ही पड़े थे। जो बाद में संभवतः चोरों द्वारा ही साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उन्हें हटा दिया गया। पीड़िता ने विश्वास जताते हुए कहा है कि अगर खोजी कुत्ता समय रहते आ गया होता तो संभवतः मामले का उद्भेदन हो गया होता। इस बाबत थानाध्यक्ष इसुआपुर कमल राम का कहना है कि पुलिस मामले के उद्भेदन में लगी हुई है। टेक्निकल सेल तथा जिला तकनीकी टीम भी लगी हुई है। पुलिस इंस्पेक्टर और डीएसपी साहब भी खुद केश की मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

# नव दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का शुभारम्भ

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर। प्रखण्ड के अमनौर कल्याण पंचायत स्थित नरसिंहभानपुर शिव मंदिर के प्रांगण में नव दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा का शुभारम्भ हुआ। बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ इसकी शुरूआत हुई। इस आयोजन में आसपास के दर्जनों गांवों से महिला पुरुष बिभिन्न परिधानों में सुसज्जित होकर बड़ी संख्या में शामिल हुए।गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु भक्त हर हर महादेव जय श्री राम जय हनुमान के जय जय कारा करते हुए।



कलश यात्रा नरसिंह भानपुर शिवमंदिर से होकर परमानंद छपरा होते हुए नवकारा जर्तिमईया के नजदीक लगुनिया के पास पहुँच गंडक नदी से जलभरी की रश्म वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरी की गई।

जिससे चारो तरफ भक्तिमय माहौल बना हुआ था।शोभा यात्रा परंपरिक ढोल-नगाड़ों और जय श्री राम, हर हर महादेव के नारों के साथ विभिन्न मार्गों से निकलकर यज्ञ स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू हुआ।इस मौके पर उमेश राय, अशोक राय, सरपंच संघ के अध्यक्ष धीरज सिंह, मदन तिवारी, मुन्ना गुप्ता, जवाहर प्रसाद, परमात्मा प्रसाद, रवि राय, नवलकिशोर राय, माधवबिहारी प्रसाद राय, शिवजी शर्मा, रुपेश सिंह, मनोज प्रसाद, सुबाष राय,अभिषेक सिंह, श्रवण राय, संतोष प्रसाद, गोपाल सिंह, हरेशर प्रसाद, योगेंद्र गुप्ता,रामकुमार राय समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

### युवक के पॉकेट से 74 हजार नगद व मोबाइल चोरी

बनियापुर। सहाजितपुर थाना के मुख्य बाजार पर पैकेटमारो ने युवक के पाकेट से 74 हजार नगद सहित मोबाइल की चोरी कर लिया है,मामले मे पीड़ित के ब्यान पर प्राथमिकी के बाद जाँच मे जुटी है। घटना के संबंध मे बता दे कि कोल्हुआ निवासी पीड़ित अंकुश कुमार बैक मे पैसा जमा करने आया था,जहा उससे दो अज्ञात व्यक्ति बातचीत करने लगे इसी क्रम मे एक ने बात करने के लिए उससे फोन मांगा कही बात करने के लिए और अचानक गायब हो गए,जब अपनी पाकेट की जाँच किया तो उसके जेब से 74 हजार रुपये और मोबाइल चोरी हो गयी थी।मामले मे अज्ञात को नामजद किया है।

# एसबीआई एटीएम मशीन चोरी में घटनास्थल का डीआइजी एवं एसएसपी ने किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ग्रामीण। सारण जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के सुतिहार बाजार स्थित एसबीआई एटीएम मशीन को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार बुधवार के दोपहर लगभग 02:30 बजे के आसपास के करीब डेरनी थाना अंतर्गत सुतिहार बाजार में स्थित एसबीआई के एटीएम मशीन को अज्ञात चोरों द्वारा काटकर चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आई है। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने डेरनी थाना पुलिस को दिया है। सूचना मिलते ही डेरनी थाना की पुलिस ने घटना स्थल पहुंच घटना स्थल निरीक्षण किया गया है।

घटना स्थल निरीक्षण कर पूरे मामले को डेरनी थाना पुलिस ने वरीय अधिकारी को अवगत कराया। सारण जिले के वरीय अधिकारियो ने घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उप-महानिरीक्षक निलेश कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान में में वरीय पदाधिकारियों द्वारा संपूर्ण घटनाक्रम की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को अपराधियों की शीघ्र पहचान एवं गिरफ्तारी, तकनीकी अनुसंधान को सुदृढ़ करने एवं भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया है, जो इस कांड के उद्भेदन के लिए तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर एटीएम परिसर का विस्तृत वैज्ञानिक निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए।

वहीं संबंधित अधिकारियों ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है। डेरनी थाना पुलिस द्वारा तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात अभियुक्तों की पहचान हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। इस संबंध में विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

# अभिभावकों को स्कूल- अनुशासन में करना चाहिए सहयोगः थानाध्यक्ष




- गोवर्धन विद्यापीठ का मना 56 वां वर्षगांठ

प्रात : किरण संवाददाता

रसूलपुर। स्थानीय चट्टी के गोवर्धन विद्यापीठ का 56 वां वर्षगांठ बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच धूमधाम से मना।स्कूल के संस्थापक प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ डी के ओझा ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश व समाज के विकास की रीढ़ होती है।

इसी उद्देश्य से उन्होंने शहर से दूर अपने गांव- जवार के बच्चों के लिए इस विद्यालय की स्थापना उन्होंने की थी।मुख्य अतिथि स्थानीय थानाध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए अभिभावकों भी कुछ त्याग की जरूरत है। विद्यालय के अनुशासन में धैर्य पूर्वक अभिभावकों को सहयोग करनी चाहिए।विद्यालय के शिक्षक प्राचार्य विशु श्रीवास्तव, हंसराज कुमार,अतुल व्याहुत, रागिनी देवी,देवन्ती देवी आदि के नेतृत्व में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, बिरसा मुंडा व छतीसगढ़ी आदिवासी पारम्परिक नृत्य,महाभारत एक्ट, भस्मासुर वध , एकलव्य एक्ट आदि झांकी देख भारी संख्या में उपस्थित अभिभावक व अन्य भाव विभोर हो गये।मौके पर स्थानीय समाजसेवी सरपंच प्रतिनिधि विकास कुमार, उमाकांत कुशवाहा, राजेश्वर सिंह,पूर्व सरपंच कृष्णानंद सिंह गांधी , त्रिभुवन दूबे, उज्जवल दूबे , पुरूषोत्तम यादव आदि उपस्थित रहे।

# फाइलेरिया रोधी दवा को लेकर भ्रांतियां मिटा रहे पीएसपी सदस्य, 18 परिवारों ने तोड़ी झिझक, अपनाई सुरक्षा की डोज

- पीएसपी की पहल से मुस्लिम बस्ती के 65 लोगों ने पहली बार खाई फाइलेरिया रोधी दवा
- जहां कभी नहीं खाई गई दवा, वहां 65 लोगों ने एक साथ किया सेवन
- पीएसपी की पहल रंग लाई, मुस्लिम समुदाय ने बढ़-चढ़कर खाई दवा



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। फाइलेरिया जैसी गंभीर और अपंगता पैदा करने वाली बीमारी के उन्मूलन की दिशा में सारण जिले में चल रहा सर्वजन दवा सेवन अभियान अब रंग लाने लगा है। वर्षों से दवा को लेकर चली आ रही आशंकाओं और भ्रांतियों को तोड़ते हुए पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफॉर्म (पीएसपी) के सदस्यों ने समुदाय के बीच विश्वास की मजबूत नींव रखी है। इसका ताजा उदाहरण सारण जिले के रिविलगंज प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत भादपा पंचायत के रामपुर सीरिसिया गांव स्थित धोबी टोला में देखने को मिला, जहां मुस्लिम समुदाय के 18 परिवारों के कुल 65 लोगों ने पहली बार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन किया।

सारण जिले में 10 से 27 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को दवा खिला रही हैं। हालांकि कई क्षेत्रों में अब भी दवा को लेकर डर, अफवाह और गलत धारणाएं लोगों को दवा सेवन से रोकती रही हैं। रामपुर सीरिसिया का धोबी टोला भी उन्हीं इलाकों में शामिल था, जहां के लोग अब तक दवा खाने से परहेज करते आए थे।

भ्रांतियों की दीवार तोड़ रहें पीएसपीः इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में पीएसपी सदस्यों और स्थानीय प्रभावशाली लोगों ने अहम भूमिका निभाई। गांव के सरपंच मिनाज असगर, ग्रामीण चिकित्सक अरमान अंसारी और जीविका सीएनआरपी उषा देवी के सहयोग से समुदाय के बीच लगातार संवाद स्थापित किया गया। लोगों को सरल भाषा में यह समझाया गया कि फाइलेरिया क्या है, यह कैसे फैलता है और दवा सेवन क्यों जरूरी है। साथ ही यह भी बताया गया कि यह दवा राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत सुरक्षित रूप से दी जाती है और वर्षों से देशभर में करोड़ों लोग इसका सेवन कर रहे हैं। पीएसपी सदस्य निरमला देवी और प्रमिला देवी ने बताया कि शुरूआत में लोगों में काफी हिचकिचाहट थी। कई लोगों को डर था कि दवा खाने से तबीयत खराब हो जाएगी या कोई गंभीर साइड इफेक्ट हो सकता है। लेकिन जब स्थानीय सरपंच, परिचित ग्रामीण चिकित्सक और जीविका से जुड़ी महिलाओं ने खुद आगे आकर भरोसा दिलाया, तो धीरे-धीरे माहौल बदलने लगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### जलमीनार पाइप लीकेज से सड़क पर जलजमाव

आरा। सहार स्थानीय सहार प्रखंड क्षेत्र के अबगिला गांव में प्रखंड कार्यालय परिसर में बने जलमीनार से जुड़े पाइप कनेक्शन में लीकेज की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। जगह-जगह पाइप फटने के कारण सड़क पर पानी बह रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। वहीं नाली का गंदा पानी पाइप लाइन में प्रवेश कर जा रहा है, जिसके कारण घरों तक सप्लाई होने वाला पानी दूषित हो रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। पूर्व वार्ड सदस्य हरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि गांव में कम से कम चार स्थानों पर पाइप लाइन में लीकेज है। इसके कारण नाली का गंदा पानी पाइप के अंदर चला जाता है और लोगों के घरों में बदबूदार एवं गंदा पानी पहुंचता है। उन्होंने कहा कि कई बार संबंधित विभाग को इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### पीएचडी एडमिशन टेस्ट की जांच परीक्षा मार्च में

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पीएचडी (पैट)2025 की परीक्षा मार्च में आयोजित होगी। परीक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पीएचडी की परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है परीक्षा में शामिल होने के लिए विभिन्न 20 विषयों में 2925 आवेदन आए। परीक्षा आरा के विभिन्न चार केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। केंद्र और तिथि की घोषणा अगले परीक्षा एक सप्ताह में की जाएगी। आवेदक अपने यूजर आईडी और पासवर्ड की मदद से अपना एडमिट कार्ड अपलोड कर सकते हैं। यह परीक्षा में दो पेपर होंगे जिसमें प्रत्येक पेपर 100 अंक का होगा पहला पेपर मल्टीपल चॉइस और दूसरा पेपर संबंधित विषय का होगा। इसमें सफल और मेरिट के आधार वाले विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों का नामांकन होगा। स्नातकोत्तर के प्राप्तांक, पीएचडी टेस्ट के प्राप्तांक, नेट, जेआरएफ और साक्षात्कार के आधार पर मेरिट लिस्ट बनेगी।

### मार्च माह में ही सिंडिकेट और सीनेट की बैठक होगी

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में मार्च में सीनेट को बैठक होगी। इसके पहले सिंडिकेट की बैठक दूसरे सप्ताह के आसपास आयोजित होगी। जिसमें विश्वविद्यालय के घाटे का बचत पेश किया जाएगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय के अंगीभूतऔर संबद्ध कॉलेजों में वोकेशनल और पारंपरिक पाठ्यक्रम शुरू करने की इजाजत दी जा सकती है । सिंडिकेट की बैठक में संबद्धता की मांग करने वाले कॉलेज के प्रस्ताव पर विचार होगा। मानक के अनुकूल पाये जाने पर आवेदनों को पास करके सीनेट के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद उसे प्रस्ताव को शिक्षा विभाग को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। स्नातक सत्र 2026-30 में पढ़ाई शुरू करने की मांग करने वाले और अस्थाई व दीर्घकारण के प्रस्ताव पर विचार विमर्श के बाद मुहर लगेगी।मानक की जांच करने वाले 15 समितियां की जांच रिपोर्ट अभी लंबित है।विश्वविद्यालय के अनुसार इसकी रिपोर्ट पहले सप्ताह में हर हालत में जमा करने के लिए निर्देश दिया जाएगा । मनक की जांच करने वाली कमेटी की रिपोर्ट को सिंडिकेट में पेश किया जाएगा। सिंडिकेट के मोहर लगने के बाद उसे सीनेट की बैठक में भेजा जाएगा।विश्वविद्यालय के अनुसार विगत वर्ष में संबद्धता की मांग करने वाले आठ महाविद्यालय को इजाजत नहीं मिली है।इस बार उन कॉलेजों को प्रस्ताव को भी भेजा जाएगा।

### बाइक पर लदी देशी शराब समेत धंधेबाज गिरफ्तार

बिहिया। बिहिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के आनर गांव में बुधवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर बाइक पर लदी देशी शराब समेत एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया. पकड़ा गया धंधेबाज आनर गांव निवासी दशई यादव का पुत्र सतेन्द्र यादव है. थानाध्यक्ष सुंदरेश्वर कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि धंधेबाज बाइक पर शराब लेकर जा रहा है. सूचना पाकर पुलिस ने आनर गांव के समीप स्थित पोखरा के पास से बाइक सवार धंधेबाज को दबोच लिया. पुलिस ने उसके पास से बाइक पर लदी 56 लीटर देशी शराब बरामद किया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि धंधेबाज से पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सहार सोन नदी से अज्ञात अधेड महिला का शव बारमद

सहार आरा। सहार थाना क्षेत्र के करबासीन गांव के समीप 33 नंबर बालु घाट के समीप सोन नदी से लगभग 45 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बारमद किया गया। महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हहाकार मच गया। शव की सूचना पर दर्जनों महिला पुरुष शव को देखने सोन नदी पहुंच गये। वही घटना की खबर सूनकर प्रभारी थाना अध्यक्ष सुधांशु कुमार पुलिस बल के साथ सोन नदी पहुंच अधेड महिला के शव को पानी से बाहर निकाला। सोन नदी से अधेड महिला का शव रखकर पुलिस द्वारा महिला की पहचान कराने की कोशिश किया गया।

# रवि फसल कटनी में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं आंकड़ों की शुद्धता पर प्रशासन सख्त



पीरो (आरा)। रवि फसल कटनी को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही अब महंगी पड़ेगी। पीरो अनुमंडल के शहीद भवन सभागार में बुधवार को आयोजित समीक्षा व प्रशिक्षण बैठक में प्रशासन ने साफ कर दिया कि फसल कटनी प्रयोग पूरी पारदर्शिता और वैज्ञानिक तरीके से किया जाए, वरना जिम्मेदारी तय होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मदन नारायण सिंह ने की। उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन के सही आंकड़े ही सरकार की नीतियों की रीढ़ हैं, इसलिए एक भी गलत रिपोर्ट पूरे सिस्टम को प्रभावित कर सकती है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने कटनी प्रयोग की बारीक तकनीक, माप की पद्धति और रिपोर्टिंग सिस्टम पर विशेष जोर दिया। राजस्व अधिकारी रामांशंकर राम, पीरो प्रखंड कृषि पदाधिकारी सतीश मोर्य, तरारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार और चरपोखरी प्रखंड कृषि पदाधिकारी पवन ठाकरे ने संयुक्त रूप से कर्मियों को प्रशिक्षित किया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि फील्ड में किसी तरह की कोताही या मनमानी रिपोर्टिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पीरो, तरारी और चरपोखरी प्रखंड के किसान सलाहकारों, कृषि समन्वयकों और संबंधित कर्मियों की मौजूदगी रही। प्रशासन ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि फसल कटनी प्रयोग की निगरानी सीधे उच्च स्तर से होगी और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई तय है।

# भोजपुर में मैट्रिक परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाओं की बारकोडिंग का निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर डीएम तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता भोजपुर शशि शेखर द्वारा बुधवार को आदर्श मध्य विद्यालय, नवादा, आरा में वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 में प्रयुक्त होने वाली व्यवहत उत्तरपुस्तिकाओं के बारकोडिंग कार्य का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने बारकोडिंग की पूरी प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था एवं कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि समस्त कार्य पूरी पारदर्शिता, शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न हो, ताकि परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनी रहे। अपर समाहर्ता ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने तथा गोपनीयता एवं सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए। प्रशासन की इस सख्ती से परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता और पारदर्शिता को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# होली से पहले भोजपुर में मद्यनिषेध विभाग की बड़ी कार्रवाई

● दो वाहनों से 494 .88 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। होली पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लागातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मद्यनिषेध के सहायक आयुक्त रजनीश कुमार के नेतृत्व में विभाग को बड़ी सफलता मिली है। बुधवार को वाहन जांच के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर ख़्वासपुर सड़क पुल (थाना- ख़्वासपुर, जिला- भोजपुर) के पास एक महिंद्रा बोलेरो (निबंधन संख्या खल01इऊ5920) से 132 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में कायमनगर सब्जी मंडी (थाना- गीधा, जिला- भोजपुर) से एक महिंद्रा वश 300 कार (निबंधन संख्या इफ01लअ-8512) से 362.88 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। कार से एक अतिरिक्त नंबर प्लेट (लफ12अफ8331) भी बरामद की गई, जिससे तस्करी में फर्जी नंबर प्लेट के इस्तेमाल की आशंका जताई जा रही है। इस कार्रवाई में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में कृष्णा कुमार यादव (पिता- सीताराम यादव), धनजी यादव (पिता- हीरालाल यादव) एवं सुनील यादव (पिता- शिवजी यादव) शामिल हैं। तीनों अभियुक्त कोडहरा वार्ड संख्या-02, थाना-दोकटी, जिला-बलिया (उत्तर प्रदेश) के निवासी हैं। सभी को अग्रतर कानूनी कार्रवाई हेतु न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 6 लाख रुपये आंका गया है। प्रारंभिक जांच में शराब को उत्तर प्रदेश एवं चंडीगढ़ से भोजपुर लाए जाने की पुष्टि हुई है। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार के साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप एवं होमगार्ड के जवान शामिल थे।मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग ने सहायक आयुक्त रजनीश कुमार ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# 2030 में बिहार की जनता तेजस्वी यादव को बनाएगी मुख्यमंत्री : विनोद यादव

प्रात : किरण संवाददाता



जगदीशपुर। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता विनोद यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पार्टी के भीतर चल रही खींचतान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जगदीशपुर में राजद के भीतर बिखराव की स्थिति पैदा हो रही है, जिससे कार्यकताओं को सावधान रहने की जरूरत है। पूर्व विधायकों की लड़ाई से पार्टी को नुकसान हो रहा हैं.विनोद यादव ने क्षेत्र के दो पूर्व विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी आपसी लड़ाई पार्टी की जड़ों को कमजोर कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं को सचेत किया कि वे किसी के बहकावे में न आएं। यादव ने कहा, यहाँ के दो-दो पूर्व विधायक आपस में लड़ रहे हैं, जिसका सीधा नुकसान पार्टी संगठन को हो रहा है । फर्जी सदस्यता अभियान पर बड़ा खुलासा प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने सदस्यता अभियान में हो रही धांधली का भी जिक्र किया। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग घर बैठकर ही सदस्यता रसीदें ह्यहसुआह्न से काट रहे हैं और केवल खानापूर्ति के लिए पैसा ऑफिस में जमा कर देते हैं। उन्होंने इसे पार्टी के साथ धोखाधड़ी करार दिया। 2030 में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना विनोद यादव ने आगामी राजनैतिक लक्ष्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम सभी लालू प्रसाद यादव के सच्चे सिपाही हैं। हमारा एकमात्र लक्ष्य 2030 में तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना है। इसके लिए उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। बाहरी ताकतों से सावधान रहने की हिदायत ओवैसी जैसे नेताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा किः ओवैसी जैसे लोग चुनाव के समय आएंगे, अपना नेतृत्व करेंगे और चले जाएंगे। हमें उनके बहकावे में नहीं आना है। आगे उन्होंने कहा कि दिवंगत पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा साहब को लेकर विनोद यादव ने स्पष्ट किया कि बिहार का मुसलमान और उनके नेतृत्व की ओर देख रहा है राजद का असली सच्चा हितैसी ओसामा साहब हैं.बिहार के अल्पसंख्यकों का भरोसा राजद और ओसामा साहब पर है और उन्हीं के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ेगा।

# फाग महोत्सव में झूमे लोग, होली मिलन समारोह में दिखी सांस्कृतिक रंगत



बिहिया. बिहिया नगर स्थित केशव कॉम्प्लेक्स में मंगलवार की शाम अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के तत्वावधान में रौनियार वैश्य कमिटी बिहिया द्वारा फाग महोत्सव 2026 के तहत होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह के प्रारंभ में दिल्ली के सिंहासन पर बैठने वाले अंतिम हिन्दू सम्राट व रौनियार समाज के कुलभूषण सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य (हेमू) के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रौनियार समाज के लोग शामिल हुए और होली के पारंपरिक गीतों व संगीत पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. कलाकारों ने फाग गीतों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम स्थल पर उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं. आयोजन के दौरान समाज की एकता, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने पर भी जोर दिया गया. देर शाम तक चले समारोह को सम्बोधित करने वाले वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं. कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से होली पर्व को सौहार्द और प्रेम के साथ मनाने का संकल्प लिया. समारोह में रौनियार वैश्य कमिटी बिहिया के प्रखंड अध्यक्ष बनारसी प्रसाद, अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के कार्यकारिणी सदस्य अरविंद प्रसाद, अजय कुमार गुप्ता, राजनाथ प्रसाद, चितरंजन प्रसाद, रतन कुमार, विशाल कुमार, बजरंगी साह, शंकर गुप्ता, शिवजी प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, मुक्ति प्रसाद, रामबाबु गुप्ता, रमेश गुप्ता, रंजीत कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार गुप्ता, पत्रकार टप्पू गुप्ता, पत्रकार शैलेन्द्र कुमार गुप्ता समेत काफी संख्या में रौनियार समाज के लोग मौजूद रहे. समारोह का संचालन पत्रकार संजीव कुमार ने किया।

# स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ,आरा में समसमायिक परिदृश्य में लिंग निर्माण एवं असमानता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन विभाग के सेमिनार हॉल किया गया।जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. अवध बिहारी सिंह ने किया। इस आयोजन में मुख्यवक्ता प्रो. प्रमोद कुमार सिन्हा, पूर्व विभागाध्यक्ष , तिलका मांझी भागलापुर ,विश्वविद्यालय तथा सह व्यक्ता डॉ. मनीषा कुमारी, गंगा देवी महिला कॉलेज,पटना थे। तथा सेमिनार के संयोजक डॉ.मनीष कुमार एवं कार्यकरणी सदस्य डॉ. रीना कुमारी, श्री प्रेम शंकर सिन्हा थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर गई तत्यपश्चत कुलगीत खुशबू पांडेय,रोशनी तिवारी , प्रियंका, रंजू कुमारी एवं स्वागत गीत ज्योति कुमारी है। सेमिनार का संचालन संयुक्त रूप से शोधार्थी सर्वज्ञा श्री और सर्वेश्वरी सिंह ने किया । कार्यक्रम की रूप रेखा डॉ. रवि शंकर सिंह प्रस्तुत की। मुख्यवक्ता ने कहा कि पश्चात संस्कृति जो हमसे आगे होने का दभ भरती है वहां भी गृह कार्यों की जिम्मेदारी महिलाओं की है । भारतीय समाज मे अभी भी एक महिला की स्थिति वैवाहिक स्थिति से निर्धारित होती है। डॉ. मनीषा कुमारी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि विवाहयोत्तर महिलाओं का घर छोड़ना उनके स्थिति को पैतृक घर में अवमूलित करती है प्रो. अवध बिहारी सिंह ने आने आध्यक्षीय भाषण में कहा कि यह आयोजन एक प्रयास था समाज मे हमारे नव युवकों के द्वारा शैक्षिणक जागरूकता एवं समाज मे समन्वय व समानता लाने का प्रयास था । इस सेमिनार की सफलता से प्रोत्साहित हो कर विभाग अंतरराष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन जल्द ही करेगा और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ,आरा को एक जीवंत शैक्षिणक संस्थान के रूप मानचित्र पर स्थापित करेगा है। इस सेमिनार में डॉ. मनोज कुमार दीक्षित , सामाजिककर्त्ता श्री अखिलेश कुमार सिंह ,शिक्षक डॉ पंकज कुमार ,डॉ आदित्य कुमार आनन्द अनेक शोध छात्र व छात्रा एवं स्नातकोत्तर हरिओम कुमार आदि उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

आरा। आरा-अरवल मार्ग पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव के समीप बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान गड़हनी थाना क्षेत्र के असलान बहादुरपुर गांव निवासी शिवनारायण राम के 40 वर्षीय पुत्र बुधराम राम के रूप में हुई है। वह पेशे से ट्रैक्टर चालक था। परिजनों के अनुसार, बुधराम राम बुधवार की सुबह शिवपुर गांव से ट्रैक्टर पर ईंट लोड कर पियनिया गांव गया था। काम खत्म कर वह जब ट्रैक्टर लेकर वापस लौट रहा था, तभी पियनिया पुल के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चालक को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इधर, अचानक हुई इस दुर्घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# गुरुवार को मेंटेनेंस के कारण बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

सहार। विद्युत विभाग की ओर से जानकारी दी गई है लाइन के मेंटेनेंस कार्य के कारण आज गुरुवार को बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे से शाम 03 बजे तक लाइन बंद रखी जाएगी।इस दौरान संबंधित क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि मेंटेनेंस अवधि के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें। मेंटेनेंस कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# बीआरसी भवन चरपोखरी में वाद्य यंत्र किया गया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

चारपोखरी(भोजपुर) जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के कई प्राथमिक,मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों के लिए वाद्य यंत्रों का वितरण किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग की पहल पर विद्यालय स्तर के अनुसार अलग-अलग किट उपलब्ध कराई गई, ताकि बच्चों की सांस्कृतिक और सह-पाठ्य गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।कार्यक्रम में बताया गया कि प्राथमिक विद्यालयों के लिए अलग श्रेणी की वाद्य यंत्र किट, मध्य विद्यालयों के लिए उन्नत किट,तथा उच्च विद्यालयों के लिए अलग एवं अधिक संसाधनों से युक्त किट उपलब्ध कराई गई है।अधिकारियों ने कहा कि वाद्य यंत्र मिलने से विद्यालयों में प्रार्थना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और संगीत शिक्षा को नया बल मिलेगा तथा विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरेगी। इस मौके पर बाल गंगाधर तिलक सहित कई शिक्षकों ने भी पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बच्चों में रचनात्मकता और विद्यालय के प्रति लगाव बढ़ेगा।

# सड़क हादसों में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को हुए सड़क हादसों में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को परिजनों द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। पहली घटना आयर थाना क्षेत्र के इचरी गांव मोड़ के समीप हुई। यहां दोपहर के समय एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल युवक की पहचान आयर थाना क्षेत्र के आयर गांव निवासी भरत पंडित के 22 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सूरज कुमार बाइक से अपनी चचेरी बहन को आरा स्थित परीक्षा केंद्र पर छोड़कर गांव लौट रहा था। इसी दौरान इचरी गांव मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। वहीं दूसरी घटना धनगाई थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव के समीप घटी। बुधवार की दोपहर यहां भी एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को पहले जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवक धनगाई थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी जवाहर यादव का 22 वर्षीय पुत्र सूरज यादव बताया जा रहा है। दोनों घटनाओं के बाद संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अज्ञात वाहनों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

# राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के तीसरे दिन रंगोली प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर सासाराम स्थित एसपी जैन कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के तीसरे दिन प्रतिभा,अनुशासन और सांस्कृतिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। दिनभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में देश के अलग-अलग राज्यों से आए स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकालीन योग सत्र से हुई। योगाभ्यास के दौरान स्वयंसेवकों को शारीरिक व मानसिक संतुलन के महत्व की जानकारी दी गई। योग शिविर का संचालन डॉ. रीना देवी एवं डॉ.अंकिता मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवनशैली है, जो युवाओं में एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।इसके बाद आयोजित रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, और सामाजिक समरसता जैसे विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।रंगोली का विषय एक भारत श्रेष्ठ भारत और पोस्टर प्रतियोगिता का विषय वसुधैव कुटुम्मकम था। रंगों और रेखाओं के माध्यम से विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और सामाजिक समझ स्पष्ट दिखाई दी। निर्णायक मंडल ने कलात्मकता, विषय की प्रस्तुति और संदेश की प्रभावशीलता के आधार पर विजेता प्रतिभागियों की घोषणा की। प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।एकेडमिक सत्र में ह्वविकास में महिलाओं की भागीदारीह्व विषय पर परिचर्चा आयोजित हुई।मौके पर मुख्य वक्ता प्राचार्या प्रो सीमा पटेल रही। कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति महिलाओं की सक्रिय सहभागिता के बिना संभव नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति और आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज को नई दिशा दे रही है। स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार साझा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।शाम होते ही शिविर का वातावरण सांस्कृतिक रंग में रंग गया। सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने लोकनृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी-अपनी परंपराओं की झलक पेश की। विविधता में एकता का संदेश देते इन कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।एनएसएस समन्वयक डॉ साधना रावत ने बताया कि शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भावना विकसित करना है। तीसरे दिन की सफल गतिविधियों ने इस उद्देश्य को सार्थक रूप से आगे बढ़ाया।प्राचार्य प्रो नवीन कुमार ने कहा कि शिविर में भाग ले रहे विद्यार्थियों की प्रस्तुति देखकर हर कोई तारीफ कर रहा है।

# अंगीभूत महाविद्यालय से एनपीएस विपत्र मांगा गया

आरा ।वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने अपने सभी अंगीभूत महाविद्यालयों से एनपीएस (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) संबंधी विस्तृत विपत्र तीन दिनों के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया है। विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी के द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि अब तक प्राप्त सूचनाएं अपर्याप्त हैं और वित्तीय समायोजन के लिए आवश्यक आंकड़े पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।वित्त अधिकारी के अनुसार, एनपीएस अंशदान से संबंधित राशि को वित्तीय वर्ष 2026झ27 के बजट में सम्मिलित किया जाना है। इसके लिए प्रत्येक महाविद्यालय से कर्मचारीवार विवरण, लंबित अंशदान, तथा संस्थान द्वारा जमा की गई और शेष राशि का स्पष्ट ब्योरा मांगा गया है। उन्होंने बताया कि समय पर और सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं होने से बजट निर्माण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।यदि तय समयसीमा के भीतर सूचना नहीं भेजी जाती है, तो संबंधित महाविद्यालय की जवाबदेही तय की जाएगी।ज्ञात हो कि एनपीएस के तहत कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों के अंशदान का नियमित संधारण और बजट प्रावधान अनिवार्य है।

# भोजपुर में जिला स्तरीय निपुण TLM मेला 3 .0 का आयोजन

आरा।निदेशक, प्राथमिक शिक्षा-सह-निदेशक निपुण बिहार मिशन, बिहार सरकार, पटना द्वारा जारी निर्देशों के आलोक में भोजपुर जिले में विद्यालय स्तर एवं प्रखंड स्तरीय ळछट मेला 3.0 के सफल आयोजन के उपरांत 18 फरवरी 2026 को जिला स्तरीय निपुण ळछट मेला 3.0 का भव्य आयोजन खेल भवन, सर्किट हाउस रोड, पकड़ी, आरा में किया गया। इस मेले का उद्देश्य शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए नवाचारी शिक्षण-अधिगम सामग्रियों (ळींूल्लॉ छीं१ल्लल्लॉ टं३ी१' ) के माध्यम से बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को और सुदृढ़ करना रहा।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर मानवेंद्र कुमार राय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान) चंदन प्रभाकर तथा जिला खेल पदाधिकारी आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए नवाचारपूर्ण शिक्षण-सहायक सामग्री (ळछट) तैयार करने के प्रयासों की सराहना की और आगे भी ऐसे रचनात्मक प्रयास जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभागी शिक्षकों द्वारा निर्मित ळछट प्रदर्शों का अवलोकन किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. सरिता शर्मा (प्रभारी प्राचार्य, डायट पिरोटा), सुनील कुमार शर्मा (व्याख्याता, डायट पिरोटा), इंदु कुमारी (शिक्षिका, उच्च विद्यालय करारी आरा) तथा मोहम्मद असद (शिक्षक, राजकीय बुनियादी विद्यालय बडहरा) शामिल रहे। मूल्यांकन के पश्चात विषयवार जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं का चयन किया गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 19 फरवरी 2026



## संक्षिप्त खबरें

### 06 अप्रैल से हो सकता है अनिश्चितकालीन सामुहिक अवकाश

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जिला न्यायालय कर्मचारी संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष श्रीकांत कुमार, सचिव नवीन कुमार ने बताया है कि बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ का पटना में एक महत्वपूर्ण बेठक हुए हैं जिसमें निर्णय लिया गया है कि न्यायालय कर्मचारियों की लम्बित न्यायोचित मांगों एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन के सम्बन्ध में तथा प्रस्तावित चरणबद्ध आंदोलन के संदर्भ में बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारीयों के संवैधानिक एवं विधि सम्मत अधिकारों के रक्षा हेतु शान्ति पूर्ण अहिंसात्मक लोकतांत्रिक चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया है। 01 मार्च को अपने अपने जिला में जिला मुख्यालय के महत्मा गांधी के प्रतिमा के पास मौन बेठक और काली पट्टी बांध कर न्यायालय में उपस्थिति, 15 मार्च को एक दिवसीय भुख हड़ताल एवं धरना, 28 मार्च एक दिवसीय सामुहिक अवकाश और 06 अप्रैल से मांगो के पूर्ति न होने के स्थिति में अनिश्चितकालीन सामुहिक अवकाश पर जाएंगे। जिससे पुरे बिहार में न्यायिक कार्य प्रभावित हो जाएगी।

### जिला अध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजन किया गया

गया इंडिया कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार जिला अध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में संगठन सृजन का प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं कार्यक्रम हुआ है जिसमें प्रभारी गण ने संगठन सृजन पर गया जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में प्रेस बंधुओं के साथ वार्ता हुई संगठन सृजन की विस्तृत जानकारी दी गई है।

गया जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में संगठन सृजन में आए आईसीसी पर्यवेक्षक योगेश दीक्षित, बिहार कांग्रेस पीसीसी से आए प्रभारी कपिल देव प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, बैजनाथ शर्मा, अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन उमैर खान एवं डॉ संजय यादव का कांग्रेस पार्टी के नेताओं, संगठन के प्रभारियों और कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया है इस मौके पर गया जिला कार्यकारी अध्यक्ष शहाबुद्दीन रहमानी, सत्येंद्र नारायण,खालिद अमीन,शौकत निशात उर्फ नवाब अली, शमी अख्तर खान, सितेंद्र यादव,पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, बुद्ध सेवक प्रसाद, कमलेश चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी,पूर्व अध्यक्ष गगन मिश्रा, मोहम्मद ताजुद्दीन, रिजवान आलम, अहमद रजा, शि-वशंकर कुशवाहा, जय प्रकाश सिंह, चंदन कुशवाहा, कौशल श्रीवास्तव, राम प्रमोद सिंह, आनंद पासवान, गुड्डु यादव, चंदन सिंह, नथुन पासवान, राज कपूर गुप्ता, राजेश्वर प्रसाद, ज्ञानेंद्र कुमार शिशु, नागेंद्र सिंह, डॉ पिंकी, मदीना खातून, विदया शर्मा, , मोहम्मद अजहरुद्दीन, ओंकार शक्ति, केदार प्रसाद, दीपक यादव आदि थे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में औद्योगिक क्षेत्र हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा




**प्रातः किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में प्रस्तावित औद्योगिक पार्क/औद्योगिक क्षेत्रों हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद श्रीमती अभिलाषा शर्मा (भा०प्र०से०) सहित अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भूमि अधिग्रहण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा अंचल अंतर्गत मौजाझ्रहरसू एवं अन्य 05 मौजों में औद्योगिक क्षेत्र के गठन/विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रगति पर भी चर्चा की गई। यह परियोजना उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा प्रायोजित है तथा इसकी क्रियान्वयन एजेंसी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटी, पटना है। औद्योगिक क्षेत्र के गठन/विस्तार हेतु कुल 441.79 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए मंत्रिपरिषद द्वारा 284.28 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। अब तक प्रशासनिक स्वीकृति की राशि में से 60 करोड़ जिला प्रशासन, औरंगाबाद को उपलब्ध कराए जा चुके हैं तथा परियोजना के अंतर्गत 21.10% वित्तीय प्रगति दर्ज की गई है। भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के अंतर्गत धारा 11(1) की अधिसूचना दिनांक 06.12.2025 को प्रकाशित की जा चुकी है। इसके उपरांत संबंधित प्रक्रियाओं के तहत खटर की कार्यवाही प्रगति पर है। साथ ही पोस्ट-फैक्टो अनुमोदन हेतु आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया को प्रस्ताव समर्पित किया गया है। मुख्य सचिव, बिहार द्वारा निर्देशित किया गया कि औद्योगिक विकास से संबंधित परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता, विभागीय समन्वय एवं समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए, ताकि राज्य में निवेश को बढ़ावा मिले और रोजगार सृजन के अवसरों में वृद्धि हो।

# साइंटिफिक सेमिनार में जुटेंगे देश के विभिन्न राज्यों के दो सौ होम्योपैथिक चिकित्सक

## 21 और 22 फरवरी को आयोजित होगा साइंटिफिक सेमिनार

- मगध मंडल आयुक्त करेगी कार्यक्रम का शुभारंभ
- मगध होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष ने दी जानकारी

**प्रातः किरण संवाददाता**

गया जी। मगध होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन सह रिसर्च सेंटर गया कि ओर से दो दिवसीय साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों से 200 होम्योपैथिक चिकित्सक शामिल होंगे। उक्त बातें मंगलवार को विष्णुपद के समीप एक निजी होटल में संगठन के अध्यक्ष डॉ इस प्रसाद ने कहा। उन्होंने बताया कि 21 और 22 फरवरी को शहर के रेड क्रॉस भवन में दो दिवसीय साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिहार झारखंड के अलावे लखनऊ अहमदाबाद कोलकाता व अन्य राज्यों से होम्योपैथिक चिकित्सक भाग ले रहे हैं। वहीं सेमिनार के कॉडिनेटर डॉ मनोज कुमार ने बताया 200 डॉक्टर के अलावे बिहार झारखंड और यूपी से लगभग डेढ़ सौ मेडिकल स्टूडेंट भी शामिल होंगे। सेमिनार में मुख्य वक्ता कोलकाता से डॉ सुभाष सिंह, अहमदाबाद से श्यामल किशोर, लखनऊ से निशांत श्रीवास्तव आने वाले है। सेमिनार में खासकर होमियोपैथिक के विकास और इस विज्ञान के प्रति लोगों का रुझान बढ़े इसके लिए सेमिनार का आयोजन किया गया है।




**मगध प्रमंडल आयुक्त सेमिनार का करेंगे उद्घाटन**

संघ के उपाध्यक्ष डॉ उमेश प्रसाद ने कहा कि सेमिनार का उद्घाटनकर्ता मगध प्रमंडल आयुक्त डॉ सफीना ए एन (आईएएस) रहेगे, मुख्य मुख्य अतिथि के रूप में पटना से सीसीएच के पूर्व अध्यक्ष डॉ रामजी सिंह रहेंगे।सचिव डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि एसोसिएशन के द्वारा डॉ क्यु एच खान मेमोरियल पुरस्कार उन चिकित्सको को दी जाती है जो अपना जीवन होमियोपैथिक के क्षेत्र में समर्पित किया हो। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डॉ एजी खान, डॉ बीपी करण, डॉ अनिल कुमार गुप्ता, प्रेस प्रभारी डॉ प्रमोद कुमार वर्मा, डॉ संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे हैं।

## महाशिवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन डांस कंपटीशन एवं सम्मान समारोह

**प्रातः किरण संवाददाता**



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर की हृदय स्थली दुर्गा मैदान के प्रांगण में सनातनी परंपरा का महान पर्व महाशिवरात्रि महोत्सव के निमित्त तीसरे दिन का कार्यक्रम सुबह सवेरे योग्य आचार्यों के सान्निध्य में भगवान शंकर एवं पार्वती की षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना की गई।तत्पश्चात संध्या में डांस कंपटीशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यालयी बच्चों ने सहभागिता निभाई।डांस कंपटीशन में निखिल डांस क्लासेस मदनपुर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जम्होर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व उप मुखिया अजित कुमार सिंह,भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता,जम्होर विकास मंच के सचिव राणा सुनील सिंह, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य लोगों ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की।संचालन की जिम्मेवारी सुरेश विद्यार्थी ने निभाई।संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि ने महाशिवरात्रि के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और कहा कि इसी दिन भगवान शंकर का माता पार्वती से विवाह हुआ था और उस मौके पर चराचर के समस्त देवी देवता पधारे थे।इस तरह के आयोजन पर जिस देवता की पूजा पाठ हो उस देवता के बारे में विद्वान आचार्यों को बुलाकर प्रवचन का आयोजन किया जाना चाहिए जिससे आने वाले पीढ़ी उन सभी सनातनी विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।साथ ही साथ विभिन्न महोत्सव के लोगों को भी सम्मानित किया गया।मौके पर साकेत कुमार गुड्डू, अध्यक्ष दीपक कुमार,उपाध्यक्ष सुमित कुमार एवं दीपू,सचिव राहुल गुप्ता,उपसचिव शक्ति कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष अनंत कुमार सिंह पाली उपकोषाध्यक्ष राजु कुमार सिंह,कार्यकारिणी समिति के सदस्य सुमित मूर्तिकार दीपक अग्रवाल,कौशल,मंटू,राजा, हिमांशु राज,नंदू धनु,राकेश अमन,आनंदी,आर्यन,विक्रम ,सन्नी कुमार,प्रियांशु रौशन सोनू,बजरंगी ओम,धर्मेंद्र प्रिंस शंभू गुप्ता आदि थे।

## जिला परिषद अध्यक्ष ने किसान मेला-सह-जैविक प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया

गया जी।कृषि विभाग गया द्वारा परम्परागत कृषि विकास योजना ;च्ज्ञटल्द्ध अन्तर्गत बाजार समिति परिसर चन्दौती में दो दिवसीय किसान मेला-सह-जैविक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। नैना देवी, जिला परिषद अध्यक्ष ने इस किसान मेला-सह-जैविक प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया है। इस अवसर पर उनके साथ सुबोध कुमार दास, उप निदेशक (रसायन) कम्पोस्ट एवं बायोगैस, बिहार, पटना, संजीव कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, गया, उदय पंडित, अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, टिकारी, बिजेश कुमार, जिला कृषि विपणन पदाधिकारी, गया, राजीव रंजन यादव, सहायक निदेशक (रसायन) मिट्टी जांच, गया, नीरज कुमार वर्मा, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, गया, मो० सरवर खाँ, सहायक निदेशक, सांख्यिकी, गया, आकृति, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, जैविक, निधि सिंह, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, बीज विश्लेषण उपस्थित थे। जिला कृषि पदाधिकारी, गया ने कहा कि गया जिला में परम्परागत कृषि विकास योजना के माध्यम से पांच प्रखण्डों बोधगया, बांकेबाजार, फतेहपुर, टनकुप्पा एवं टिकारी के 25 कलस्टर में 500 हेक्टेयर में जैविक खेती करायी जा रही है।

# सीयूएसबी में वंदे मातरम150 अमृत वाटिका का उद्घाटन, बेल के 50 पौधों का रोपण

**प्रातः किरण संवाददाता**



गया जी।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के स्थापना दिवस 27 फरवरी के उपलक्ष्य में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी क्रम में कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बेल की उन्नत किस्मों एनबी 9 एवं एनबी 5 के लगभग 50 पौधों का रोपण किया गया। भविष्य में इस वाटिका में 100 और पौधे लगाए जाएंगे, जिससे कुल पौधों की संख्या 150 पूर्ण की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह एवं मुख्य अतिथि प्रो. टी. वी. कट्टिमणि, पूर्व कुलपति, केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय आंध्र प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रो. कट्टिमणि उच्च शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के रूप में विख्यात हैं। कृषि संकाय द्वारा आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य परिसर के पर्यावरण को सुदृढ़ बढ़ाना तथा फल-विज्ञान एवं संबंधित अनुसंधान को प्रोत्साहित करना था । माननीय कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम्‌ के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस वाटिका का नाम वंदे मातरम्150 अमृत वाटिका रखा जाएगा। यह नाम राष्ट्रगौरव, सांस्कृतिक चेतना और हरित विकास का प्रतीक होगा। यह पहल राष्ट्रप्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण का एक सुंदर संगम है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. एन. के. राणा, कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. ए. पी. सिंह, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं कृषि संकाय के तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम का सफल समन्वय डॉ. हेमंत कुमार सिंह, सह-प्राध्यापक, कृषि विभाग द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।यह वृक्षारोपण कार्यक्रम न केवल हरित परिसर के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि फलोत्पादन एवं कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में भी प्रेरणादायक पहल है। ह्लवंदे मातरम्झ्र150 अमृत वाटिकाह्व आने वाले समय में विश्वविद्यालय की पर्यावरणीय एवं शैक्षणिक पहचान का प्रतीक बनेगी।

# भाजपा के पूर्व जिलामंत्री के निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति : पूर्व सांसद

**प्रातः किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह जम्होर निवासी भाजपा के पूर्व जिलामंत्री सह पूर्व पैक्स अध्यक्ष चन्द्रावती देवी के निधन की खबर सुनकर जम्होर स्थित पुनपुन घाट पर अंतिम दाह संस्कार में शामिल हुए एवं गहरा शोक व्यक्त किया पूर्व सांसद ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इनका निधन बहुत दुःखद है। इनका निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।उनका पूरा जीवन सामाजिक कार्यो में ही बीता इनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा का भाव सदैव हम सभी कार्यकर्ता को स्मरणीय रहेगा।इनका सम्पूर्ण जीवन पार्टी के लिए समर्पित रहा।यह हमेशा सामाजिक कार्यो में बहुत रुचि रखते थे।ऐसे कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता हम सभी कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे।ईश्वर परिवार को इस दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।इस दुःख की घड़ी में मैं परिवार के साथ हुँ।इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वार्ड पार्षद अशोक सिंह,मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता,अधिवक्ता नीरज सिंह उर्फ मन्टू सिंह,जम्होर पंचायत के उप मुखिया गोपाल चौरसिया,मुकेश चौरसिया,अनिल अग्रवाल,अशोक शौण्डिक,पंकज शौण्डिक,उपस्थित रहे एवं इनके निधन पर भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चन्द्रवंशी,पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह,मनोज शर्मा,पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील शर्मा,अजीत सिंह,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह,शुभेंदु शेखर सिंह,अनिता सिंह,जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा ,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह,नलिनी रंजन,मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता,भाजपा नेता सुरेन्द्र गुप्ता,जितेन्द्र गुप्ता,आलोक सिंह आदि थे।

# विधानसभा में गूंजा शेरघाटी का विकास मुद्दा
## विधायक उदय कुमार सिंह ने उठाई कई अहम मांगें

**प्रातः किरण संवाददाता**



शेरघाटी के समग्र विकास को लेकर विधायक उदय कुमार सिंह ने विधानसभा सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दे मजबूती से उठाए।उन्होंने कहा कि शेरघाटी को विकास की नई दिशा देने के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। विधायक ने शेरघाटी स्थित ऐतिहासिक दुल्हन मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित कर उसके सौंदर्यीकरण एवं विकास की मांग की, ताकि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हों।

इसके साथ ही उन्होंने शेरघाटी में नए रिंग रोड निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे शहर में जाम की समस्या से राहत मिल सके। अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा शेरघाटी में डिग्री कॉलेज खोलकर स्नातक की पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग सदन में रखी गई, ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े।

विधानसभा में शेरघाटी को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने की पहल को लेकर भी उन्होंने अपनी आवाज बुलंद की। विधायक द्वारा उठाए गए इन मुद्दों पर स्थानीय जनता ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। लोगों का मानना है कि इन मांगों के पूरा होने से शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## पूर्व जिलाध्यक्ष इन्द्रदेव यादव की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**प्रातः किरण संवाददाता**

औरंगाबाद। भाजपा के पूर्वजिलाध्यक्ष दिवंगत इन्द्रदेव यादव की आत्मा की शांति हेतु शहर के कुंडा हाउस में एक सभा आयोजित की गई। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। सभा की अध्यक्षता व संचालन पूर्वजिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राजद नेता व जिलापार्षद अनिल कुमार ने कहा कि वे व्यक्ति नही व्यक्तित्व थें। उनका मार्गदर्शन हमें सदैव प्राप्त होता रहता था। भाकपा नेता उपेंद्र शर्मा व ज्योतिषविद शिवनारायण सिंह ने कहा कि वे एक कुशल संगठनकर्ता तथा समर्पित कार्यकर्ता थें। उनका व्यक्तित्व सभी कार्यकताओं के लिए मार्गदर्शक है। वरीय अधिवक्ता व बसपा नेता कौशल कुमार सिंह ने कहा कि वे मेरे अग्रज थें उनकी मृत्यु समाज के साथ साथ मेरी व्यक्तिगत क्षति है नजदीक समय मे जिसकी भरपाई संभव नही है।मैं प्रभु से उनके उत्तम गति की कामना करता हूँ आज भी मैं उनके परिवार के साथ खड़ा हूँ। वरीय भाजपा नेता अनिल सिंह ने कहा कि उनका जाना एक युग का अंत है। साथ ही यह विचार करने का वक्त है कि एक कार्यकर्ता ने जीवन मे क्या पाया? अध्यक्षीय भाषण देते हुए पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि वे मेरे राजनीतिक गुरु थे।
पिता के समान सदा सही राह दिखाते रहते थें।
एक वकील के रूप में वे सदा समाज से जुड़े रहे और किसी गरीब को आर्थिक आभाव के कारण कानूनी सेवा से वंचित नही होने दिया।

# समकालीन जवाबदेही का निबंध विशेषांक पहुंचा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय

**प्रातः किरण संवाददाता**



औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले से एक दशक से निरंतर प्रकाशित होने वाली समकालीन जवाबदेही पत्रिका 2025 का निबंध विशेषांक वर्तमान परिदृश्य में औरंगाबाद जिला ही नहीं बिहार प्रांत के साथ-साथ बिहार प्रांत के बाहर भी आज राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय की शोभा बढ़ा रही है। समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र द्वारा लगातार इसके साहित्यिक विस्तार में लगे हुए हैं। इस क्रम में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा विभाग के सम्मानित अध्यक्ष प्रोफेसर सुरेश चंद्र जी को इस पत्रिका का निबंध विशेषांक भेंट किया गया। पत्रिका के संदर्भ में उनसे साहित्यिक विमर्श भी किया गया एवं 2026 में यात्रा वृतांत विशेषांक के प्रकाशन यज्ञ में सहयोग करने का भी आश्वासन मिला। पत्रिका पर साहित्यिक संवाद भी किया गया।इस क्रम में प्रोफेसर सुरेंद्र चंद्र जी ने कहा कि जिस प्रकार से समकालीन जवाबदेही आज निरंतर गतिशीलता के साथ प्रकाशित हो रही है।वह आने वाले भविष्य में साहित्यिक उपादान की विशेष उपमा साबित होगी।जब भी कोई शोधप्रज्ञ विद्यार्थी या फिर जिज्ञासु शिक्षार्थी अपनी जिज्ञासा को शांत करने वास्ते अवलोकन करेगा तो उसे समकालीन जवाबदेही की आवश्यकता पड़ेगी।मौके पर आशुतोष रंजन एवं अधिवक्ता हरिनाथ सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही।


**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, भवन निर्माण विभाग, पटना**

**पुर्न–अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–12/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमण्डल, दानापुर पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समयः– दिनांक 26/ 02/2026 के 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः– दिनांक 28/02 /2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समयः– दिनांक 28/02 /2026 को 3:30 बजे अपराह्न से ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः– (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पटना भवन अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर,पटना। (3) संबंधित सहायक अभियंता, अवर प्रमंडल सं0–1/2/दानापुर, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थानः– क्रमांक 5 के अनुसार ।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair, outer portion and other Necessary work in the 400 Set Block Building No. 81-84/400 at Rajbanshi Nagar, Patna | 1,19,973.00 | 2,400.00 | 500.00 | 7 Days |
| 2. | Outer Repair and Painting works 400 set of Block no.- 129-132/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025-26. | 1,19,973.00 | 2,400.00 | 500.00 | 7 Days |
| 3. | Repair Painting and other necessary work in 400 set Qtr. No.- 213/400,214/400,215/400, and 216/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025-2026 | 5,49,265.00 | 11,000.00 | 1250.00 | 7 Days |
| 4. | Repair, Painting and other Necessary work in 400 Set qtr. No.-241/400, 242/400, 243/400, 244/400 and outer portion of 241-244/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025 -26. | 7,98,794.00 | 16,000.00 | 1250.00 | 7 Days |
| 5. | Repair, Painting and other Necessary work in 400 Set qtr. No.-341/400, 342/400, 343/400 and 344/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025-26. | 6,24,344.00 | 12,500.00 | 1250.00 | 7 Days |
| 6. | Repair, Painting and other Necessary work in 400 Set qtr. No.-237/400, 238/400 and 239/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025 -26. | 4,49,267.00 | 9000.00 | 750.00 | 7 Days |
| 7. | Repair, Painting and other Necessary work in 400 Set qtr. No.-289/400, 290/400, 291/400 and outer portion of 289-292/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025 -26. | 5,94,132.00 | 12,000.00 | 1250.00 | 7 Days |
| 8. | Repair of Drain and other work in qtr. No.-5760/400, 237-240/400, 241-244/400, 249-252/400, 289-252/400, 341-344/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025 -26. | 1,99,689.00 | 4000.00 | 500.00 | 7 Days |
| 9. | Repair, Painting and other Necessary work in 400 Set qtr. No.-58/400 and 60/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025 -26. | 3,69,483.00 | 7,400.00 | 750.00 | 7 Days |
| 10. | Repair, Painting and other Necessary work in 400 Set qtr. No.-250/400, 251/400, 252/400 and outer portion of 249-252/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025 -26. | 5,43,077.00 | 10,900.00 | 1250.00 | 7 Days |
| 11. | Outer Repair and Painting works 400 set of Block no.- 129-132/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025-26. | 1,19,973.00 | 2,400.00 | 500.00 | 7 Days |
| 12. | Repair, painting, stair & other work of Qtr. No. 735/800,736/800 and 733-738/800 at L.B.S. Nagar, Patna for the Year -2025-26. | 4,23,601.00 | 8,500.00 | 750.00 | 7 Days |
| 13. | Repair, painting & other work of Qtr. No. 6/84,11/84 and 1-12/84 at L.B.S. Nagar, Patna for the Year-2025-26. | 3,58,098.00 | 7,200.00 | 750.00 | 7 Days |
| 14. | Repair, painting, campus development & other work of Qtr. No. 733/800, 734/800,737/800, 738/800 and 733-738/800 at L.B.S. Nagar, Patna for the Year-2025-26. | 6,29,026.00 | 13,000.00 | 1250.00 | 7 Days |
| 15. | Repair of boundary wall, campus development, PH & other work in Qtr. No. 80/96 at L.B.S. Nagar, Patna for the Year -2025-26. | 1,29,900.00 | 3,000.00 | 500.00 | 7 Days |
| 16. | Repair and Painting & other work of qtr. No. 19/48, 20/48, 31/48, 23/48 and 19-24/48 at L.B.S Nagar, Patna for the year 2025 -26. | 6,64,118.00 | 13,500.00 | 1250.00 | 7 Days |
| 17. | Repair and painting qtr. no. 764/800,766/800,767/800,768/800 at L.B.S. Nagar, Patna for the Year -2025-26. | 4,39,806.00 | 8,800.00 | 750.00 | 7 Days |
| 18. | Repairing and painting work boundary wall 529-534 and qtr. no. 530/800, 531/800,533/800 at L.B.S. Nagar, Patna for the Year -2025-26. | 4,39,735.00 | 8,800.00 | 750.00 | 7 Days |
| 19. | Tree cutting and cleaning of plinth campus drain in qtr. no. 1-84/84 sets old new cid colony at L.B.S. Nagar, Patna for the Year -2025-26. | 99,967.00 | 2,000.00 | 500.00 | 7 Days |
| 20. | 385-390/800 REPAIR OF PAINTING OF OUTER PORTION WORKS at L.B.S. Nagar, Patna for the Year-2025-26. | 1,09,956.00 | 2,500.00 | 500.00 | 7 Days |
| 21. | 387/800 Repair of painting and other works at L.B.S. Nagar, Patna for the Year -2025-26. | 1,09,974.00 | 2,500.00 | 500.00 | 7 Days |
| 22. | 389/800 Repair of painting and other works at L.B.S. Nagar, Patna for the Year -2025-26. | 1,09,980.00 | 2,500.00 | 500.00 | 7 Days |
| 23. | Painting of boundary wall in front of L.B.S. Nagar Park at L.B.S. Nagar, Patna for the Year -2025-26. | 1,44,702.00 | 3,000.00 | 500.00 | 7 Days |
| 24. | Tree cutting work for all different residence under section-2 at L.B.S. Nagar, Patna for the Year-2025-26. | 1,49,972.00 | 3,000.00 | 500.00 | 7 Days |
| 25. | Repair and painting work of outer portion of qtr. No. 764/800 at L.B.S. Nagar, Patna for the Year -2025-26. | 1,09,993.00 | 2,500.00 | 500.00 | 7 Days |
| 26. | Repair, Painting and other Necessary work in 400 Set Qtr. No.-132/400 at Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025-26. | 1,49,741.00 | 3,000.00 | 500.00 | 7 Days |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।
PR- 024416 ( B C D ) 2025-26
कार्यपालक अभियंता,
पटना पश्चिम भवन प्रमंडल,दानापुर, पटना।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# वीबी जी राम जी योजना के तहत जल संसाधन विभाग की योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न

- उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक
- 28 फरवरी तक पोर्टल अपडेट के निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत अभिसरण के माध्यम से जल संसाधन विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त काजले ।वैभव नितिन ने की, जिसमें जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, ऋफ्अट ऋ जल संसाधन विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता, ऋफ्अट ऋउपस्थित रहे।

बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता तथा समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि जल संसाधन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी योजनाओं की प्रविष्टि युक्तधारा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाए तथा उपलब्ध आंकड़ों का आपसी मिलान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की विसंगति की संभावना समाप्त हो सके। साथ ही, गन्ना विभाग के अंतर्गत जल क्षेत्र में आने वाले जल स्त्रोतों, चौर एवं अन्य जल निकायों के विकास से संबंधित योजनाओं का पंचायतवार संकलन कर उन्हें युक्तधारा पोर्टल पर दर्ज करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि अब तक की प्रविष्टियों के आलोक में यदि कोई योजना छूट गई हो, तो उसे चिन्हित कर तत्काल पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए, जिससे सभी योजनाओं का समग्र एवं अद्यतन डाटा उपलब्ध हो सके।

उप विकास आयुक्त महोदय ने स्पष्ट किया कि उपर्युक्त सभी कार्यों को हर हाल में दिनांक 28 फरवरी तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य है, ताकि राज्य स्तर पर समेकित प्रतिवेदन समय पर तैयार किया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।

बैठक के अंत में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाते हुए कार्यों की नियमित निगरानी करें तथा प्रगति से समय-समय पर अवगत कराते रहें, ताकि योजनाओं का लाभ अधिकतम किसानों एवं ग्रामीण समुदायों तक प्रभावी ढंग से पहुँच सके।

## नौतन प्रखंड के बैकुंठवा पंचायत में 'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम की तैयारियों की हुई समीक्षा

- उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन ने दिए आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। नौतन प्रखंड अंतर्गत बैकुंठवा पंचायत में 19 फरवरी को आयोजित होने वाले ह्लप्रशासन आपके द्वारह्व कार्यक्रम को लेकर आज प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त वैभव नितिन काजले ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने हेतु सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उनके गांव-पंचायत में ही विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को प्रखंड या जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंडाल व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पेयजल, साफ-सफाई, बिजली आपूर्ति, शिकायत निवारण काउंटर, विभिन्न विभागों के स्टॉल, तथा अन्य व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और कार्यक्रम की जानकारी पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार के माध्यम से पहले ही पहुंचाई जाए। कार्यक्रम में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, श्रम, बैंकिंग सहित विभिन्न विभागों की सहभागिता रहेगी। मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों से यह भी कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाए और जिन मामलों का मौके पर समाधान संभव न हो, उन्हें समयबद्ध तरीके से निपटाने की कार्य योजना तैयार की जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायती राज योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा

बेतिया। उप विकास आयुक्त, काजले वैभव नितिन द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी bdo, co bpro के साथ भवन निर्माण, laeo के कायार्पालक अभियंताओं, जिला पंचायती राज पदाधिकारी की उपस्थिति में पंचायती राज विभाग द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिसमें पंचायत सरकार भवन का निर्माण, उनका हस्तान्तरण, उपयोगिता प्रमाण पत्र, एसी डीसी बिल, पंचायतो मे खर्च की स्थिति, सोलर स्ट्रीट लाईट आदि शामिल है। उनके द्वारा सभी ुङ्कि तथा ुत्र9ङ्क को क्रियाशील पंचायत सरकार भवनों में कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु कड़ा निदेश दिया गया।

### ट्रैक्टर बाइक की टक्कर मे एक व्यक्ति की मौत दूसरा युवक घायल



बगहा। बगहा के रामनगर में फिर एक बार हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है ।हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर जमकर हंगामा किया। दरअसल ग्रामीणों का आरोप है की घटना के घंटों बाद भी प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची लिहाजा लोगों के सब्र का बांध टूट गया यहीं वजह है की शव को नहर से ढूढ़ने और बाहर निकालने में देर हुई जिसके कारण युवक की मौत हों गई ।आरोप तो यह भी है की अगर समय से उसकी खोजबीन हुई होती तो शायद उसे बचा लिया जाता क्योंकि अक़्सर इस रूट में ऐसे हादसे जर्जर पुल और पतली सड़क के कारण होते रहते हैं। बतादें, पूरा मामला रामनगर थाना क्षेत्र का है, जहां त्रिवेणी नहर मोतीपुर पुल पर ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक ट्रैक्टर की ठोकर से सीधे नहर में जा गिरा। गहरे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान अभिषेक के रूप में हुई है ।बताया जा रहा है की हादसे में बाइक पर सवार दूसरा युवक शाहबाज गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रामनगर से वाल्मीकिनगर और बगहा को जोड़ने वाली नहर सड़क को जाम कर दिया। लोगों का आरोप है कि पुल और सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण यहां अक्सर हादसे होते रहते हैं। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

## मुख्यमंत्री के सात निश्चय-03 से गन्ना किसानों को मिलेगा नया संबल

- जिला पदाधिकारी ने गन्ना किसानों और ईंख पदाधिकारियों संग किया मंथन

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के सात निश्चय-03 योजना के अंतर्गत जिले के गन्ना किसानों के आर्थिक विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न चीनी मिल क्षेत्रों से आए गन्ना कृषकों एवं ईंख पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य गन्ना किसानों की समस्याओं को सीधे सुनना और उनके समाधान के लिए ठोस प्रस्ताव तैयार करना रहा। किसानों द्वारा दिए गए सभी सुझावों को जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री सचिवालय को भेजे जाने वाले प्रतिवेदन में सम्मिलित किया जाएगा। बैठक में गन्ना कृषकों ने जिले में गन्ना उत्पादन और उससे जुड़े उद्योगों को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं–

- एकीकृत ऑनलाइन सुगरकेन मैनेजमेंट सिस्टम का निर्माण
- गुड़ उद्योग को प्रोत्साहन देने की पहल
- बगास एवं प्रेसमड आधारित उद्योगों को बढ़ावा
- खेतों में जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान
- उर्वरकों एवं कीटनाशकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना
- मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना
- गन्ना शोध केंद्र एवं बीज उत्पादन केंद्र की स्थापना
- आधुनिक टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला की स्थापना

किसानों ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। बैठक के दौरान गन्ना कृषकों ने चीनी मिलों के वर्तमान परिचालन की स्थिति और ईंख मूल्य भुगतान की प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया। किसानों ने बताया कि समय पर भुगतान होने से उनकी आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर हो रही है। गन्ना किसानों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जिले का गन्ना उद्योग और अधिक सशक्त होगा और किसानों की आमदनी में ठोस बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने ईंख पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गन्ना आपूर्ति से संबंधित किसानों की किसी भी समस्या का त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की परेशानी का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बैठक में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, ईंख पदाधिकारी रेमन्त झा, श्रीराम सिंह सहित विभिन्न चीनी मिल क्षेत्रों से आए गन्ना कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## रक्सौल में खास महाल नोटिस के विरुद्ध सांसद को सौपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। बुधवार को रक्सौल में खास महल भूमि संबंधी नोटिस को लेकर बढ़ती चिंता के बीच शहर के भू-स्वामियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम चम्पारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि थाना संख्याझ07, खाता संख्याझ168 एवं 170 की भूमि को ह्लखास महलह्व घोषित करते हुए उप समाहर्ता, मोतिहारी द्वारा वैध भू-स्वामियों को नोटिस जारी की गई है। नोटिस में 30 वर्ष की लीज के लिए प्रति डिसमिल 26/27 लाख सलामी राशि एवं 5% लगान जमा करने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा सरकारी कब्जे की चेतावनी दी गई है। प्रतिनिधियों ने कहा कि इस आदेश से शहर के रैयतों एवं व्यवसायियों में भय और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने सांसद से अविलंब हस्तक्षेप कर दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने तथा वैध भू-स्वामियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

परमानंद मरोदिया एवं मुन्ना प्रसाद के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में रजनीश प्रियदर्शी, अतुल कुमार,सरदार रणवीर सिंह , उमेश सिकारिया सहित कई भूस्वामी शामिल थे। सांसद ने मामले को गंभीर बताते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। सीमावर्ती नगर रक्सौल में खास महल भूमि संबंधी नोटिस को लेकर बढ़ती चिंता के बीच शहर के भू-स्वामियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम चम्पारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा ।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि थाना संख्याझ07, खाता संख्याझ168 एवं 170 की भूमि को ह्लखास महलह्व घोषित करते हुए उप समाहर्ता, मोतिहारी द्वारा वैध भू-स्वामियों को नोटिस जारी की गई है।

नोटिस में 30 वर्ष की लीज के लिए प्रति डिसमिल 26/27 लाख सलामी राशि एवं 5% लगान जमा करने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा सरकारी कब्जे की चेतावनी दी गई है। प्रतिनिधियों ने कहा कि इस आदेश से शहर के रैयतों एवं व्यवसायियों में भय और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने सांसद से अविलंब हस्तक्षेप कर दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाने तथा वैध भू-स्वामियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

परमानंद मरोदिया एवं मुन्ना प्रसाद के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में रजनीश प्रियदर्शी, अतुल कुमार,सरदार रणवीर सिंह , उमेश सिकारिया सहित कई भूस्वामी शामिल थे। सांसद ने मामले को गंभीर बताते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। हालांकि इस बात को स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने विधानसभा में पहले ही उठा दिए हैं, अब आगे क्या होता है, ये देखने वाली बात होगी।

### चौतरवा में रोजगार का महाकुंभ–1509 युवाओं ने कराया पंजीकरण

बेतिया। बगहा प्रखंड के चौतरवा स्थित कमल प्लांट मैदान में जीविका द्वारा रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियों ने भाग लेकर अपना पंजीकरण कराया तथा अपनी योग्यता एवं कायार्नुभव के अनुसार विभिन्न कंपनियों के स्टॉल पर जाकर रोजगार के अवसर तलाशे। इस रोजगार मेले में सेल्स एंड मार्केटिंग, हॉस्पिटैलिटी एवं मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों से जुड़ी निजी कंपनियों ने भाग लिया। मेले में कुल 18 स्टॉल लगाए गए, जिनमें NIIT Foundation, Quess Corp, SIS Securities, प्रथम एजुकेशन, एल. एन.जे. इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स, आशा दीप कम्युनिटी कॉलेज, नवभारत फर्टिलाइजर्स के साथ-साथ डीआरसीसी एवं आरसेटी ने भी युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

## मैट्रिक परीक्षा केंद्र से वीडियो वायरल करने के मामले में दो पर केस दर्ज, एक गिरफ्तार

- गिरफ्तार युवक को पीआर बांड पर मिली जमानत
- केंद्राधीक्षक आलोक कुमार सिंह के आवेदन पर आईटीआई के प्राचार्य पंकज कुमार एवं डायरेक्टर प्रिंस सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया

प्रात : किरण संवाददाता

दरौंदा। प्रखंड के सावान विग्रह स्थित गोरख प्रसाद प्राइवेट आईटीआई में चल रही मैट्रिक परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र से वीडियो वायरल करने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में केंद्राधीक्षक आलोक कुमार सिंह के आवेदन पर आईटीआई के प्राचार्य पंकज कुमार एवं डायरेक्टर प्रिंस सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राचार्य पंकज कुमार को गिरफ्तार कर लिया, जबकि डायरेक्टर प्रिंस सिंह अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को प्राचार्य पंकज कुमार ने प्रिंस कुमार सिंह की फेसबुक आईडी से परीक्षा केंद्र के अंदर परीक्षा दे रहे छात्रों एवं कैंपस परिसर का वीडियो बनाकर फेसबुक पर लाइव प्रसारित कर दिया। कुछ ही देर में यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे परीक्षा की गोपनीयता और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। थाना अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर संबंधित व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई थी। हालांकि, गिरफ्तार पंकज कुमार को बुधवार को पीआर बांड भरवाकर जमानत पर छोड़ दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है तथा फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## भारत एवं नेपाल लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 21 फरवरी को महा रक्तदान शिविर




प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। सीमाई शहर रक्सौल में मानवता की सेवा हेतु 21 फरवरी, शनिवार को प्रातः 8:30 बजे से मैत्री पुल एक बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर लायंस क्लब ऑफ रक्सौल एवं लायंस क्लब ऑफ बीरगंज क्यूरेटिव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। लायंस क्लब रक्सौल के अध्यक्ष बिमल कुमार सर्राफ ने ने इस बात को रेखांकित किया कि भारत और नेपाल के बीच सदियों से बेटी-रोटी का आत्मीय संबंध चला आ रहा है। इस संयुक्त रक्तदान शिविर के माध्यम से अब दोनों देशों के नागरिकों के बीच रक्त का रिश्ता भी जुड़ेगा, जो आपसी भाईचारे और मानवीय एकता का प्रतीक बनेगा। वहीं ग्रीन सिटी, बीरगंज के जयप्रकाश खेतान ने इस पहल पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे भारत-नेपाल मैत्री का सशक्त उदाहरण बताया। वहीं लायंस क्लब क्यूरेटिव, बीरगंज के अध्यक्ष लायन डॉ. नीरज सिंह ने नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष लायन बिमल सर्राफ एवं सचिव लायन मोहम्मद निजामुद्दीन ने संयुक्त रूप से कहा कि ह्लरक्तदान महादान है। रक्तदान कर हम असामयिक मृत्यु को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह मानवता की सेवा का सबसे पवित्र माध्यम है।आज कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की चर्चा में नेपाल सशस्त्र प्रहरी, बीरगंज के अधीक्षक मोहन क्षेत्री, उपाधीक्षक विकास अधिकारी, सुष्मिता यादव, ग्रीन सिटी, लायन गणेश धानोठिया, लायन पंकज बर्णवाल, लायन हरीश खत्री एवं लायन विजय महतो सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। आयोजकों ने भारत एवं नेपाल के नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं

## महाकाल सेवा समिति के सदस्यों ने अनुमंडल प्रशासन को किया सम्मानित





प्रात : किरण संवाददाता

महाराजगंज। अनुमंडल में 15 फरवरी को आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव की शिव बारात शोभा यात्रा एवं 16 फरवरी को चलाए गए स्वच्छता अभियान में प्रशासन की सक्रिय भूमिका को लेकर महाकाल सेवा समिति के सदस्यों ने अनुमंडल प्रशासन को सम्मानित किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर शहर में लगभग एक से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। शिव बारात शोभा यात्रा शांतिपूर्ण एवं भव्य तरीके से संपन्न हुई। आयोजन में महाशिवरात्रि महोत्सव समिति, महाकाल सेवा समिति एवं श्री राम सेवा समिति के सदस्यों ने निर्धारित समय पर चिन्हित मार्गों से शोभायात्रा निकाली, जो मुख्य उत्सव स्थल पश्चिमरी मठ पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। पूरे आयोजन के दौरान कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सुबह से देर रात तक प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियां शहर में गश्त करती रहीं। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा रही कि अनुमंडल प्रशासन ने आयोजन को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 16 फरवरी को स्वच्छता अभियान के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अनीता सिन्हा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमन, अंचल पदाधिकारी जितेंद्र कुमार तथा स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी सोनाली छाया स्वयं सड़कों पर फैले कचरे को उठाते नजर आए। अधिकारियों की इस सक्रियता की लोगों ने सराहना की और कहा कि स्वच्छता के प्रति इतनी तत्परता पहली बार देखने को मिली है। इसी क्रम में महाकाल सेवा समिति के सदस्यों ने अधिकारियों को अंगवस्त्र, महाकाल की तस्वीर एवं पुष्प पौधा भेंट कर सम्मानित किया। समिति के सदस्यों ने प्रशासन का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जब भी आवश्यकता होगी, स्वच्छता एवं सामाजिक सौहार्द के लिए वे प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार रहेंगे। इस मौके पर सौर्य कुमार उर्फ शनि कुमार, नवनित कुमार, चंदन कुमार, मोनू कुमार, अजीत कुमार, दिव्यांशु कुमार, लक्की कुमार, अभिषेक कुमार, अनुभव कुमार, नवीकरण कुमार, शुभम कुमार, रीतेश कुमार राजा, जितेश कुमार एवं नीतेश कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**उद्यान प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना**

12 एवं 13 बैक हार्डिंग रोड, पटना

(Email ID- gardendivision15@gmail.com)

बिहार सरकार

**अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – 14 वर्ष– 2025–26**

चतुर्थवर्गीय श्रेणी में निबंधित संवेदकों / ख्याति प्राप्त फर्म / कंपनी से निम्नलिखितस कार्य कराने के लिए मुहरबंद कोटेशन अमंत्रित किया जाता है जो दिनांक 25.02.2026 के अपराह्न 01:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा और उसी दिन 01:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1. | Annual maintenance of garden in quarter no.-12 to 20 at minister enclave, Gardanibagh , Patna for the year 2025-26 |
| 2. | Purning of Trees & Herbs plants in Patliputra & Gardanibagh Division, BCD, Patna under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025 -26 |
| 3. | Renovation in the campus of B3/36, B3/35 and B3/30, 96 Officer Flat, Rajbanshi Nagar, Patna under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025 -26 |
| 4. | Annual maintenance of garden in the campus of Bihar Prashasnik Sudhar Mission Society, Harding Road, Patna for the year 2025-26 |
| 5. | Renovation of new lawn and plantation in the campus of B3/6, B3/8, B3/14, 96 officer flat, Rajbanshi Nagar, Patna for the year 2025 -26 |
| 6. | Annual maintenance of garden in the campus of Res. No. 6 Strand Road, 12M, 22M, 23M, 24M, 25M, 26M Strand under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025 -26 |
| 7. | Renovation of new lawn opposite main Building 7 Polo Road, Patna under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025-26 |
| 8. | Supply of Plastic & Metal Pots with Ornamental Plants & Ready Seasonal flower under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025 -26 |
| 9. | Annual maintenance of Gandhi Murti garden on various occasion, Gandhi Maidan, Patna for the year 2025-26 |
| 10. | Annual maintenance of garden in the campus of C1,C2,C3,C4 and C5 and Lal Kothi (ADJ), Patna for the year 2025-26 |
| 11. | Annual maintenance of garden in the campus of Judges Quarter (20 sets), Patna for the year 2025 -26 |
| 12. | Annual maintenance and Decorative of Indoor Plants of Palan Ghar of Vidhan Parishad, Patna for the year 2025-26 |
| 13. | Annual maintenance of garden in the campus of 1,2,4,5,6,7,8 Polo Road & 1 Anne Marg, 3,4 Tailor Road & 1 Strand Road, under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025 -26 |
| 14. | Annual maintenance of garden and Supply of Indoor and Outdoor Plants in the campus of 2 Set Residence Saletax Road, Patna under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025 -26 |
| 15. | Supply of seasonal plants with pots under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025 -26 |
| 16. | Supply of different type of seasonal plants and ornamental plants under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025-26 |
| 17. | Annual maintenance of garden in the campus of NFT-3 and 4 and Hindi Bhawan, Patna for the year 2025-26 |
| 18. | Annual maintenance of garden in the campus of NFT-1 and 2 at R Block, Patna for the year 2025-26 |
| 19. | Annual maintenance of garden in the campus of 7 Strand Road, Patna for the year 2025 -26 |
| 20. | Annual maintenance of garden in the campus of 2 Strand Road, Patna under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025-26 |
| 21. | Annual maintenance of garden in the campus of white House Chhajjubagh, Patna for the year 2025 -26 |
| 22. | Supply of Jerbera & Rose flower Bihar Lok Bhawan, Patna for the year 2025 -26 |
| 23. | Supply of Earthen Pots with Ornamental Plants and Gardening Tools in the campus of Sainik Kalyan Nideshalaya Mukhya Sachiwalaya Block -2 Police Bharti Office, SahkaritaVikash Bhawan, Sachiwalaya Nursery and Dev Sharan Singh Golamber Patna, under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025-26 |
| 24. | Supply of different type of flower, garland for Decoration and beautification on different occasion in Residence No.-3 Circular Road (Hon'ble Speaker Dr. Prem Kumar Residence) Patna for the year 2025 -26 |
| 25. | Supply of Gerbera and Rose flower Sticks on the day to day in the campus of Bihar Legislative Assembly, Patna for the year 2025-26 |
| 26. | Annual maintenance of garden in the capus of 9/20 at Minister Enclav Gardanibagh, Patna, under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025-26 |
| 27. | Annual maintenance of garden in the campus of Art College, Chhajjubagh, Patna for the year 2025 -26 |
| 28. | Renovation and maintenance of 79/84 of A to Z officer flat punaichak, Patna for the year 2025 -26 |
| 29. | Annual maintenance of garden in New Constructed MLC duplex qtr. 21 to 30 at R Block, Patna for the year 2025-26 |
| 30 | Supply of plastic pot with ornamental plants & ready seasonal flower under Garden Division, BCD, Patna for the year 2025-26 |
| 31. | Supply of garden material under Amar Jyoti Park, Mangles Road, Patna for the year 2025 -26 |
| 32. | Maintenance of Residential garden in the campus of Beta Flat No. 701 at Shastri nagar, Patna for the year 2025-26 (Occupied by Hon'ble Financial Secretary Smt. Rachna Patil) |
| 33. | Maintenance of garden in the campus of 17 Chhajjubagh, Patna for the year 2025 -26 |

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता

PR- 024398 ( BCD ) 2025-26 उद्यान प्रमण्डल, भ0नि0वि0, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


## बिहार सरकार और सीआईपीएल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

- पटना में कोर डेवलपमेंट सेंटर एवं एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की होगी स्थापना

प्रात : किरण संवाददाता



सीवान/पटना। कॉरपोरेट इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड (सीआईपीएल) और बिहार सरकार के बीच राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

यह समझौता पटना में आयोजित इंडिया एआई समिट-2026 के दौरान वरिष्ठ मंत्रियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रधान सचिव अभय कुमार सिंह तथा आईटी एवं उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

एमओयू के तहत सीआईपीएल द्वारा पटना में एक कोर डेवलपमेंट सेंटर एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। इस परियोजना का उद्देश्य राज्य की डिजिटल गवर्नेंस प्रणाली को मजबूत करना और बिहार को पूर्वी भारत में सूचना प्रौद्योगिकी एवं एआई के उभरते केंद्र के रूप में विकसित करना है। कंपनी द्वारा प्रस्तुत निवेश प्रस्ताव के अनुसार, इस परियोजना की शुरूआत 30 करोड़ रुपये के प्रारंभिक निवेश से की जाएगी, जिसे आगामी वर्षों में बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये से अधिक करने की योजना है।

प्रस्तावित केंद्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा सेंटर संचालन, साइबर सुरक्षा और एंटरप्राइज प्लेटफॉर्म जैसी उन्नत तकनीकों पर कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही एआई आधारित गवर्नेंस समाधान एवं विभिन्न विभागों में ऑटोमेटेड प्रक्रियाओं के विकास और क्रियान्वयन पर भी जोर दिया जाएगा, जिससे राज्य की डिजिटल अवसंरचना और सेवा वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाया जा सके। परियोजना के पहले वर्ष में 500 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। कंपनी ने अगले पांच वर्षों में इस संख्या को बढ़ाकर 2,000 से अधिक आईटी पेशेवरों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे राज्य में रोजगार सृजन और कौशल विकास को उल्लेखनीय बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2007 में स्थापित सीआईपीएल को देशभर में सरकारी एवं सार्वजनिक उपक्रमों के लिए बड़े पैमाने पर डिजिटल परियोजनाओं के क्रियान्वयन का अनुभव है।

कंपनी बिहार में भी डाटा सेंटर और नागरिक सेवाओं से जुड़ी विभिन्न तकनीकी परियोजनाओं में सक्रिय रही है। पटना में कोर डेवलपमेंट सेंटर एवं एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना राज्य की आईटी नीति के अनुरूप तकनीक आधारित सुशासन और निवेश प्रोत्साहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

## केवाईसी को लेकर पीओ की बैठक आयोजित

मुंगेर। बुधवार को सदर प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कार्यालय में प्रखंड कार्यक्रम के प्रमोद मिस्त्री के अध्यक्षता में कार्यालय कर्मियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। वहीं उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य है मनरेगा के तहत काम करने वाले सभी मजदूरों का 100 प्रतिशत केवाईसी किया जाए। ताकि कोई भी मजदूर किसी भी प्रकार के लाभ से वंचित न रहे इसी को लेकर यह बैठक आयोजित की गई है। वहीं उपस्थित कर्मियों को उन्होंने साफ निर्देश दिया कि सभी लोग अपने क्षेत्र में जाकर सभी मजदूरों का केवाईसी करना सुनिश्चित करें। केवाईसी नहीं होने पर विभागीय कार्रवाई का निदेशानुसार से आप लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। बैठक में उपस्थित कनीय अभियंता विनोद कुमार यादव, लेखपाल पिंकू कुमार, कार्यालय कर्मी राकेश कुमार, सेठु कुमार, पंचायत रोजगार सेवक विशाल कुमार सहित अन्य पंचायत रोजगार सेवक एवं कार्यालय कर्मी बैठक में मौजूद रहे।

## शराब के साथ स्टेशन से बाहर निकल रहे तस्कर गिरफ्तार

मुंगेर। मॉडल स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो से बाहर निकल रहे एक यात्री को शक के आधार पर आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार यात्री की पहचान कोतवाली थाना वासुदेवपुर निवासी गोविंद कुमार के रूप में हुई है जिसके पास से अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। आरपीएफ के सीआईबी इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा ने बताया कि प्लेटफॉर्म ड्यूटी कर रहे सब इंस्पेक्टर राम मीणा को शक हुआ कि एक यात्री तेजी से स्टेशन से बाहर निकल रहा है। शक के आधार पर उक्त यात्री से पूछताछ एवं उनके पिट्ठू बैग का तलाशी लिया तो उनके बैग से अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद हुई। बरामद शराब मामले में इंस्पेक्टर ने उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए मामले को रेल पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

## गौशाला के चौमुखी विकास एवं गोवंश की सुरक्षा एवं संरक्षा पर की गई विस्तृत चर्चा

मुंगेर। पशुओं के संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु गौशाला समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में पूरबसराय स्थित गौशाला प्रांगण में आहूत कि गईं। बैठक में गौशाला के चहुमुखी विकास एवं गौवंश की सुरक्षा एवं संरक्षा पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में अपर समाहर्ता मनोज कुमार, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता, मेयर कुमकुम देवी, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक, समिति के उपाध्यक्ष सौरभ निधि, सचिव प्रभु दयाल सागर सहित अन्य पदाधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह हर्ष की बात है कि नगर निगम द्वारा गौशाला के चहुमुखी विकास हेतु जो सौंदर्यीकरण योजना बनायी गयी है वह निश्चित रूप से गौशाला को नया रूप एवं आयाम देगी जो पूरे बिहार के लिए रोल मॉडल बनेगा। इसमें आप सभी समिति के सदस्यों की सहमति, सहयोग एवं सुझाव की जरूरत जिला एवं नगर प्रशासन को भी पड़ेगी। इस लिए आप सभी समिति सदस्य गौशाला के विकास में अपना पूर्ण सहयोग एवं समर्थन दें ताकि नगर निगम इसके विकास के लिए जो कार्य योजना बनाई गई है, उसे अमली जामा पहनाया जा सके और गौशाला को एक नए स्वरूप में शहरवासियों के लिए दिया जा सके। तीन चरणों में गौशाला के निर्माण का विकास कार्य कराया जाएगा।

## गोली कांड में तीन अपराधी को किया गया गिरफ्तार

भागलपुर। वरीय पुलिस अधीक्षक, के निर्देशानुसार पर अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी हेतु सघन गश्ती एवं चोरी/छिनतई के हॉट स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है/इसी क्रम में 16.02.2026 को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम-शिवनंदनपुर में दो पक्षों के बीच पूर्व से चल रहे आपसी विवाद के कारण गोली चलने की घटना घटित हुई है।उक्त सूचना के सत्यान के आवश्यक कार्रवाई हेतु सुलतानगंज थाना गश्ती दल को घटना स्थल पर भेजा गया। जहाँ इस गोली कांड में जख्मी मदन यादव को प्राथमिकी उपराध हेतु नजदीकी अस्पताल भेजा गया।> इस संबंध में जख्मी मदन यादव के फर्द ब्यान के आधार पर सुलतानगंज थाना कांड सं0-97/2026 सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया गया। इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों को गिरफ्तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, भागलपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी छापेमारी की गई।

# 12 दिवसीय जंगल बचाओ यात्रा की शुरूआत की गई

## जन जंगल जल जानवर और मिट्टी के संरक्षण के लिए 4 जिलों से गुजरेगी यात्रा

➤ आदिवासी बहुल क्षेत्र वाले पंचायत में यात्रा में शामिल सदस्य पहुंचकर आदिवासी समुदाय को कर रहे हैं जागरूक

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर। जलवायु परिवर्तन को लेकर वन विभाग द्वारा पंचायत अभियान के तहत हवेली खड़गपुर के वन विभाग कार्यालय से वन क्षेत्र पदाधिकारी रॉबिन आनंद के द्वारा हरी झंडी दिखा कर 12 दिवसीय जंगल बचाओ यात्रा की शुरूआत की गई जो आगे चलकर गोबड्डा पंचायत के हरकुण्डा गांव में पहुंची जहां आदिवासी समुदाय द्वारा सांस्कृतिक रीति रिवाज के अनुसार समूह के मुखिया के द्वारा नगाड़ा बजाकर लोगों को एकत्रित किया गया। यात्रा में शामिल सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और गांव का भ्रमण कर जंगल बचाने के लिये जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के साथ विचार विमर्श किया गया। उसके बाद यात्रा आगे दरियापुर -2 के राजा सराय तितपनियां पहुंची जहां पुनः गांव का भ्रमण एवं विचार विमर्श किया गया। उसके बाद आसपास के गांवों में से होते हुए यात्रा खड़गपुर आकर समाप्त किया गया। यह यात्रा मुंगेर, जमुई, लखीसराय और नवादा जिलों के 25 ग्राम पंचायतों के मुखिया गण, वन विभाग के पधाधिकारी गण, स्थानीय नागरिक संगठनों के द्वारा आयोजित है जिसका नेतृत्व रीजेनेरेटिव बिहार और मुखिया महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। 17 से 28 फरवरी 2026 तक चलने वाली जंगल-जल-जानवर-जन-जमीन संरक्षण यात्रा गर्मी के समय जंगलों में लगने वाली आग को नियंत्रित करने, जंगल में पानी संग्रह करने, स्थानीय प्राकृतिक पेड़ -पौधों से जंगलों को हरा-भरा करने जैसे 9 मुख्य उद्देश्यों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने और इन महत्वपूर्ण कार्यों में उनकी भागीदारी बढ़ाने के इरादे से निकाली जा रही है। यह यात्रा मुंगेर के हवेली खड़गपुर, जमुई के लक्ष्मीपुर, बरहट और खैरा, लखीसराय के चानन एवं नवादा के कौवाकोल प्रखंडों की 25 ग्राम पंचायतों में चलाई जाएगी।

### जंगल बचाओ यात्रा के मुख्य उद्देश्य

वन क्षेत्रों में जंगलों की आग, जैवविविधता, पानी की उपलब्धता, आजीविका के ह्रास एवं वृक्षों की सघनता के क्षेत्रीय विभिन्नता को स्थानीय समुदाय, विभिन्न सरकारी विभागों, सामाजिक कार्यकताओं, पर्यावरण प्रेमियों एवं अन्य हितधारकों के साथ मिलकर समझना। उन समस्याओं के मूल कारणों के बारे में सामूहिक समझदारी का निर्माण करना।

उन समस्याओं के समाधान में विभिन्न हितधारकों के प्रयासों को जानना और उन्हें रेखांकित करना।उन समस्याओं के स्थायी और चिरकालिक समाधान के लिए स्थानीय नेतृत्व और प्रकृति-आधारित समाधानों को चिह्नित करना और उनके सफल, पारदर्शी एवं प्रभावी कार्यान्वयन के लिए जनभागीदारी से एक प्रस्तावित रूपरेखा तैयार करना।

# दंगल में पहले दिन बिहार और यूपी के पहलवानों का रहा दबदबा

## श्रीरामपुर में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर/ अकबरनगर। महाशिवरात्रि के अवसर पर अकबरनगर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत श्रीरामपुर स्थित आजाद क्रीड़ा मैदान में बुधवार को दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित आसपास के क्षेत्रों से आए नामचीन पहलवानों ने अखाड़े में अपने-अपने दांव-पेंच का प्रदर्शन किया। दंगल का विधिवत उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंजीत कुमार, वार्ड पार्षद पिंटू तथा भूतपूर्व उपमुखिया रामप्रवेश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए, जिसमें दर्शकों को पारंपरिक कुश्ती का भरपूर आनंद मिला। दो दिवसीय अखाड़े के पहले दिन श्रीरामपुर के टीपू पहलवान और सुजीत पहलवान ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं उत्तर प्रदेश से आए राहुल पहलवान और पवन पहलवान तथा दिल्ली के मंजीत पहलवान ने भी दमखम दिखाते हुए अखाड़ा अपने नाम किया। दंगल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा। विजेता पहलवान को आयोजन समिति की ओर से मेडल एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। दंगल देखने के लिए आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा। दंगल को सफल बनाने में भगवान पहलवान, प्रकाश पहलवान, लड्डू पहलवान तथा पूर्व वार्ड सदस्य शंकर यादव सहित अन्य स्थानीय कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका रही।

# बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत अपीलकर्ता को मिला न्याय

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 कानून ने पुनः तारापुर प्रखंड के गाजीपुर निवासी मो.इमरान उर रहमान को न्याय और इंसाफ दिया है। उनके पिता के नाम की जमीन की जमाबंदी में सुधार के लिए वे काफी परेशान थे। जब उनके भाई रिजवान उर रहमान ने बताया कि लोक शिकायत निवारण कानून के माध्यम से अपील करो तो तुम्हें न्याय मिल जाएगा। इसके तहत इमरान ने अनुमंडल लोक शिकायत निवारण केन्द्र, तारापुर में अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के उपरांत अनुमंडल लोक शिकायत निवारण केन्द्र, तारापुर में सुनवाई की गई। अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, तारापुर ने आदेश पारित कर दिया कि जमीन का नापी कराकर नापी प्रतिवेदन के साथ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के पोर्टल पर परिमार्जन प्लस आवेदन दायर करें। यह आदेश अंतिम आदेश था। मो0 इमरान उर रहमान इस आदेश से नाखुश हो गए, क्योंकि उसके शिकायत का निवारण नहीं हो सका। उन्होंने जानकारी के आधार पर किला परिसर, मुंगेर स्थित जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, मुंगेर में अपर समाहर्त्ता-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकार (लो0शि0नि0), मुंगेर के समक्ष प्रथम अपील दायर किया। प्रथम अपील दायर होने के पश्चात सुनवाई कर प्रथम अपीलीय प्राधिकार ने अंतिम आदेश पारित किया कि ह्यह्यअंचल अधिकारी, तारापुर के समक्ष जमीन से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत करने के पश्चात जमाबंदी पंजी में भूमि का रकवा की सुधार कर दिया जाएगा। इस आदेश के अनुसार मो0 इमरान उर रहमान ने अंचल अधिकारी, तारापुर के समक्ष जमीन से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत किया। परन्तु, जमाबंदी में सुधार नहीं हुआ। इसके पश्चात मो0 इमरान उर रहमान ने समाहरणालय, मुंगेर में जिला पदाधिकारी, मुंगेर (द्वितीय अपीलीय प्राधिकार) के समक्ष द्वितीय अपील दायर किया। जिलाधिकारी ने इस मामले को संज्ञान में लिया और सुनवाई के दौरान मो0 इमरान उर रहमान ने अपना पक्ष रखा। इस पर अंचल अधिकारी, तारापुर ने जिलाधिकारी के समक्ष इस मामले से संबंधित लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत किया। रिपोर्ट के अवलोकन पर जिलाधिकारी ने फैसला सुनाया।

# पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल में बलिया ने किया जीत हासिल



प्रात: किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। मां पीड़ाहारी स्टेडियम नौगांय में शिवनंदन सिंह मेमोरियल टूर्नामेंट का पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें बेलहर पंचायत और बलिया पंचायत आमने सामने थी। बलिया टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। आमंत्रण पाकर बल्लेबाजी करने उतरी बेलहर टीम की शुरूआत बेहद निराशाजनक रहा और सलामी बल्लेबाज रवि और भोला का विकेट शुरूआती 3 ओवर में ही गिर गए। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए विक्की सिंह और दीपू डेंजर ने पारी को संभाला। दीपू ने 26 गेंद से 47 रन, विक्की ने 9 गेंद से 25 रन और अंत में अंकित ने 25 गेंद से 68 रन की धमाकेदार पारी खेलकर निर्धारित 15 ओवर में अपने टीम का स्कोर 179 रन तक पहुँचाया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बलिया टीम की शुरूआत बेहद शानदार रही और राहुल यादव 31 गेंद में 10 छक्के की मदद से 75 रन का योगदान दिया और रोहन के साथ मिलकर 5 ओवर में कुल 74 रन अपने टीम के लिए अर्जित किया।

उसके बाद सुमन ने ताबड़तोड़ 16 गेंद से 38 रन के साथ विनिंग सिक्स लगाकर अपने टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश करवा दिया। मैच के हीरो रहे राहुल यादव को राज कोल्ड ड्रिंक के प्रोपराइटर प्रिंस राज के तरफ से 1100 रुपए कि नगद राशि दी गई। मैच में इंपायर की भूमिका में अंकित व आयुष ने अपना अहम् योगदान दिया वहीं स्कोरर के रूप में सत्यम और सनातन और कमेंटेटर के रूप में राज राठौड़, राहुल और विराट सिंह मौजूद रहें।

# समाज सेवा की मिसाल: रेखा सिंह चौहान ने पुलिस प्रशासन को किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। जिला जदयू उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी रेखा सिंह चौहान द्वारा हवेली खड़गपुर में पुलिस प्रशासन के सम्मान में एक गरिमामय समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर डीएसपी सह थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियंका कुमारी तथा थानाध्यक्ष राजेश कुमार को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए रेखा सिंह चौहान ने कहा कि हवेली खड़गपुर में पदस्थापित वरीय अधिकारियों के आगमन पर सम्मान व्यक्त करने की परंपरा को वे निरंतर निभाती रही हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान कार्यक्रमों से अधिकारियों का मनोबल बढ़ता है और वे जनहित में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें राकेश चन्द्र, अमित कुमार दुर्गेश सिंह नंदन कुमार राजू चौहान अंजनी ठाकुर, गजनाफर अली खान, इमाम हसन, गोरेलाल मंडल, अशोक सिंह, संजय ठाकुर, भोलू ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।समारोह का समापन आपसी संवाद और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा के साथ हुआ।

# बाबा ऊंचेश्वरनाथ मेले में उमड़ी आस्था की भीड़, व्यापार और मनोरंजन का संगम

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। देवघरा स्थित बाबा ऊंचेश्वरनाथ मंदिर परिसर में आयोजित चार दिवसीय ऐतिहासिक मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। दूर-दराज से पहुंचे भक्त मंदिर में पूजा-अर्चना कर धार्मिक आस्था व्यक्त कर रहे हैं, वहीं मेले के विविध आकर्षणों का आनंद भी ले रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। मेले में मनोरंजन के कई साधन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। ब्रेक डांस, विभिन्न प्रकार के झूले तथा बच्चों के खेल विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इसके साथ ही चाट, छोले, मिठाई और अन्य व्यंजनों की दुकानों पर दिनभर लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

इस मेले में मुंगेर, बांका, जमुई, लखीसराय सहित आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। देवघरा मेले की एक विशेष पहचान यहां लगने वाला विशाल व्यापार मेला भी है, जहां लकड़ी के फर्नीचर, लोहे और पत्थर से बने सामानों की जमकर खरीद-बिक्री हो रही है। विशेष बात यह है कि मेला समाप्त होने के बाद भी करीब एक माह तक फर्नीचर की दुकानें यहां सजी रहती हैं।

# शिवाजी के वीरता को नमन करेंगे छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल महासंघ

■ हलिमपुर गांव के शिवाजी चौक पर मनाई जाएगी शिवाजी की जयंती

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। छत्रपति शिवाजी महाराज पटेल महासंघ मुंगेर के बैनर तले गुरुवार को शिवाजी की जयंती समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय महासंघ बैठक के माध्यम से लिया गया हैं। महासंघ के अध्यक्ष राजकुमार मंडल एवं सचिव लटोरी मंडल ने कहा कि हलिमपुर गांव में शिवाजी की भव्य प्रतिमा स्थल पर जयंती समारोह के मौके पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित होना है। जिसको लेकर ग्रामीण से विचार विमर्श किए गए। संरक्षक स्वामी मुक्ति यंत्र ने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज के गाथाओं को जन-जन में फैलने को लेकर इस बार जयंती के मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीण अंचल में शिवाजी जैसा वीर बना पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन कर सनातन धर्म को बढ़ावा देने का काम महासंघ की ओर से किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार विजय आनंद ने कहा किताबों में हम सभी शिवाजी महाराज के गाथा को पढ़ते थे पर आज किताबों से यह गाथा दूर होती जा रही है इसलिए महासंघ इस बार शिवाजी के जयंती के मौके पर बच्चों के बीच शिवाजी के साहस पराक्रम की गाथा से संबंधित कई तरह के कार्यक्रम को आयोजित कर बच्चों को का बताने का काम किया जाएगा। मौके पर कमलेश्वरी मंडल, आनंदी मंडल, उमेश मंडल,विजय मंडल, राकेश कुमार,तनु कुमार, कुमार राहुल, नीतीश कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

बिहार सरकार

## भवन निर्माण विभाग

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–02, पटना।

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–39 वर्ष–2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–2 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि: 05.03.2026 2:00 बजे अपराहन तक ।
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 06.03.2026 2:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 06.03.2026 (2:20 बजे अपराहन्)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–2, भ0 नि0 वि0, पटना /विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual operation & maintanance of 2 No.s 6 passengers lift (G + 4) installed at Civil Court Biharsharif Distt Nalanda. | 8,71,572.00 | 17,500.00 | 1250.00 | 12 Month |

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–2, पटना

PR- 024382 ( BCD ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
CENTRAL BUILDING DIVISION No.- 01, PATNA

**SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.- 133 YEAR 2025-26**

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated **26.02.2026** at 1:00 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.

Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division No.- 01, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500

**Details of Works :-**

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Making Short Movie of Bapu Tower Under Central Building Division - 01, Patna for the year 2025-26. | | | |
| 02- | Making Short Movie of District Collectoriate Under Central Building Division - 01, Patna for the year 2025-26. | | | |
| 03- | Making Short Movie of Rajgir Stadium Under Central Building Division - 01, Patna for the year 2025-26. | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

Executive Engineer,
Central Building Division No.- 01, Patna

PR- 024289 ( BCD ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

UNITY Small Finance Bank

## यूनिटी स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 1201,1202 एवं 1203, 12 वी मंजिल अंशल भवन, 16, के.जी. मार्ग, नई–दिल्ली–110001
कॉर्पोरेट कार्यालयः सेन्ट्रम हाउस, विद्यानगरी मार्ग, कलीना, सांताक्रूज (ई), मुंबई–400 098

**माँग सूचना** धारा 13(2) के अंतर्गत

**वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ('नियमावली') के प्रावधानों के अंतर्गत**

अधिनियम के अन्तर्गत **यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (बैंक)** के अधिकृत प्राधिकारी के रूप मे तथा नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना जारी कर निम्न ऋणधारकों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचनाओं में वर्णित राशि के भुगतान का निर्देश दिया था। चूकि डाक विभाग की अभ्युतियों के अनुसार कुछ सूचनाऐं अन्सवर्ड रही अतः उक्त सूचना सेवा की वैकल्पिक पद्धत्ति अर्थात समाचार पत्र में प्रकाशन द्वारा ऋणधारक को सर्व की जा रही है।

| क्रं. | ऋण खाते का विवरण | सुरक्षित संपत्ति |
|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता(ओं) का नाम:<br>**1) आदित्य इंटरप्राईजेस (ऋणी)**<br>**आदित्य कुमार द्वारा प्रतिनिधित्व**<br>**2) आदित्य कुमार (सह–ऋणी एवं बंधककर्ता)**<br>**3) श्वेता कुमारी (सह–ऋणी)**<br>**स्वीकृति तिथि:** 22/01/2025 एवं 27/08/2023<br>**ऋण खाता नं.:** USFBPATMSME000009631 एवं USFBPATLOAN000005012029<br>**ऋण राशि:** रु.14,00,000/- एवं रु.12,26,969/-<br>**एनपीए तिथि:** 02/02/2026<br>**मांग नोटिस तिथि:** 12/02/2026<br>(13/02/2026 को भेजा गया)<br>**मांग नोटिस राशि: रु. 26,46,695.16** (रुपये छब्बीस लाख छियालिस हजार छः सौ पिंचायन्वे एवं सौलह पैसे मात्र)(07/02/2026 तक) | आवासीय अचल संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मकान/ फ्लेट/ प्लाट नं.- 340, क्षेत्रफल- 7.87 डेसिमल, साथ ही इसके आस-पास निर्माण के साथ, थाना संख्या- 212, तौजी नं.- 408, खाता नं.- 208, खसरा नं. 340, मौजा- परसौनीकपुर, थाना- पताही, आंचल- पताही, रजि. ऑफिस- पकरी दयाललैंड स्थित, जिला- पूर्वी चंपारण के अंतर्गत,<br>**चर्तुसीमाएँ :–**<br>उत्तर- निज मोकीर,<br>दक्षिण: संजयकुमार सिंह ,<br>पूर्व: बच्चा मंडल पश्चिम: रोड़ |
| 2. | उधारकर्ता(ओं) का नाम:<br>**1) बहु बेगम इंटरप्राईजस (ऋणी)**<br>सुमित कुमार द्वारा प्रतिनिधित्व<br>**2) सुमित कुमार (सह–ऋणी)**<br>**3) राजीव कुमार (सह–ऋणी)**<br>**4) प्रमोद कुमार (सह–ऋणी एवं बंधककर्ता)**<br>**5 ) शिल्पी कुमारी (सह–ऋणी)**<br>**स्वीकृति तिथि:** 31/08/2024<br>**ऋण खाता नं.:** USFBPATMSME000003287<br>**ऋण राशि:** रु.90,00,000/-<br>**एनपीए तिथि:** 02/02/2026<br>**मांग नोटिस तिथि:** 07/02/2026<br>(12/02/2026 को भेजा गया)<br>**मांग नोटिस राशि: रु. 90,73,984.42** (रुपये नब्बे लाख तिहोत्तर हजार नौ सौ चौरायसी एवं ब्यालिस पैसे मात्र)(07/02/2026 तक) | बंधक अचल संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, अर्थात् भूमि का क्षेत्रफल 11.5 धुर, थाना नं. 05, केसरिया चैनपुर, पी.एस. खेसरिया अंचल- केसरिया, जिला पूर्वी चम्पारण, बिहार<br>**चर्तुसीमाएँ :–**<br>उत्तर- भारत शाह,<br>दक्षिण: बचा खान,<br>पूर्व: सड़क<br>पश्चिम: मुनमुन पाठक |
| 3. | उधारकर्ता(ओं) का नाम:<br>**1) चित्रा फाउंडेशन ट्रस्ट (ऋणी)**<br>उदय कुमार द्वारा प्रतिनिधित्व<br>**2) उदय कुमार (सह–ऋणी एवं बंधककर्ता)**<br>**4) श्वेता कुमारी (सह–ऋणी)**<br>**स्वीकृति तिथि:** 28/12/2022<br>**ऋण खाता नं.:** USFBPATLOAN000005006874<br>**ऋण राशि:** रु.40,71,716/-<br>**एनपीए तिथि:** 02/02/2026<br>**मांग नोटिस तिथि:** 07/02/2026<br>(12/02/2026 को भेजा गया)<br>**मांग नोटिस राशि: रु. 39,17,038.34** (रुपये उन्नचालिस लाख सत्रह हजार अड़तीस एवं चौतिस पैसे मात्र)(07/02/2026 तक) | आवासीय अचल संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण, जो थाना- 247, खाता नंबर 428, प्लॉट नंबर -2150, माप – 11 डेसीमल, मौजा केरमा डीह, थाना- कुढ़नी हाल-मनियारी, अंचल- तुर्की, रजिस्टर्ड मुज़, एवं मुजफ्फरपुर जिले,<br>**चर्तुसीमाएँ :–**<br>उत्तर: लखेंद्र साह एवं महेंद्र साह;<br>दक्षिण: जितेंद्र कुमार;<br>पूर्व: महेश झा एवं भरत झा;<br>पश्चिम: 18 फीट चौड़ी रोड़ |

**60 (साठ) दिनों** की अवधि के भीतर उक्त बकाये के भुगतान में विफल होने पर अधोहस्ताक्षरी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत उक्त प्रतिभूत परिसंपत्तियों को प्रवर्तित करने के लिए बाध्य होगे। कृपया ध्यान दें कि अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आप बिक्री पट्टा या अन्य रूप से नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का कोई व्यवसाय या अंतरण करने से प्रतिबंधित किये गये है। इस प्रावधान का किसी भी रूप में उल्लंघन एक अपराध है तथा अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय है। मांग सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है तथा ऋणधारक यदि ऐसा चाहें किसी भी कार्य दिवस को सामान्य कार्यावधि के दौरान उसे अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते है।

हस्ता/–
(प्राधिकृत अधिकारी)
यूनिटी स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

स्थान : बिहार
दिनांक : 19.02.2026

# एमनेस्टी पॉलिसी और एग्ज़िट पॉलिसी के तहत करीब एक सौ मामलों का हुआ समाधान

**राज्य में करीब 800 करोड़ रुपये तक निवेश होने की है संभावना**

● 31 मार्च 2026 तक एकमुश्त अवसर का लाभ उठा सकती हैं पात्र इकाइयां

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार ने एमनेस्टी पॉलिसी 2025 और एग्जिट पॉलिसी-2025 के माध्यम से करीब 100 औद्योगिक इकाईयों के मामलों का समाधान करने में सफलता पाई है। इसके वजह से बिहार में करीब 800 करोड़ तक के निवेश होने की संभावनाएं हैं। बताया जाता है कि इन दोनों पॉलिसियों के माध्यम से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करने के लिए उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा के प्रबंध निदेशक श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के बाद कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इन दोनों पालिसियों के माध्यम से करीब 100 औद्योगिक मामलों का निपटारा किया जा चुका है। इससे करीब 100 एकड़ औद्योगिक भूमि को पुनः नए निवेशकों को निवेश करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही बेकार पड़ी परिसंपत्तियों को को पुनर्जीवित किया जाएगा। बियाडा के इस पहल से बिहार में करीब 600 से लेकर 800 करोड़ रुपये के संभावित निवेश करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है और इससे राज्य में नए रोजगार सृजन के साथ ही औद्योगिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस संबंध में उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य में औद्योगिक परिसंपत्तियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार ने एमनेस्टी पॉलिसी और एग्जिट पॉलिसी 2025 बनाई है। एमनेस्टी पॉलिसी उन उद्यमियों को एक अवसर प्रदान करती है, जिनके औद्योगिक भूखंड बकाये या अन्य कारणों से निष्क्रिय हो गए थे। इस पॉलिसी के माध्यम से कोई भी उद्यमी बंद इकाइयों को दुबारा पुनर्जीवित करने के साथ ही रोजगार के अवसर को पुनर्स्थापित कर सकते हैं और अपने निवेश की सुरक्षा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो भूखंड पहले से किसी तीसरे पक्ष को आवंटित कर दिए गए हैं उन्हें छोड़कर सभी पात्र इकाइयां 31 मार्च 2026 तक इस पॉलिसी के तहत अवसर का लाभ उठा सकती हैं। सचिव ने कहा कि एग्जिट पालिसी 2025 उद्यमियों को निकास का विकल्प प्रदान करती है। इसके अलावा लंबित विवादों का समाधान करने के साथ ही निष्क्रिय भूमि को पुनः नए निवेशकों को उपलब्ध कराती है। इससे नए उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा और निवेश में वृद्धि होगी तथा रोजगार सृजन की नई राह मिलेगी। बैठक में बीसीसीआई के प्रतिनिधि सुभाष कुमार पटवारी, श्री संजय गोयनका, अमरनाथ जायसवाल सहित बियाडा के अधिकारी मौजूद थे।

# डीएम ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, दिए निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार एवं डीपीएम अनवर आलम एवं बिहार मेडिकल एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड के सहायक अभियंता के साथ बैठक कर जिले के स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में निमार्णाधीन आधारभूत संरचनाओं की प्रगति की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होंने पाया कि सदर अस्पताल में मातृ शिशु स्वास्थ्य भवन का निर्माण कार्य काफी धीमी हो रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि मातृ शिशु स्वास्थ्य भवन निर्माण से सम्बंधित संवेदक को बुलाकर बैठक कर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों से विमर्श के क्रम में उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी मद से सदर अस्पताल के मातृ शिशु स्वास्थ्य भवन में तीन मॉड्यूलर ओटी का निर्माण कराया जाएगा। इस विषय पर अग्रतर कार्रवाई करने के लिए उन्होंने सिविल सर्जन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक को निर्देश दिया कि जिला योजना पदाधिकारी से समन्वय कर कार्य कराया जाए। संदर्भ में सिविल सर्जन द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि अनुमंडलीय अस्पताल, दाउदनगर में एक मॉड्यूलर ओटी का निर्माण कराया जाए। निमार्णाधीन ट्रॉमा सेंटर के संदर्भ में बीएमएसआईसीएल के सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि आज रूफ कास्टिंग हो रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा अधिकारीयों को बताया गया कि आगामी माह में मुख्यमंत्री जी का जिले में आगमन प्रस्तावित है स्वास्थ्य संस्थानों के संचालन के लिए यदि किसी उपकरण, उपस्कर की आवश्यकता हो तो उसकी मांग प्रस्तुत करें। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी विकासात्मक योजनाओं का क्रियान्वयन तेज गति से किया जाए ताकि जनमानस को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विभागीय दिशा-निर्देशों एवं नियमों का हमेशा अनुपालन सुनिश्चित हो तथा निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए।

## स्टेशन पर अंतिम अग्नि सुरक्षा निरीक्षण संपन्न

पटना। न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से जीरो माइल होते हुए मलाही पकड़ी तक मेट्रो रेल का परिचालन अब अपने अंतिम चरण है। अगले कुछ ही दिनों में भूतनाथ से आगे मलाही पकड़ी तक मेट्रो रेल का परिचालन शुरू होने वाला है। मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन पर बिहार अग्निशमन सेवा निदेशक और उनकी टीम ने बुधवार को मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन पर अग्नि सुरक्षा प्रणालियों का अंतिम निरीक्षण और परीक्षण किया।

यह निरीक्षण पटना मेट्रो रेल निगम और दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी विद्युत उपकरणों के विनिदेशों का गहन सत्यापन किया।

आपातकालीन स्थितियों के लिए तत्परता की पुष्टि करने के लिए धुआं पहचान प्रणाली, निकास मार्गों और निकासी योजनाओं की विस्तृत जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान स्टेशन के सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिनमें प्रवेश और निकास बिंदु, पंप रूम, भूतल, कॉनकोर्स स्तर और प्लेटफार्म स्तर शामिल हैं। अग्नि सुरक्षा मानकों के पूर्ण अनुपालन और परिचालन तत्परता को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक घटक की सावधानीपूर्वक जांच की गई। बता दें कि यह निरीक्षण अग्नि सुरक्षा सत्यापन की अंतिम प्रक्रिया है।

# दानापुर स्टेशन पर चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान

## बिना टिकट और उचित प्राधिकार के 574 यात्री पकड़े गये

● मंडल को 3,14,200/- रुपए रेल राजस्व की प्राप्ति

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट व प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट व उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को अभिनव सिद्धार्थ, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के नेतृत्व एवं अभिषेक कुमार तिवारी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार की उपस्थिति में दानापुर मंडल के दानापुर स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान दानापुर स्टेशन से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों 15126 पटना-काशी जनशताब्दी, 12367 विक्रमशिला एक्सप्रेस, 12370 कुंभ एक्सप्रेस, 12791 सिकंदराबाद- दानापुर एक्सप्रेस, 20801 मगध एक्सप्रेस, 13240 कोटा पटना एक्सप्रेस, 12393सम्पूर्णक्रान्ति एक्सप्रेस एवं 13128 कोलकता गरीब रथ एक्सप्रेस का दानापुर स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव लेकर सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया । इस दौरान ट्रेनों के सभी आरक्षित कोचों को मुख्य रूप से वातानुकूलित कोचों को चेक किया गया। परिणामफलस्वरूप रात्रि 20.30 बजे तक 574 अनियमित/ बिना प्राधिकार वाले यात्रियों से जुमार्ने के रूप में 3,14,200/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया । इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप दानापुर स्टेशन के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं ।

# महावीर नारायण जनकल्याण चेरिटेबल ट्रस्ट की शिक्षा योजना का हुआ शुभारंभ

■ शिक्षा, कन्यादान, वाहन लोन माफी व आवास योजना से समाज में आएगी नई क्रांति

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। मधेपुरा। महावीर नारायण जनकल्याण चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किरण होटल में किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट की शिक्षा योजना सहित अन्य सामाजिक योजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार ने सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा हर व्यक्ति के जीवन की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा योजना के तहत अब बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। किसी भी कोर्स को करने पर विद्यार्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। पढ़ेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया अभियान के तहत सभी जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का लक्ष्य रखा गया है।वहीं ट्रस्ट की सीईओ एस.आर. भावना ने कहा कि बेटियां अब किसी से कम नहीं हैं। कन्यादान योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को शादी एवं शिक्षा दोनों क्षेत्रों में सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की योजनाओं का उद्देश्य समाज के युवाओं को रोजगार से जोड़ना और आत्मनिर्भर बनाना है।कार्यक्रम में वाहन लोन माफी, आवास योजना सहित अन्य सामाजिक कल्याण योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही एक बेहतर और सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

इस अवसर पर बिहार महासचिव मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. त्रिभुवन कुमार, नेशनल उपाध्यक्ष डॉ. विकास कुमार, प्रवेक्षक अरविंद यादव, जिला प्रभारी रंजीत कुमार, अजय कुमार, छोटू कुमार, रघुवर झा, टुनटुन ठाकुर, संतोष कुमार, आगेश कुमार, अश्वनी झा समेत सभी पंचायत एवं प्रखंड प्रभारी उपस्थित रहे

## हाईवे पर टक्करः दलित युवक का पैर चकनाचूर, तीन गंभीर



पीरो (आरा)। पीरो अनुमंडल के हसनबाजार थाना क्षेत्र में आराझसासाराम स्टेट हाईवे पर बुधवार की शाम दलित बस्ती के सामने तेज रफ्तार बाइक सवारों ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई।हसनबाजार निवासी विकास कुमार (35), पिता विशु मुशहर, सड़क किनारे खड़े थे तभी दो बाइक सवार युवकों ने उन्हें ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विकास कुमार का पैर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक सवार कटारिया निवासी विन्देश्वरी पासवान (70), पिता नरेश पासवान, थाना अगिआंव बाजार, तथा धावा (बिक्रमगंज) निवासी प्रशांत कुमार (40), पिता गौरी शंकर राम, सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को पीरो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. शिप्रा ने बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस दुर्घटना की जांच में जुट गई है।

## चिलोर शाखा डाकघर के द्वारा अकोथरा गाँव में एक विशेष जागरूकता कैंप का किया गया आयोजन

गया जी। चिलोर शाखा डाकघर के द्वारा अकोथरा गाँव में एक विशेष जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया है।इस कैंप में ग्रामीणों को डाकघर की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।कैंप की मुख्य उपलब्धियाँःकई लोगों ने सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया।बच्चों का आधार नामांकन/अपडेट किया गया है।डाकघर की बचत योजनाओं एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई है।इस कैंप के माध्यम से ग्रामीणों को यह बताया गया कि डाकघर केवल चिट्ठी-पत्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बचत, बीमा, बैंकिंग और आधार सेवाओं जैसी अनेक सुविधाएँ भी प्रदान करता है।सभी ग्रामवासियों का सहयोग एवं उत्साह सराहनीय रहा।

## कुलपति ने किया विश्वविद्यालय विभागों का औचक निरीक्षण

बोधगया।मगध विश्वविद्यालय अंतर्गत स्नातकोत्तर विभागों में अध्ययन अध्यापन की गतिविधियों की समीक्षा हेतु कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने बुधवार को संस्कृत, गृहविज्ञान, पीएमआईआर, फिजियोथेरेपी और राजनीति विज्ञान विभागों का औचक निरीक्षण किया है। इस अवसर पर संस्कृत विभाग में अध्यक्ष प्रो. उमेश राय, प्रो. मुनेश्वर प्रसाद, सहायक आचार्य डॉ. ममता मेहरा, डॉ. एकता वर्मा, फिजियोथेरेपी विभाग में निदेशक डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. रोहित कुमार, गृहविज्ञान विभाग में प्रभारी डॉ. दीपशिखा पाण्डेय, पीएमआईआर विभाग में अध्यक्ष डॉ. वंदना कुमारी, सहायक आचार्य डॉ. राजेश कुमार, डॉ. गजाला शाहीन, डॉ. सौरव कुमार और राजनीति विज्ञान विभाग में अध्यक्ष प्रो. अंजनी कुमार घोष, प्रो. एहतेशाम खान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे हैं।कुलपति प्रो. शाही ने कक्षाओं का भ्रमण कर अध्ययन अध्यापन की जानकारी ली है। इस दौरान मौजूद सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षकेतर कर्मियों से रूबरू हुए हैं। उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी और डॉ. अखिलेश सिंह भी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे हैं।

# औरंगाबाद में उद्योग व निवेश को नई गति को ले चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने डीएम से की मुलाकात



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिले में उद्योग स्थापना, निवेश बढ़ाने और स्थानीय व्यवसाय को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत औरंगाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता ने जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद श्रीमती अभिलाषा शर्मा (भा०प्र०से०) से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान जिले में औद्योगिक संभावनाओं, निवेश अवसरों, व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार तथा स्थानीय उद्यमियों को सहयोग देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। गौरतलब है कि औरंगाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना 28 जनवरी 2026 को हुई है, जो बियाडा से जुड़े व्यवसायियों एवं उद्यमियों के बीच समन्वय स्थापित कर जिले में औद्योगिक विकास को नई दिशा देगा। कृषि आधारित उद्योगों पर विशेष जोर

बैठक के दौरान जिले में कृषि आधारित उद्योगों की संभावनाओं पर विशेष चर्चा हुई। इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा स्ट्रॉबेरी की खेती को प्रोत्साहित करने, किसानों एवं उद्यमियों को जागरूक करने तथा स्ट्रॉबेरी आधारित व्यवसाय में निवेश बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने हेतु स्टार्टअप सेल, सिंगल विंडो सेल, कोल्ड स्टोरेज तथा फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता देने की बात कही गई, जिससे जिले में स्थानीय रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि औरंगाबाद में उद्योग एवं निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है तथा जिला प्रशासन द्वारा उद्यमियों को नियमानुसार हरसंभव सहायता दी जाएगी, ताकि जिले में औद्योगिक विकास को तेज गति मिल सके।

# 17 जिलों में लगाई गई साढ़े तीन लाख से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइट

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना के तहत राज्य की ग्राम पंचायतों में तेजी से सोलर स्ट्रीट लाइट्स का अधिष्ठापन किया जा रहा है। योजना के तहत पटना जिले की ग्राम पंचायतों में प्रदत्त लक्ष्य के विरुद्ध कुल 37,656 सोलर स्ट्रीट लाइट्स यानी 85 प्रतिशत सोलर स्ट्रीट लाइट्स का अधिष्ठापन किया गया है। इसके साथ हीं अरवल, औरंगाबाद, बांका, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, गया, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, लखीसराय, मुंगेर, नालंदा, नवादा, पटना, रोहतास और शेखपुरा जिलों की ग्राम पंचायतों में कुल 3,50,471 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाई जा चुकी हैं। ये जानकारी पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने बुधवार को समीक्षा बैठक में दी। वे इन 17 जिलों के उप - विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के साथ विभागीय कार्यों व योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उन्होंने सोलर स्ट्रीट लाइट की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत सचिव के माध्यम से स्थल निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ हीं एजेंसी द्वारा फॉल्टी लाइट्स को निर्धारित समयसीमा के अंदर ठीक नहीं करने पर अनुबंध के अनुसार जुमार्ना लगाने के लिए पदाधिकारियों को कहा।

वित्त आयोग की राशि खर्च करने में जिले असंतोषजनक, सचिव ने कार्रवाई के दिए निदेश

समीक्षा के दौरान 15वीं वित्त आयोग के लिए प्रदत्त राशि खर्च करने में- नालंदा, बक्सर, औरंगाबाद, नवादा और मुंगेर व छठे राज्य वित्त आयोग के तहत प्राप्त राशि खर्च करने में नवादा, पटना, नालंदा, गया और जहानाबाद जिलों की प्रगति सबसे अधिक असंतोषजनक पाई गई। सचिव ने इन जिलों के पदाधिकारियों को योजना में शीघ्र प्रगति लाने के लिए निदेशित किया। संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर इन जिलों में जिम्मेदार पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए जवाबदेही तय की जायेगी। विभागीय सचिव ने राज्य में निर्मित सभी पंचायत सरकार भवनों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करते के लिए विभाग द्वारा विकसित पंचायत इंस्पेक्शन मोबाइल एप्लीकेशन से स्थल निरीक्षण व जांच कराने के लिए पदाधिकारियों को निदेशित किया। ग्राम पंचायतों में संचालित आरटीपीएस केंद्र क्रियाशील रहें एवं लोगों को इनका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके यह सुनिश्चित करने के लिए भी उन्होंने नियमित समीक्षा व स्थल निरीक्षण करने कहा। बैठक में पंचायत ई- ग्राम कचहरी, लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र की भी समीक्षा की गई।

## माली एकरौंजा सड़क निर्माण के बाद तेज हुई गाड़ियों की रफ्तार

■ 20 गांव का आवागमन आसन, किसानों का भी मिली राहत

अरवल /वंशी। शहर तेलपा से खड़ासीन होते हुए डहरू बिगहा तक सड़क का निर्माण चल रहा है वहीं दूसरी सड़क माली से एकरौंजा तक का निर्माण का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। सड़क के निर्माण कार्य पूरा होने से इस पर चलने वाले तमाम वाहनों के रफ्तार तेज दिखने लगे हैं।

यह सड़क अरवल जिला के लिए काफी उपयोगी मार्ग है क्योंकि गया निकालने वालों के लिए यह रास्ता इतना आसान होगा कि मुख्य राजकीय पद है जो हैदराबाद से शिवगंज तक जाती है उसमें उपहरा तक पहुंचने में 10 किलोमीटर का अंतर हो जाएगा आरा से भी गया पहुंचने का मार्ग बहुत आसान होगा, अब काफी लोग इस मार्ग से अपनी यात्रा तय कर कम समय में गया पहुंच सकेंगे सड़क के निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, छूटा हुआ काम उसका भी निर्माण कार्य चल ही है जगह-जगह पर ट्रैक्टर चालक एवं टेंपो चालकों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि यह सड़क निर्माण हो जाने से इस क्षेत्र में लगा हुआ चिमनी भट्ठा पर काम करने में हम लोगों को आसानी हो गई है ।

लगभग इसी तरह की किसानों एवं व्यापारियों से भी सुनने को मिली शहर तेलपा से खड़ासिक तक सड़क को ठीक हो जाने के बाद दर्जनों टेंपो चालक अपना रोजगार का धंधा में बढ़ाएंगे जिसका लाभ क्षेत्रीय लोगों को काफी मिलेगा, इसी पथ पर भागवत उच्च विद्यालय शहर तेलपा स्थित है जहां प्रतिदिन 500 बच्चे 5 से लेकर 1000 तक बच्चे और विद्यालय के अध्यापन कार्य पूरा करते हैं एवं तमाम छात्रों का आवागमन लगभग अधिक से अधिक इस सड़क से होता है, स्वास्थ्य केंद्र शहर तेलपा जो इसी सड़क के किनारे स्थित है आवागमन की सुविधा हो जाने से वहां भी इलाज के लिए आने वाले लोगों के काफी सहूलियत मिलेगी कुल मिलाकर इस सड़क निर्माण से लगभग 20 गांव का आवागमन का रास्ता साफ हो गया । इससे स्थानीय लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल पाएगा।

# चित्रकूट विश्वविद्यालय में सम्मानित हुए डा अनिल सुलभ

## हिन्दी के विद्यार्थियों को बताया ज्ञान और सेवा का महत्त्व

प्रातः किरण संवाददाता



चित्रकूट । बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ का बुधवार को चित्रकूट स्थित, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय द्वारा सम्मान किया गया। विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित एक समारोह में विभाग के अध्यक्ष डा शांति कुमार दूबे ने डा सुलभ का सम्मान करते हुए, उन्हें सर्वाधिक सक्रिय हिन्दी-सेवी विद्वान बताया। डा सुलभ ने विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण-शिविर को भी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया तथा युवाओं को उनकी ज्ञान-शक्ति और ऊर्जा-शक्ति से भी अवगत कराया। उन्होंने संस्कृत के एक नीति-श्लोक को उद्धृत करते हुए कहा कि यह माना जाता है कि यौवन, धन-संपत्ति, प्रभुता और अविवेक में से प्रत्येक अनर्थ कारी है और यदि चारों एक ही स्थान पर एकत्र हो जाएं तो क्या परिणाम होगा!

लेकिन इन चारों में प्रथम तीन में से कोई अनर्थकारी नहीं है। बल्कि तीनों महान शक्तियाँ हैं, जिनसे बड़े-बड़े कार्य संपन्न किए जा सकते हैं। किए जाते रहें हैं और किए जाते रहेंगे। अनर्थकारी केवल चौथा, अर्थात अविवेक है । यह यदि उन तीनों में से किसी भी एक से मिलता है तो उसे घोर अनर्थकारी बना देता है । सदविद्या मनुष्य को ज्ञानी, विनम्र और विवेकवान बनाती है, जो मनुष्यता के लिए परम आवश्यक है। सेवा की भावना, मनुष्य को कल्याणकारी और यशस्वी बनाती है। युवा जब ज्ञान और सेवा का व्रत लेंगे तभी भारत स्वस्थ, सबल और उन्नत होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राँची विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो जंग बहादुर पाण्डेय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा में वायु का वेग होता है। युवा-शक्ति को दिशा मिल जाए तो कुछ भी असंभव नहीं रहता। युवाओं को अपनी शक्ति और उसके सदुपयोग की विधि जाननी चाहिए।

अतिथियों का स्वागत और संचालन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डा शांति कुमार दूबे ने तथा धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभाग की अध्यक्ष प्रो प्रमिला मिश्र ने किया। इस अवसर पर सुख्यात कवि डा संतोष कुमार मिश्र तथा प्रधानाध्यापिका अर्चना समेत बड़ी संख्या में हिन्दी के विद्यार्थी और सेवा योजना के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# निबंधन के पूर्व जमीन की अद्यतन जानकारी देख सकेंगे आवेदक

● ई-निबंधन पोर्टल के जरिये मिलेगी जानकारी

पटना। राज्य में अब जमीन दस्तावेज निबंधन की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग अब जमीन के निबंधन और दाखिल-खारिज से पूर्व खरीदार-विक्रेता को भूमि की पूर्ण अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएगा। यह नई व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होगी। विभाग का उद्देश्य है कि सात निश्चय-3 के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान पहल के अंतर्गत प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया सुगम की जाए। इसके साथ हीं भूमि अंतरण के दौरान अनावश्यक कानूनी झंझटें कम हों और अधूरी जानकारी के कारण उत्पन्न होने वाले विवादों की भी रोकथाम हो सके। यह सुविधा ई-निबंधन पोर्टल पर दी जाएगी। इसके लिए आवेदक को ई-निबंधन पोर्टल पर अकाउंट बनाकर लॉग इन करना होगा। इसके बाद भूमि से जुड़ी 13 महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज करनी होंगी, जिसमें निबंधन कार्यालय का नाम, अंचल, मौजा, थाना संख्या, खाता संख्या, खेसरा संख्या, रकबा, चौहद्दी, जमाबंदी संख्या, जमाबंदी धारक का नाम, क्रेता-विक्रेता का नाम और भूमि का प्रकार शामिल है।विभाग ने बताया कि निबंधन से पहले आवेदक को विकल्प मिलेगा कि वह भूमि की अद्यतन जानकारी प्राप्त करना चाहता है या नहीं। यदि विकल्प हां चुना जाता है, तो जानकारी संबंधित अंचल अधिकारी/ राजस्व अधिकारी को भेजी जाएगी और सूचना दोनों पक्षों को एसएमएस से मिलेगी। अंचल अधिकारी 10 दिनों के भीतर अद्यतन जानकारी अपलोड करेंगे, अन्यथा आवेदक द्वारा दी गई जानकारी पूर्ण मानी जाएगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496